दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 213 | जयपुर | शनिवार, 07 जून, 2025 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



## पीएम ने तिरंगा लहराकर चिनाब आर्च ब्रिज का उद्घाटन किया

### पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया, हमने उस पर कयामत बरसा दी...

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को पहलगाम हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने यहां के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया। इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई।


मोदी ने कटरा में 42 मिनट का भाषण दिया। इसमें आतंकवाद, पाकिस्तान और कश्मीर के टूरिज्म का जिक्र किया। पीएम ने कहा, दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी।

#### चिनाब आर्च ब्रिज खास क्यों है, वीडियो से समझिए

चिनाब आर्च ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बना है। इसे 2003 में मंजूरी मिली थी। शुरुआती प्लान के मुताबिक इसे 2009 तक तैयार हो जाना था, लेकिन इसे पूरा होने में 22 साल लग गए। यह सवा किमी से ज्यादा लंबा है और नदी से ऊंचाई 359 मीटर है। यह पेरिस के एफिल टावर (330 मीटर) से 29 मीटर ऊंचा है। लागत 1486 करोड़ रुपए है।

#### देश के पहले केबल स्टे अंजी ब्रिज का भी उद्घाटन

पीएम ने मोदी ने अंजी खड्ड पर बना भारत का पहला केबल स्टे रेल ब्रिज का भी उद्घाटन किया। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है जो रियासी जिले के कटरा को बनिहाल से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किमी है। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है।



## सीएम अब्दुल्ला बोले- मोदी ही जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य बनाएंगे

### कहा- जो अंग्रेज नहीं कर पाए पीएम ने कर दिखाया

श्रीनगर। बढ़ता राजस्थान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- मुझे विश्वास है कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों फिर से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा।

रेल प्रोजेक्ट के बारे में उन्होंने कहा- मोदी साहब इस रेल के ख्वाब बहुत लोगों ने देखे। कश्मीर को बाकी मुल्क से साथ जोड़ने का ख्वाब अंग्रेजों ने भी देखा था, लेकिन वो पूरा नहीं कर पाए। आज जो काम अंग्रेज पूरा नहीं कर पाए, आपके हाथों पूरा हुआ। कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से जुड़ गया।

उमर बोले- जम्मू-कश्मीर यूटी बना तो मेरा डिमोशन हो गया सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा- मुझे जम्मू-कश्मीर में कई रेलवे परियोजनाओं में प्रधानमंत्री के साथ जुड़ने का सौभाग्य मिला है। सबसे पहले, जब अनंतनाग रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था। दूसरा, जब बनिहाल रेलवे सुरंग का उद्घाटन किया गया था। 2014 में जब कटरा रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था, तब भी यही चार लोग (पीएम मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह) यहां मौजूद थे। उन्होंने आगे कहा- आप पहली बार पीएम बने थे और यहां आए थे। उस समय हमारे गवर्नर साहब रेल राज्य मंत्री हुआ करते थे। माता की कृपा से उनका प्रमोशन हुआ और मेरा डिमोशन हुआ। मैं राज्य का मुख्यमंत्री था, अब केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। लेकिन मैं मानता हूं कि ज्यादा समय नहीं लगेगा। आप (पीएम मोदी) ही के हाथों से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलेगा। उमर ने कहा- वाजपेयी ने रखी रेल प्रोजेक्ट की नींव कार्यक्रम के दौरान उमर अब्दुल्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। उन्होंने कहा- अगर मैं वाजपेयी साहब को इस मौके पर शुक्रिया नहीं करूं तो यह बड़ी भूल होगी। इस प्रोजेक्ट की बुनियाद 1983-84 में उन्हीं ने रखी थी। उमर ने बताया कि मैंने पिछले दिनों मीडिया को हंसते हुए कहा था कि जब ये प्रोजेक्ट शुरू हुआ मैं 8वीं क्लास का बच्चा था। आज मेरी उम्र 55 हो चुकी है, मेरे बच्चे भी कॉलेज पास कर चुके हैं। अब जाकर ये प्रोजेक्ट पूरा हुआ। यह तब हुआ जब वाजपेयी साहब ने प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा दिया। बजट में इसका प्रावधान दिया।

## एलन मस्क को भारत में बड़ी कामयाबी, स्टारलिंक को मिला लाइसेंस




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क को भारत में एक बड़ी कामयाबी मिली है। एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को टेलिकॉम मिनिस्ट्री से एक प्रमुख लाइसेंस मिल गया है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने यह बात रॉयटर्स को बताई है। लाइसेंस मिलने के साथ ही सैटेलाइट इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली स्टारलिंक के लिए एक बड़ी बाधा दूर हो गई है और यह भारत में अपने ऑपरेशंस के कमर्शियल लॉन्चिंग के करीब जा पहुंची है।

लाइसेंस पाने वाली तीसरी कंपनी- स्टारलिंक, डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकम्युनिकेशंस से लाइसेंस पाने वाली तीसरी कंपनी बन गई है। इससे पहले, डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकम्युनिकेशंस ने यूटेलसैट के वनवेब और रिलायंस जियो को भारत में सर्विसेज उपलब्ध कराने के लिए लाइसेंस दिया है। फिलहाल, स्टारलिंक और डीओटी दोनों ने इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। स्टारलिंक भारत में कमर्शियली ऑपरेट करने के लिए साल 2022 से लाइसेंस का इंतजार कर रही है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं समेत कई कारणों की वजह से इसमें देरी हुई है। अमेजन का कुइपर अब भी अपने इंडिया लाइसेंस का इंतजार कर रहा है। कंपनी को जल्द जारी किए जाएंगे ट्रायल स्पेक्ट्रम-डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकम्युनिकेशंस ने एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन बाय सैटेलाइट परमिट जारी किया है। साथ ही, आने वाले दिनों में कंपनी को ट्रायल स्पेक्ट्रम भी इश्यू किए जाएंगे।

## बेंगलुरु भगदड़- कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने विक्ट्री परेड की परमिशन ली थी

### हाईकोर्ट में बताया- गेट पर भी कंट्रोल करने की जिम्मेदारी आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की थी

बढ़ता राजस्थान



**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** बेंगलुरु भगदड़ मामले में शुक्रवार को बड़ा खुलासा हुआ। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने राज्य सरकार को लेटर लिखकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु खिलाड़ियों के लिए विक्ट्री परेड की इजाजत मांगी थी।

पीटीआई ने एसोसिएशन का लेटर देखने का दावा किया है। इसके मुताबिक, क्रिकेट एसोसिएशन ने 3 जून को सिद्धारमैया सरकार को लेटर लिखा था। इसमें कहा गया कि इवेंट मैनेजमेंट कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क कार्यक्रम आयोजित करेगी और सभी इंतजाम भी वही देखेगी। एसोसिएशन ने मामले में अपने खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद शुक्रवार को कर्नाटक हाईकोर्ट का रुख किया था। क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रघुराम भट, सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ई एस जयराम ने याचिका में दावा किया कि भीड़ को मैनेज करना आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की थी। कर्नाटक हाईकोर्ट ने एसोसिएशन के अफसरों को 16 जून को अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी से राहत दे दी है। एसोसिएशन ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द कराने की मांग की है। कर्नाटक सरकार ने एडीजीपी , आरसीबी और डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बाद अधिकारियों की गिरफ्तारी के आदेश दिए थे।

#### भगदड़ मामले के अपडेट्स-

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने पॉलिटिकल सेक्रेटरी के. गोविंदराज को बर्खास्त कर दिया। सूचना विभाग के प्रमुख हेमंत निंबालकर का ट्रांसफर कर दिया गया है। बेंगलुरु के एडीजीपी इंटेलिजेंस हेमंत एम निंबालकर का ट्रांसफर किया गया। आईपीएस रवि एस. उनकी जगह लेंगे। भगदड़ में घायल 25 साल के रोलन गोम्स ने कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन मे आरसीबी, एसोसिएशन और डीएनए एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

## बीजापुर में मुठभेड़... 25 लाख का इनामी नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने 25 लाख रुपए के इनामी नक्सली भास्कर (45) को भी मार गिराया है। दोनों तरफ से भारी गोलीबारी हुई। जवानों ने भास्कर के शव के साथ ही ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए हैं। मुठभेड़ इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में हुई। भास्कर मंचेरियल कोमाराम भीम (एमकेबी) डीवीसी का सदस्य और सचिव था। आंध्रप्रदेश के आदिलाबाद का रहने वाला था। इसके पहले 1 करोड़ का इनामी नक्सली सुधाकर भी मारा गया है। सुधाकर नक्सलियों के शिक्षा विभाग का इंचार्ज था। आंधप्रदेश के चिंतापालुदी गांव का रहने वाला था। वहीं दंतेवाड़ा में 2 इनामी समेत 7 नक्सलियों ने सरेंडर किया है।

इनमें जुगलू उर्फ सुंडुम कोवासी (50 हजार इनामी), दशा उर्फ बुरकू पोड़ियाम (50 हजार इनामी), भोजा राम माड़वी, लखमा उर्फ सुती उर्फ लखन मरकाम, रातू उर्फ ओठे कोवासी, सुखराम पोड़ियाम और पंडरू राम पोड़ियाम शामिल हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक फोर्स सर्चिंग पर निकली थी। इसी दौरान घात लगाए बैठे नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने भी गोलीबारी की।

## पायलट बोले- बीजेपी की डबल-इंजन सरकार केवल धुआं फेंक रही

### सरकार में बैठे लोगों तक के काम नहीं हो रहे, अफसर मनमानी कर रहे...



**जयपुर/टोंक।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा है। पायलट ने कहा है कि बीजेपी की डबल इंजन की सरकार केवल धुआं फेंक रही है। बीजेपी के पिछले डेढ़ साल के कार्यकाल से लग रहा है कि पिछली कांग्रेस सरकार में किये गये कामों की देखरेख भी वर्तमान बीजेपी सरकार ठीक तरीके से नहीं कर पा रही है।



# बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन पर निकाली विजयी रैली

## विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर प्रतिभाओं को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**साहवा (कृष्ण कुमार)।** कस्बे में संचालित महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बेहतरीन रिजल्ट दिया। प्रतिभावान विद्यार्थियों के स्वागत में विद्यालय द्वारा स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया तथा भव्य विजय रैली निकालकर जश्न मनाया गया। शुक्रवार को हुए समारोह की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य केदारमल आसेरी के स्वागत भाषण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयरमैन करमचंद नैण, विशिष्ट अतिथि विद्याधर पारीक, महेंद्र खान कुम्हार, राजकमल लमानी, रोहिताश सैनी, दारासिंह सोनी, शिवनारायण मुंदलिया आदि थे। मुख्य अतिथि कर्मचंद नैण ने कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।

हमारे छात्रों ने न केवल उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं बल्कि उन्होंने यह भी साबित कर दिखाया कि कड़ी मेहनत और लगन से कुछ भी असंभव नहीं है। समारोह में उन सभी छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल नतीजा प्राप्त किया। प्रत्येक छात्र को साफा और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के विकास अग्रवाल, निर्मल सरावगी, शिवनारायण मुंदलिया, दारासिंह सोनी, नरेश पारीक, किशनसिंह, महिपाल सिंह आदि ने छात्रों को सम्मानित करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं । समारोह को संबोधित करते हुए विद्याधर पारीक ने कहा कि शिक्षा ही प्रगति की कुंजी है और छात्रों को अपने ज्ञान का उपयोग देश के विकास के लिए करना चाहिए। उन्होंने प्रत्येक छात्र को स्टडी टैबल एवं श्रीमद्भागवत गीता की पुस्तक भेंट की। रोहिताश सैनी ने प्रत्येक छात्र को चांदी का पैन भेंट किया, वहीं सेवानिवृत्त शिक्षक मारूति लम्मानी ने हर छात्र को नगद दो सो रूपए पुरस्कार स्वरूप भेंट किया। भूगोल व्याख्याता रूपनाथ भाटी एवं गणित के वरिष्ठ अध्यापक बजरंगलाल सैनी को बेहतरीन परिणाम रखने पर अभिभावकों ने साफा पहनाकर सम्मानित किया । सुबह विद्यालय प्रांगण से एक शानदार विजय रैली भी निकाली गई। छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक इस रैली में भाग लिया। डीजे के साथ छात्र-छात्राएं अपनी सफलता का जश्न मनाते हुए चल रहे थे। विजयी रैली विद्यालय के आसपास के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहाँ कस्बेवासियों ने छात्रों का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर बाहेती, सोमवीर सिंह, रूपनाथ भाटी, मदनसिंह राठौड़, मनोज कुमार मीणा, राजेश सहारण, गौरीशंकर धेतरवाल, मनीष शर्मा, माल्टा कुमारी, मैनावती, सरोज पिलानिया, रेणु शर्मा सहित समस्त विद्यालय कार्मिक उपस्थित रहे। समारोह का संचालन वरिष्ठ अध्यापक राजेश कलिया ने किया।

**इन बच्चों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन :** विद्यालय के कक्षा 10 के छात्रों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में असाधारण परिणाम प्राप्त किए हैं। जिससे आईना सोनी ने 96.33प्रतिशत ज्योत्स्ना पारीक ने 95.83प्रतिशत रोमित सरावगी 92.33% कृष्ण गोपाल ने 90.83प्रतिशत, संदीप सिंह ने 90.67 प्रतिशत एवं विनीता कंवर ने 89.67प्रतिशत अंक अर्जित किए। 12 वीं बोर्ड परीक्षा में निशा सांडेला ने 89.20प्रतिशत डिम्पल सोनी ने 83.80प्रतिशत एवं सुनीता ने 80.20प्रतिशत अंक हासिल कर शानदार परीक्षा परिणाम दिया।



# हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व होता है : कमलेश पारीक

## निर्जला एकादशी पर राहगीरों को पिलाई शरबत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** निर्जला एकादशी पर शुक्रवार को बस स्टेंड के पास केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश पारीक के नेतृत्व में शुभ मेडिकल पर राहगीरों को शरबत पिलाई गई। वहीं शहर में दिन भर सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा विभिन्न स्थानों पर राहगीरों को ठंडाई, मैंगो शेक, शर्बत, शिकंजी, छाछ के स्टॉल लगाए गए। महिलाओं ने भी निर्जला एकादशी का व्रत रखकर सामूहिक कथा की। शहर के मन्दिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता देखा गया। कमलेश पारीक ने कहा कि हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व होता है। एकादशी का व्रत भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-आराधना के लिए समर्पित होता है। एकादशी पर पूरे दिन व्रत रखते हुए भगवान विष्णु का नाम और उनके मंत्रों का जाप करने का विशेष महत्व है। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि सभी एकादशियों में सर्वश्रेष्ठ है। इस एकादशी को निर्जला और भीमसेनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर ब्रजमोहन अग्रवाल, ओम प्रकाश प्रजापत, गोपाल कृष्ण पारीक, मोहित सैनी,धर्म सिंह गुर्जर , अभिषेक पारीक, विकाश कसाना कांटोली, गणेश चौधरी,अंकित प्रजापत अनेक लोग मौजूद थे।

# दानदाता कौशल्या देवी धानुका ने गौशाला में भेंट की गाड़ी



बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** कस्बे की बेटी कौशल्या देवी धानूका निवासी बीकानेर ने अपने पति चिरंजीलाल धानूका की स्मृति में निर्जला एकादशी के मौके पर कस्बे की श्री कृष्ण गौशाला टाटा कंपनी की एक गाड़ी भेंट की। शुक्रवार को गौशाला प्रांगण में हुए कार्यक्रम में चामुडा माता मन्दिर के पुजारी दीनदयाल जोशी ने गाड़ी की पूजा अर्चना करवाई। गौशाला परिसर में हुए कार्यक्रम में नगरपालिका चैयरमेन कर्मचंद नैण, गौशाला संरक्षक विद्याधर पारीक, राजकीय पशु चिकित्साल्य के प्रभारी डॉ0 श्रवण कुमार स्वामी, मारूती लमाणी सहित अनेक वक्ताओं ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की गौ सेवा से बढ़कर कोई सेवा नही है उन्होने कहा की समाज में दानदाताओं की कोई कमी नही है। गौशाला में गाड़ी भेंट करने पर उपस्थित जनों ने धानुका परिवार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गौशाला के अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल द्वारा वित्तीय वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। गौशाला अध्यक्ष ने कहा कि इस गाड़ी के माध्यम से घर-घर जाकर गौवंश के लिए रोटी, अनाज आदि संग्रहण किया जा सकेगा। गाड़ी की पूजा अर्चना करने के बाद गौशाला के पदाधिकारियों व कस्बेवासियों ने इसे रवाना किया। इस मौके पर केशरीचंद धूंधावत, लालचंद बंसल, शीतल सरावगी, समाजसेवी महेन्द्र खांन कुम्हार, अशोक कुमार सोनी, विकास अग्रवाल, रूपाराम गोदारा, प्रभुदयाल सांकरोत, लीलाधर जोशी, जोधराज सैनी, कपील बंसल, रावतमल पंचारिया, मालचंद प्रिगावत, रामस्वरूप जोशी ,रोहिताश सैनी, रामावतार जोशी, रोहिताश बाल्मिकी, हिरालाल मुंदलिया, दुर्गेश उपाध्याय, महावीर खाती, दुर्गादत्त जोशी, भानीराम जोशी सहित अनेक गौ भक्त व कस्बेवासी मौजूद रहे।

# वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान का किया शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** कस्बे में वंदे गंगा -जल संरक्षण जन अभियान का हुआ शुभारंभ किया गया। गुरूवार को चैयरमेन कर्मचंद नैण की अध्यक्षता में नगरपालिका भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता राकेश जांगिड़ थे। वही तारानगर नगरपालिका के ईओ अजय प्रताप ने कस्बे की नगरपालिका का अतरिक्त प्रभार ग्रहण किया। कार्यक्रम के सम्बोधित करते हुए ईओ अजय प्रताप ने वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के बारें में जानकारी देते हुए कहा की हम प्रकृति व जल संरक्षण के माध्यम से ही हमारी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य दे सकते है। वही चैयरमेन नैण ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप हर घर - हर व्यक्ति को जल संरक्षण का संकल्प लेना होगा,अपने घरों में कुण्ड, टांकों,जोहड़ आदि से ही जल संचय का संकल्प लेकर प्रतिबद्धता दिखानी होगी। मुख्य अतिथि जांगिड़ ने कहा कि हमने जल संसाधनों के बहुतायत में दोहन से मानवता को काफी नुकसान पहुंचाया है। यदि हमारी लापरवाही से पानी समाप्त होगा तो आने वाली पीढ़िया हमें कोसेंगी। इसलिए हम कृषि, दैनिक गतिविधियों व विभिन्न कार्यों में जल का मितव्ययता से उपयोग करें तथा भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण की शपथ लें। ईओ प्रताप ने कहा की कस्बे की नव गठित नगरपालिका का कार्य शिघ्र शुरू कर लोगो के रूके पड़े कार्यो का निस्तारण किया जाएगा।

इस मौके पर वाईस चैयरमेन नौरंगलाल सैनी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष महेन्द्र खान कुम्हार, प्रमोद उपाध्याय, युवा नेता भाजपा नवल दूदाणी, अमित शर्मा, केशरीचंद धूंधावत, वासूदेव वर्मा,मोहनलाल स्वामी, पार्षद गिरधारी लाल लमाणी, नरेन्द्र रेगर,भंवरलाल स्वामी, संदीप पारीक, सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी। नगरपालिका के ईओ के पद ग्रहण करने पर चैयरमेन नैण तथा वाईस चैयरमेन सैनी ने गुल्दस्ता भेंट कर सम्मानित किया।

# निर्जला एकादशी पर पिलाया शरबत

बढ़ता राजस्थान




**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** निर्जला एकादशी पर शुक्रवार को कस्बे में जगह - जगह मीठे पानी की छबीले लगाई गई।निर्जला एकादशी पर कहीं शरबत तो कहीं जूस तो कहीं आईसक्रीम वितरण की गई।प्रभात कालोनी के तारावाली स्थित हनुमान मन्दिर में संकटमोचन सेवा समिति व कॉलोनिवासियों द्वारा राहगीरों को शरबत पिलाया गया। इस दौरान राजेंद्र सिंह जाट महेंद्र कपिल गोयल विजय टॉक पंकज गुप्ता पवन गोयल कैलाश राठी गोपाल मीणा बजरंग सैनी लल्लू गिरधारी मीणा नरेश मिस्त्री विपिन गंगावत सुरेश दीवान कैलाश दयाराम ठेकेदार सहित अनेक लोगों को उपस्थित रहे।

# आरजीएचएस में हो रहे फर्जीवाड़े को लेकर औषधि नियंत्रण अधिकारियों ने ली बैठक, सभी मेडिकल स्टोर पर कैमरे लगने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** औषधि नियंत्रक राजस्थान के निर्देशों की पालना में आरजीएचएस लाइसेंस विक्रेता फर्मो की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमे आरजीएचएस में हो रही धांधली और मिल रही शिकायतों से अवगत कराया गया। साथ ही सभी मेडिकल स्टोर पर कैमरे लगाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सभी विक्रेता फर्मो को ब्रांडेड दवाइयों को जेनेरिक दवाइयों से बदल कर देना, औषधि की सेल मात्रा का खरीदी गई मात्रा से ज्यादा पाया जाना या बिना औषधि खरीदे ही औषधियों को विक्रय कर पोर्टल पर अपलोड करना, डॉक्टर द्वारा लिखी गयी औषधि मात्रा को ज्यादा या कम देना, डॉक्टर की पर्ची में मात्रा का मेनुपुलेशन करना, आरजीएचएस पेशेंट्स को दवा देने से इंकार करना इत्यादि को नियमो के विरुद्ध बताया गया एवं किस तरह से राज कोष में होने वाले गबन से अवगत कराया गया। साथ में ही औषधि नियंत्रण विभाग के सहायक औषधि नियंत्रक प्रहलाद मीणा, औषधि नियंत्रण अधिकारी प्रवीण चौधरी, विनय विजय द्वारा की जाने वाली कार्यवाही से अवगत करते हुए बताया की जिला कलेक्टर के निर्देशों की पलना में जिले की सभी औषधि विक्रेता फर्म पर कैमरे लगाना आवश्यक है। औषधि नियंत्रक विभाग द्वारा निरीक्षण के दौरान दुकानों पर कैमरे चेक किए जायेंगे। कैमरे नहीं लगाने पर कार्यवाही की जाएगी। आरजीएचएस से अनुमोदित कोई भी औषधि विक्रेता फर्म राज कोष में गबन में लिप्त पाई गई तो उसका लाइसेंस अगले रिन्यूअल तक सस्पेंडेड करना, लाइसेंस कैंसिल करना, फार्मासिस्ट का रजिस्ट्रेशन फार्मेसी कौंसिल से निरस्त करवाना जैसी कार्यवाही की जाएगी। साथ में ही बैठक के दौरान बताया कि एआई ने भी अपना काम पोर्टल पर शुरू कर दिया है, जो कि डॉक्टर की पर्ची से लेकर औषधि की मात्रा तक को स्कैन कर रहा है।

औषधि विभाग से निर्देश दिए की जब भी कोई विक्रेता फर्म आरजीएचएस पेशेंट को दवा दे तो अपने मेडिकल स्टोर की मोहर अवश्य लगे ताकि दूसरी बार डॉक्टर की पर्ची पोर्टल पर अपलोड न हो सके।

इस दौरान केमिस्ट एसोसिएशन जिला अध्यक्ष मोहन आहूजा, आरजीएचएस एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष विवेक विजयवर्गीय, केमिस्ट एसोसिएशन निवाई अध्यक्ष कमलेश पारीक, मालपुरा अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता सहित 43 विक्रेता फर्म के मालिक उपस्थित हुए।

# भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए परिंडा अभियान

## माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति का सराहनीय प्रयास

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति द्वारा नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र में भीषण गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए परिंडा लगाओ - परिंदा बचाओ अभियान निरंतर संचालित है। इसी क्रम में पालिका क्षेत्र के टसकोला रोड़ स्थित भौमिया बाबा मंदिर में प्रागपुरा के सेवादास महाराज के सान्निध्य में एनजीओ संरक्षक पंडित द्वारकेश मिश्र और रमेश टीलावत के नेतृत्व में पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए गए और अन्य जीव-जन्तुओं के लिए भी पानी की टंकियां रखी गई। एनजीओ अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने बताया कि यह अभियान करीब डेढ़ माह से लगातार सुचारू रूप से संचालित है और आमजन का भी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य पक्षियों और अन्य जीव-जन्तुओं को पानी उपलब्ध कराना है, जो भीषण गर्मी के मौसम में उनकी जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान पूर्व पंच महावीर यादव, समाज सेवी कैलाश शर्मा, रामकरण राठी समेत अन्य लोगों ने समिति के इस प्रयास की सराहना की और सामाजिक सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

सेवादास महाराज ने कहा कि यह अभियान न केवल पक्षियों की जीवन रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का भी एहसास कराता है। मोहन लाल सैनी ने कहा कि समिति का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और वे आमजन से इसमें सहयोग की अपील करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर पक्षियों और अन्य जीव-जन्तुओं की जीवन रक्षा के लिए काम करना चाहिए और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना चाहिए।

# ऐश्वर्या कॉलेज, उदयपुर में सिविल डिफेंस टीम द्वारा डिजास्टर मैनेजमेंट पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर (नि.स.)।** ऐश्वर्या कॉलेज में जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय, उदयपुर के सहयोग से एक दिवसीय डिजास्टर मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में सिविल डिफेंस के प्रशिक्षक रवि शर्मा और उनकी टीम द्वारा कॉलेज के विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान दिया गया, साथ ही उन्हें प्रशिक्षण भी करवाया गया। टीम के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा देना, आग से बचाव, घायल व्यक्ति को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना, तथा अन्य बचाव तकनीकों का अभ्यास किया। सिविल डिफेंस टीम ने यह भी बताया कि यदि कोई आपदा जैसे भूकंप, बाढ़ या अग्निकांड आ जाएं तो व्यक्ति कैसे स्वयं सुरक्षित रह सकता है और दूसरों की मदद कर सकता है। छात्रों को समूह में कार्य करने, सहयोग और त्वरित निर्णय लेने के महत्व को भी समझाया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ ऋतु पालीवाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की क्षमता विकसित करते हैं। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और व्यवहारिक अनुभव प्राप्त किया।

# निर्जला एकादशी पर राहगीरों को पिलाया आम का जूस और शरबत

बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** कस्बे में निर्जला एकादशी का पर्व बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ स्थानीय मंदिरों में उमड़ने लगी, जहां विशेष पूजा-अर्चना, व्रत व भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं लोगों ने गौशाला में गायों को हरा चारा, तरबूज आदि खिलाकर दान पुण्य किया। सीएचसी के सामने लालचंद बंसल और विकास अग्रवाल आदि द्वारा राहगीरों को आम का जूस पिलाया गया। यहां से गुजर रहे राहगीरों ने जूस पीकर गला तर किया। इस तरह मुख्य बाजार में मंगेजसिंह बालोपिता, सुनील धुंधावत, अनिल स्वामी, मुकेश कुमार, कृष्णलाल बोहरा, हनुमान सांकरोत, भानीराम, भूराराम आदि ने राहगीरों की सेवा में शर्बत पिलाकर पुण्य किया।

# पंडित मुकेश गौतम के जन्मदिन पर सैकड़ो अनुयायियों ने उन्हें शुभकामनाएं भेंट की



बढ़ता राजस्थान

देवली (गोविंद सिंह सेठी)। शहर के भगवान गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम का जन्मदिन अनुयायियों ने खुशियों के साथ मनाया इस अवसर पर अनुयायियों ने भगवान गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम को शुभकामनाएं भेंट की और उनसे आशीर्वाद लिया । शुक्रवार को शहर के भगवान गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम के जन्मदिन पर सभी वर्ग के अनुयायियों ने उन्हें अपनी तरफ से बारी बारी मालाऐ पहना कर जन्मदिन की शुभकामनाएं भेंट की और उनसे आशीर्वाद लिया।इस मौके पर, भगवान गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम ने सभी अनुयायियों का आभार प्रकट करते हुए और उन्हें उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर देवली उपखंड के दूनी नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अतुल पारासर,विष्णु शर्मा सुरेंद्र सिंह सहित दर्जनो अनुयाई उपस्थित हुए।

# खाटू श्याम मंदिर में निर्जला एकादशी पर दर्शनों के लिए उमडा भक्तों का जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान

हिंडौन सिटी(अंशु गुप्ता)। मोहन नगर स्थित श्री श्याम मंदिरसेवा धाम में निर्जला एकादशी पर श्याम भक्तों की भीड़ उमड़ी मंदिर में बाबा श्याम का कई प्रकार के फूलों की मालाओं से श्रृंगार किया। मंदिर में सुबह मंगला आरती के दौरान भी काफी भीड़ रही। दूरदराज क्षेत्रों से डीजे के साथ पदयात्रा पहुंची। मंदिर के प्रवेश और निकास के लिए द्वार पर मंदिर कमेटी द्वारा गुब्बारे से इत्र की वर्षा की गई और मंदिर परिषद में कुलर भी लगाए गए। इस दौरान मंदिर मे श्याम बाबा के जयकारों से गूंज उठा। मंदिर के सभी मार्गों पर शाम तक श्रद्धालुओं की चहल पहल बनी रही। मंदिर के बाहर खेल खिलौने, प्रसाद की दुकानों पर जमकर भीड़ रही।

# मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत प्रथम वातानुकूलित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## वरिष्ठजन समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ, राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों का जीवन बेहतर बनाने के लिए कृत संकल्पित, सनातन संस्कृति को जोड़ने में तीर्थ स्थलों की बड़ी भूमिका : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को फीता काटकर वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2025-26 का शुभारंभ किया। साथ ही, योजना के तहत प्रथम वातानुकूलित 'राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन' को दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस एसी ट्रेन से वरिष्ठ नागरिकगण रामेश्वरम एवं मदुरई के तीर्थ स्थलों की यात्रा करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर उनकी सुगम एवं सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठजन हमारे लिए एक अमूल्य धरोहर और समाज का एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। इनके अनुभव और आदर्श हमें जीवन में सही राह पर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना जीवन भर समाज एवं राष्ट्र की सेवा करने वाले वरिष्ठ जनों की सेवा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक भाव है।

**तीर्थ स्थलों का समाज में भाईचारा बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान :** शर्मा ने कहा कि देश के तीर्थ स्थल सनातन संस्कृति को जोड़ने का काम करते है। साथ ही, समाज में भाईचारा बढ़ाने में भी इन स्थलों का बड़ा योगदान है। जगद्गुरू शंकराचार्य ने इनके महत्व को जाना और देश के चार भागों में चार धाम की स्थापना की। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के मन में यह इच्छा रहती है कि वह अपने जीवनकाल में महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों की यात्रा करें, वरिष्ठजनों के मन में पावन धामों के दर्शन करने की इच्छा से प्रेरित होकर यह तीर्थयात्रा योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान सभी तीर्थ यात्रियों को राज्य सरकार द्वारा भोजन, ठहरने की सुविधा सहित सभी आवश्यक सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी।

**प्रधानमंत्री से देश की समृद्ध विरासत को मिली नई ऊर्जा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 के बाद देश की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाने के लिए अनेक कार्य किए है। उनके नेतृत्व से देश में सनातन संस्कृति को एक नई ऊर्जा मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सोमनाथ का विकास, महाकाल के महालोक का निर्माण, केदार घाटी का पुनर्निर्माण जैसे अनेक काम किए है। साथ ही, श्री मोदी द्वारा अयोध्या के भव्य मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई।

**राज्य सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के हित में लिए अनेक फैसले :** शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत इस साल 50 हजार वरिष्ठजनों को पहली बार एसी ट्रेनों से 13 विभिन्न तीर्थस्थलों की यात्रा करवाई जा रही है। साथ ही, लगभग छह हजार श्रद्धालुओं को हवाई जहाज से नेपाल में भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन करवाए गए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य एवं राज्य के बाहर देवस्थान विभाग द्वारा प्रबंधित 593 राजकीय मंदिरों की मासिक भोग राशि में वृद्धि, विभिन्न मंदिरों में उत्सव मनाना, मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं जनसुविधाओं के विकास कार्य सहित अनेक काम किए है। इस अवसर पर देवस्थान मंत्री श्री जोराराम कुमावत, सांसदगण श्री मदन राठौड़ और श्रीमती मंजू शर्मा, जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि , बड़ी संख्या में तीर्थयात्री और उनके परिजन उपस्थित रहे।



# नामदेव दर्जी समाज के 25 सदस्यों के दल ने किए चारधाम यात्रा के दर्शन

## चार धाम की यात्रा का रामाज रिसॉर्ट पर हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** नामदेव टांक चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष महावीर कुमार टेलर (रामाज ग्रुप्स)और उपाध्यक्ष गिरधारी लाल टेलर व महासभा की प्रांतीय अध्यक्ष शकुंतला टेलर के नेतृत्व में नामदेव दर्जी समाज का 25 सदस्यों का दल 25 मई को जयपुर मोती डूंगरी गणेश जी के दर्शन कर यात्रा के लिए रवाना हुआ था। सामाजिक कार्यकर्ता गिरधारी लाल टेलर ने बताया की यात्रा दल हरिद्वार होते हुए यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ के दर्शन करने के बद्रीनाथ धाम के दर्शन कर भारत का प्रथम गांव माणा गांव घूम कर कतार्थ हुआ। अखिल भारतीय नामदेव टांक क्षत्रिय महासभा के पूर्व अध्यक्ष अनुराग रूनवाल ने बताया की आज यात्रा दल का जयपुर लौटने पर रामाज पैलेस कोथून में जिला जज सत्यनारायण टेलर ,लेफ्टिनेंट कर्नल मुकेश टांक ,सुरेश लुहारिया सीकर अध्यक्ष मुख्य आतिथ्य में यात्री दल के सभी सदस्यों का माला के सम्मान और स्वागत किया गया । सभी समाज बंधुओं की यात्रा सकुशल संपूर्ण हुई। यात्री दल में सीताराम किंजड़ा ,मनोज टेलर,सुशील वर्मा,महावीर प्रसाद,अंजनी कुमार ,सत्यनारायण , राजेश टांक,अरुण कुमार,राजेंद्र तोलंबीया,राजेश कुमार, मंजु टेलर , शांति टेलर आदि शामिल रहे।

# श्री कृष्ण और राम के जन्म पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन







बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** श्री निम्बार्क कृष्ण बिहारी जी एवं संत श्री कल्याणदास जी महाराज के आशीर्वाद से श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन 03 जून 2025 से लेकर 09 जून 2025 तक किया जाएगा। इस कथा के दौरान कथा व्यास पीठ पर संत श्री विपिन बिहारी दास जी महाराज (श्री विनोद जी बाबा) ने राम जन्म एवं कृष्ण जन्म के विषय में विस्तार से वर्णन किया। उनके प्रवचन से भक्तगण इतने अभिभूत हुए कि वाद्य यंत्रों की धुन पर वे नृत्य करने को विवश हो गए। कथा का आयोजन यू.डी.बी. विला ग्राउंड, सचिवालय विहार, मानसरोवर में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती मंजू गुप्ता, कैलाश नारायण मथुरिया, श्रीमती साक्षी-रितेश, डॉ. आकांक्षा-डॉ. अजीत गुप्ता, श्रीमती हार्दिक-मनीष, श्रीमती कोमल-हिमिर आदि का महत्वपूर्ण योगदान है।

# जिला कलक्टर की पहल से आमजन के लिए राहत की राह हुई प्रशस्त

- जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण में आ रही परेशानी होगी दूर
- नगर निगम क्षेत्र में सम्मिलित राजस्व गांव एवं ग्राम पंचायत को पहचान पोर्टल पर मैप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** स्वायत शासन विभाग की अधिसूचना द्वारा झोटवाड़ा, सांगानेर, आमेर व बस्सी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत/राजस्व गांव के क्षेत्र को नगर निगम ग्रेटर व हैरिटेज की सीमा में वृद्धि करते हुए शामिल किया गया है ऐसी स्थिति में पिछले कुछ दिनों से पंचायती राज विभाग के आदेश के बाद सम्बंधित ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी (रजिस्ट्रार) ने जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीकरण का कार्य करना बंद कर दिया था इससे इस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आमजन को जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित कार्यों के लिए अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या से आमजन को त्वरित प्रदान करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को निर्देश प्रदान कर नगर निगम क्षेत्र में सम्मिलित राजस्व गांव एवं ग्राम पंचायत को पहचान पोर्टल पर मैप करवा दिया गया है। इससे संबंधित राजस्व गांव व ग्राम पंचायत के लोगों को अपने क्षेत्र के नगर निगम जोन से जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन बनवाने की सुविधा मिल सकेगी। डॉ. सुदीप कुमावत सहायक निदेशक, जिला कलेक्ट्रट जयपुर ने बताया की जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में राज्य स्तर पर जीवनांक शाखा द्वारा झोटवाड़ा पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाले राजस्व गांव व ग्राम पंचायत के क्षेत्र को नगर निगम जोन झोटवाड़ा में, सांगानेर पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को नगर निगम जोन जगतपुरा में, आमेर पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को नगर निगम जोन आमेर में तथा बस्सी पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को नगर निगम जोन आदर्श नगर में शामिल किया गया है।

# बॉलीवाल, फुटबॉल, दौड़ प्रतियोगिताएँ, योगा का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के लाल बहादुर शास्त्री राजकीय एलबीएस महाविद्यालय में मादक पदार्थों के दुरूपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ खेल विभाग द्वारा बॉलीवाल, फुटबॉल, दौड प्रतियोगिताएँ, योगा आदि आयोजित कर प्राचार्य प्रो. आर. के. सिंह ने मादक पदार्थो के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि नशा धीरे लत बन जाता है यह लत जीवन को बर्बाद कर देती है। इससे परिवार भी बर्बाद हो जाता है। संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को इससे दूर रहने की शपथ दिलाई ।खेल अधिकारी प्रो. मालीराम मीणा ने नशे व धुम्रपान के दुष्परिणाम बताये व संयमित दिनचर्या अपनाने पर जोर दिया। प्रो. अनुभा गुप्ता ने कहा नशा शरीर पर ही नहीं, आने वाली पीढियों पर असर डालता है। उन्होनें संकाय सदस्यों व विद्यार्थियों को नशा नहीं करने और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. बाबूलाल मीणा ने शादी समारोह में शराब के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे बताया।

जिला समन्वयक एन.एस.एस.प्रो.अशोक सिंह ने बताया कि युवा पीढी नशे की लत से अपने लक्ष्य से भटक रही है। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी।

# 458 व्यक्तियों को नोटिस जारी

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर गिव अप अभियान के अन्तर्गत जिला रसद अधिकारी द्वितीय नीरज जैन के द्वारा 458 व्यक्तियों को नोटिस जारी किए जा चुके है। जैन ने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना की पात्रता खो चुके 3696 परिवारों के 13892 सदस्यों ने सरकार की प्रस्तावित कार्यवाही के डर से स्वेच्छा से अपने नाम हटवा लिए है। अभियान की अंतिम तिथि 30 जून सरकार द्वारा निर्धारित की गई है। इसके पश्चात् कोई परिवार पात्रता नहीं रखने के बावजूद खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ लेता है तो उस पर विभाग कार्यवाही के साथ बाजार दर के हिसाब से वसूली की जाएगी।

# राहगीरों का अपहरण कर लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को धर-दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रात्रि के समय राहगीरों का अपहरण कर लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को धर-दबोचा है। साथ ही पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित वारदात के दौरान रेंटल कारों का उपयोग करते है। पुलिस पूछताछ में अब तक आधा दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम दे चुके है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रात्रि के समय राहगीरों का अपहरण कर लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया है।

# ट्रक की टक्कर से बिजली का पोल गिरा, करंट से बाइक जली, युवक बाल-बाल बचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मालपुरा थाना इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बेकाबू होकर बिजली के पोल को टक्कर मार दी। इससे बिजली का पोल एक बाइक पर गिर गया। बिजली के पोल से उठी चिंगारी से बाइक ने आग पकड़ ली। आग से बाइक पूरी तरह से जल गई। हादसे में बाइक चालक बाल-बाल बच गया। बाइक चालक समय रहते गाडी को छोड़कर दूर चला गया। पुलिस के अनुसार खटीकों का मोहल्ला निवासी गोरधन खटीक ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाइक के साथ मोहल्ले में खड़ा था इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक आता दिखा। ट्रक ने बेकाबू होकर बिजली के पोल को टक्कर मार दी। यह देखकर वह बाइक को छोड़कर दूर भाग निकला। बिजली का पोल बाइक के पास आकर गिरा। पोल से उठी चिंगारी से बाइक ने आग पकड़ ली और वह धूं-धू कर जलने लगी। इस पर स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग को सूचना दी।

# आरबीआई की ब्याज दरों में कटौती का फोर्टी ने किया स्वागत

## कमर्शियल बैंक भी लोन की ब्याज दरों में करें कटौती : सुरेश अग्रवाल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति की बैठक में रेपो रेट में 0.5प्रतिशत और सीआरआर में 1 प्रतिशत कम करने का फैसला किया है। फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) ने आरबीआई के फैसले का स्वागत किया है। फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल का कहना है कि आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए साहसी कदम उठाया है। रिजर्व बैंक की ओर से दरें कम करने से कमर्शियल बैंकों के पास वित्तीय उपलब्धता बढ़ेगी और इसका लाभ आम उपभोक्ता, व्यापारी और नौकरीपेशा सभी को मिलेगा। अतीत में कई बार देखा गया है कि आरबीआई की ओर से रेपो रेट कम करने पर भी कमर्शियल बैंक ब्याज दर में कटौती नहीं करते हैं। इसलिए फोर्टी की ओर से देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से अपील है कि कमर्शियल बैंकों को इस ब्याज की दर कम करने के लिए गाइडलाइन दी जाए ताकि उनके घर, कार और व्यावसायिक लोन की ईएमआई कम होने से आरबीआई की पूरी राहत आम उपभोक्ताओं तक पहुंच सके।


## कार्यालय कमान अधिकारी 3 राज नेवल युनिट एनसीसी, जेएलएन मार्ग, गाँधी नगर, जयपुर

निविदा सूचना संख्या 01 / कैम्प मैस/2025-26 दिनांक: मई 2025

**निविदा सूचना**

वर्ष 2025-26 में 3 राज नेवल युनिट एनसीसी, जयपुर द्वारा ATC-II camp held at JECRC University Jaipur में मैसिंग की व्यवस्था हेतु निम्नानुसार सीलबन्द निविदाएं दर संविदा हेतु आमंत्रित की जाती है :-

| क. सं. | कार्य विवरण | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | निविदा विक्रय की दिनांक | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वर्ष 2025-26 में कैम्प के दौरान देय रिफ्रेशमेंन्ट, लंच और डिनर की आपूर्ति हेतु दर संविदा | 9,90,000 | 19,800 | 500 | 30.05.2025 से 09.06.2025 प्रातः 11 बजे तक | 09.06.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक | 09.06.2025 को दोपहर 01:00 बजे |

DIPR/C/7230/2025

कमान अधिकारी
3 राज नेवल युनिट, एनसीसी, जयपुर

## कार्यालय नगर परिषद, शाहपुरा, जयपुर (राज.)

Phone No. 01422-295101, Email Id. shahpura.jaipur@gmail.com

क्रमांक :- न.प.शा/2025-26/837 दिनांक-05/06/2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा भवन निमार्ण स्वीकृती हेतू ऑन लाईन आवेदन किया गया है। किसी को भी इस बाबत् आपत्ति हो तो 07 दिवस में मय सबूत लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को पेश करें। बाद अवधि विचार संभव नही होगा।

| क. सं. | आवेदक का नाम/पिता का नाम | स्थित भवन/भूमि का मौहल्ला रास्ता | ऑन लाईन आवेदन क्रमांक | खसरा नं | भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री राधेश्याम गुप्ता, योगेश गुप्ता पुत्र श्री ओमप्रकाश गुप्ता घनश्याम खण्डेलवाल पुत्र श्री रामगोपाल खण्डेलवाल, मुकेश कुमार पुत्र श्री रामगोपाल खण्डेलवाल, दिनेश खटाना पुत्र श्री भंवर लाल खटाना व सतवीर गुर्जर पुत्र श्री लक्खा राम गुर्जर | मुख्य बाजार रोड बिजली ग्रेड के सामने शाहपुरा जिला जयपुर। | 2025-26 /BPAS/329 | राजस्व ग्राम खसरा 3456 किस्म गैर मुमकिन आबादी | 240.02 वर्गमीटर | शून्य सेटबेक पर व्यवसायिक निर्माण स्वीकृती |

आयुक्त
नगर परिषद, शाहपुरा, जयपुर

## सम्पादकीय

# 18 साल बाद मिली जीत का जश्न बना मातम, कार्यक्रम की इजाजत क्यों और किस स्तर पर दी गई?

बंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास जुटी भीड़ के अनियंत्रित हो जाने के बाद भगदड़ में ग्यारह लोगों की मौत और तीस से ज्यादा लोगों के घायल होने की घटना एक बार फिर आयोजन में बरती गई घोर लापरवाही का ही उदाहरण है। हैरानी की बात यह है कि वहां क्रिकेटप्रेमियों की जितनी बड़ी संख्या जुटी थी, उसमें आशंका के बावजूद कई स्तर पर सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी की गई और एक तरह से हादसे की जमीन तैयार होने दी गई। गौरतलब है कि इंडियन प्रीमियर लीग प्रतियोगिता के तहत रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अठारह वर्षों के बाद खिताबी जीत हासिल की थी। इस जीत पर आम लोगों का खुशी जाहिर करना स्वाभाविक था, लेकिन वहां हालात ऐसे हो गए कि इस क्रम में उम्मीद से काफी ज्यादा लोग जमा हो गए।

इसके बाद स्टेडियम में प्रवेश करने की एक जगह अव्यवस्था फैल गई और फिर भगदड़ मच गई। नतीजा बेहद त्रासद साबित हुआ, जिसमें अपनी पसंदीदा टीम की जीत पर जश्न मनाने पहुंचे कई लोगों की भगदड़ में कुचल कर मौत हो गई और कई बुरी तरह घायल हो गए। सवाल है कि मैचों का आयोजन करने के लिए जिम्मेदार संबंधित क्रिकेट संगठन और पुलिस के लिए इस बात का अंदाजा लगाना जरूरी क्यों नहीं लगा कि जितनी बड़ी तादाद में लोग वहां इकट्ठा हो गए थे और मैच के नतीजे के बाद से ही जश्न मनाने का जो स्वरूप देखने में आ रहा था, उसके बाद कैसे हालात पैदा हो सकते हैं। यह भी खबर आई कि करीब पैंतीस हजार लोगों के आने की उम्मीद थी, लेकिन वहां दो से तीन लाख लोग आ गए। इस बात की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए कि स्टेडियम की क्षमता से करीब दस गुना ज्यादा लोगों के वहां पहुंचने के क्या कारण थे और उन्हें एक जगह पर जमा होने से रोकने के लिए क्या इंतजाम किए गए।

जीत के कुछ समय बाद जश्न मनाने के बजाय इतनी जल्दी कार्यक्रम की इजाजत क्यों और किस स्तर पर दी गई? क्या मुफ्त पास मिलने की खबर के बाद जश्न में शामिल होने वाले लोगों की संख्या और पैदा होने वाली स्थितियों या आशंकाओं का आकलन किया गया? इस तरह के जश्न मनाए जाने की घोषणा और कार्यक्रम शुरू होने के बीच कितना समय था और इसमें लोगों की भीड़ से निपटने के लिए कैसी तैयारी की गई?

विडंबना यह है कि किसी खेल में जीत-हार को खेल भावना के तहत ही देखने और संयमित अभिव्यक्ति की संस्कृति को बढ़ावा देने को लेकर सरकार और खेल संगठन शायद ही कभी गंभीर होकर सोचते हैं। इसके अलावा, देश भर में आए दिन धार्मिक आयोजनों सहित अलग-अलग तरह के कार्यक्रमों में लोगों के जमावड़े और उसके बाद अव्यवस्था की वजह से होने वाली भगदड़ में लोगों की जान जाने की घटनाएं होती रहती हैं।

हर बार इस तरह की त्रासदी को महज हादसा मान कर आमतौर पर नजरअंदाज कर दिया जाता है। लेकिन शायद ही कभी भगदड़ की किसी घटना से सबक लेकर लोगों की संख्या, जुटने के लिए नियम-कायदे और भगदड़ रोकने के लिए हर स्तर पर व्यवस्था और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाता है। हालत यह है कि जब किसी वजह से भगदड़ मच जाती है, तब बचाव और राहत कार्यों के लिए भी पुख्ता इंतजाम नहीं किए जाते। नतीजतन, किसी अफवाह या अप्रत्याशित कारण से अचानक ही लोगों के भीतर अफरा-तफरी मच जाती है और जश्न या खुशी का मौका मातम की त्रासदी में बदल जाता है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 7 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- नेपल्स के राजा लैडिसलाव ने 1413 में रोम पर कब्जा किया।
- बक्सर के पास चौसा की लड़ाई में अफ़गान शेरशाह सूरी ने 1539 में मुग़ल बादशाह हुमायूँ को हराया।
- इंग्लैंड ने 1546 में स्कॉटलैंड/आयरलैंड के साथ आंद्रेस शांति समझौता किया।
- इंग्लैंड ने 1557 में फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- लुई चतुर्दश 1654 में फ्रांस के राजा बने।
- कैरिबियाई देश जमाइका के पोर्ट रॉयल में 1692 को आये भूकंप से तीन हजार लोगों की मौत।
- एंटी-कैथोलिक दंगा लंदन में 1780 को शुरू हुआ जिसमें करीब 100 लोगों की मौत हो गई।
- संयुक्त राज्य अमेरिका तथा ब्रिटेन दास व्यापार खत्म करने पर 1862 को राजी हुए।
- फ्रांसीसी सेना ने 1863 में मेक्सिको शहर पर कब्जा किया।
- अब्राहम लिंकन राष्ट्रपति के लिए 1864 को दूसरी बार रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवार बनाये गये।
- महात्मा गांधी ने 1893 में दक्षिण अफ़्रीका में प्रथम बार सविनय अवज्ञा का प्रयोग किया।
- बेटिकन सिटी पूर्ण संप्रभु राष्ट्र 1928 को बना।
- वेटिकन सिटी एक संप्रभु देश 1929 में बना।
- जार्ज षष्टम तथा एलिजाबेथ 1939 में ब्रिटेन के पहले राजा और रानी बने जिन्होंने अमेरिका का दौरा किया।
- वामपंथियों ने 1948 को पूरी तरह से चेकोस्लोवाकिया पर कब्जा कर लिया।
- सोनी कॉर्पोरेशन ने 1966 में अपने नए ब्रांड वाला वीडियो टेप रिकॉर्डर पेश किया।
- पहले विश्व कप का पहला मैच 1975 में भारत-इंग्लैंड के बीच लंदन के लॉर्डर्स स्टेडियम में खेला गया।
- भारत के दूसरे उपग्रह भास्कर-एक को 1979 में सोवियत संघ के बीयर्स लेक से छोड़ा गया।
- नार्मन थैगार्ड अंतरिक्ष की कक्षा में सबसे लम्बे समय तक रहने वाले अमेरिकी 1995 में अंतरिक्ष यात्री बने।
- स्पेन के कार्लोस मोया ने 1998 को फ्रेंच ओपन प्रतियोगिता का पुरुष एकल ख़िताब जीता।
- इंडोनेशिया में 1955 के बाद पहली बार लोकतांत्रिक चुनाव 1999 में हुआ।
- एक अमेरिकी अदालत द्वारा 2000 में माइक्रोसॉफ़्ट कंपनी को दो भागों में बांटने का निर्देश दिया।
- इस्रायली मंत्रिमंडल ने 2004 को गाजा क्षेत्र से बस्तियाँ हटाने सम्बन्धी प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- भारत द्वारा नेपाल को आर्थिक पुनर्निर्माण के लिए एक अरब रुपये देने का निर्णय 2006 में लिया।
- अमेरिका ने सऊदी अरब के राजदूत रहे प्रिंस बांदरे बिन सुल्तान के हथियारों की दलाली में करोड़ों पाउंड के घोटाले का खुलासा 2007 में हुआ।

## विशेष आलेख

### विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस

# अब यह तस्वीर बदलनी चाहिए



संजीव ठाकुर

**7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2018 के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा ने औपचारिक रूप से मनाने की घोषणा की है। औपचारिक तौर पर प्रथम स्मरणउत्सव के रूप में 7 जून 2019 में जोर शोर से आयोजित किया गया था। इस दिवस का मनाने का उद्देश्य भी बड़ा व्यापक रहा है दूषित भोजन से जुड़े खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना खाद्य पदार्थ से उत्पन्न बैक्टीरिया तथा उससे बचाव की जानकारी देने हेतु आयोजित किया गया था। औपचारिक तौर पर खाद्य सुरक्षा दिवस 7 जून 2025 की थीम खाद्य सुरक्षा विज्ञान की क्रियाशीलता विषय पर रखी गई है और यह थीम इस बात पर जोर डालती है की विज्ञान और टेक्नोलॉजी और फूड प्रोसेसिंग की इकाइयों द्वारा किस तरह खाद्य से उत्पन्न संक्रमण तथा रोगों से बचाव किया जा सकता है और यह इस बात में भी प्रकाश डालते हैं कि नवाचार और शोध में जोखिम की पहचान कर हमारे समाज में व्याप्त भोजन पदार्थ की तमाम स्वास्थ्य विरोधी कुसंगतियों से कैसे बचा जाए इस पर वैज्ञानिक आविष्कारों का किस तरह उपयोग किया जाए।**

यह भी बड़ा विडबना है कि लोगों को अपने अधिकारों के बारे में पूरी तरह से ज्ञान और जानकारी है वे अधिकारों के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं कौन सी सरकारी योजना से कितना लाभ है यह पढ़े लिखे से अनपढ़ व्यक्ति तक को मालूम रहता है पर इसके ठीक उलट यदि आप उत्तरदायित्व या जिम्मेदारी की बात करेंगे तो स्पष्ट तौर पर लोग कहते पाए जातें हैं कि इसकी तो हमें जानकारी ही नहीं है। हमारी जिम्मेदारियों को बताने के लिए शासन, प्रशासन को करोडों,अरबो रुपए विज्ञापन में खर्च करने पड़ जाते हैं इसके बाद भी लोग अपनी जिम्मेदारियां से पीछे हटते नजर आते हैंद्य और खाद्य सुरक्षा कैसे संवेदनशील मामले में जनता अपनी ज्ञान शून्यता के बारे में जोर शोर से डंका बजाती है।

यह अत्यंत महत्वपूर्ण तथा सारगर्भितत विषय है। यह तो सर्व विदित कि भोजन एक शारीरिक दैनिक आवश्यकता है इसे विलासिता से कतई ना जोड़ा जाए, भोजन आदिकाल से मनुष्य के उद्भव के साथ-साथ एक शारीरिक आवश्यकता तथा नितांत जरूरी प्रक्रिया हैद्य खाद्य सुरक्षा दिवस एक अनुस्मारक की तरह कार्य करता है और यह भी याद दिलाता है की आर्थिक उन्नति और अच्छा स्वास्थ्य सभी अच्छे स्वास्थ्यवर्धक भोजन पर अवलंबित होते हैं सुरक्षित स्वस्थ भोजन से व्यक्ति समाज और राष्ट्र को लाभ प्राप्त होता है व्यक्ति यदि बलवान होता स्वस्थ होगा तो समाज तथा देश शक्तिशाली होकर अच्छी विचारधारा को लेकर अग्रेषित होगा और देश का विकास ही वैश्विक स्तर पर पूरे विश्व का विस्तार हैद्य खाद्य पदार्थों के प्रदूषण से कैसे बचा जाए उसे कैसे नियंत्रित किया जाए एवं यदि संक्रमण हो तो क्या-क्या संभव उपाय किए जाएं इस बात पर विश्व खाद्य दिवस चिंता करने हेतु आयोजन करता हैं।

उल्लेखनीय है कि हर साल लाखों लोग दूषित भोजन के कारण संक्रमित होते हैं बीमार पड़ते हैं और खाद्य सुरक्षा की अवहेलना के कारण सार्वजनिक रूप से स्वास्थ्यगत खतरे बहुत बढ़ जाते हैं, इससे बड़ी-बड़ी संक्रामक बीमारियां हो जाती हैं और महामारी का खतरा भी बढ़ जाता हैद्य वैसे यह सदैव सलाह दी जाती रही की सुरक्षित शुद्ध और पवित्र भोजन करने से जीवन में अनेक बीमारियों व्याधियों से बचा जा सकता है एवं स्वस्थ रहकर स्वस्थ भविष्य की परिकल्पना की जा सकती हैद्य खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए निर्मित निजी क्षेत्र नागरिक समाज संयुक्त राष्ट्र संगठन का यह दायित्व बन जाता है कि वह आम नागरिकों की सुरक्षा का पूरा-पूरा ख्याल रखें एवं स्त्री,पुरुष तथा बच्चों को संक्रमित खाद्य पदार्थ खाने से रोकने का प्रयास करेंद्य हम जीवन में जिस भोजन का उत्पादन,भंडारण प्रबंधन और उपयोग दिन प्रतिदिन की प्रक्रिया में किया जाता है उसमें शुद्धता तथा स्वास्थ्यगत पदार्थ की आवश्यक मात्राएं भी शामिल होनी चाहिए जिस व्यक्ति समाज एवं देश के नागरिक स्वस्थ रहें सुरक्षित रहें एवं बीमारियों से अपना बचाव कर सकेद्य स्वच्छ जल पौष्टिक भोजन की उपलब्धता हमारे सामाजिक संगठनों तमाम होटल रेस्टोरेंट एवं खाद्य सुरक्षा प्रबंधन की जिम्मेदारी होती है वस्तुत खाद्य सुरक्षा जिम्मेदारी नहीं है इसे स्वेच्छा से अपनाना होगा यह एक सामूहिक अभियान है जिससे व्यक्ति,समाज और देश शारीरिक रूप से स्वस्थ हो सके यह सुनिश्चित किया जाना होगाद्य स्वास्थ्य ही जीवन है एवं धन किसी उद्देश्य को लेकर और स्वस्थ भोजन की उपलब्धता एवं स्वास्थ्य संबंधी नियमावली को लागू करने की सरकारे, अंतरराष्ट्रीय संगठनों वैज्ञानिक निजी क्षेत्र और नागरिक समाज खाद्य सुरक्षा की तमाम इकाइयों का यह नैतिक दायित्व बनता है कि वह आमजन को शुद्ध भोजन उपलब्ध कराये और यह सुनिश्चित करें कि हम जो भोजन करते हैं वह निश्चित रूप से पौष्टिक शुद्ध और स्वास्थ्यवर्धक हैद्य वैसे खाद्य सुरक्षा के इस अभियान को संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं खाद्य कृषि संगठन द्वारा प्रचारित प्रसारित तथा विकसित किया जा रहा हैद्य विश्व में हर देश की सरकारें, सामाजिक संगठन नोंन गवर्नमेंटल ऑर्गेनाइजेशन इस बात का प्रयास करती है कि वह आम जनता को यह समझाइस निरंतर प्रदान करते रहे कि विश्व स्वास्थ्य सुरक्षा के उपाय करे जिससे जल भोजन के संक्रमण से कैसे बचा जाए। इसे अज्ञानता अंधेरे में न रख इस जिम्मेदारी को प्रथम महत्व देते हुए संधारित संचालित किया जाए। वैसे 7 जून विश्व खाद्य दिवस इस बात पर भी महत्व इंगित करता है कि खेत से लेकर खाने तक की मेज पर जो भोजन परोसा जाता है वह व्यक्ति के लिए सुरक्षित स्वास्थ्यवर्धक एवं पौष्टिक है इस बात को सुनिश्चित किया जाए। वैसे बच्चों महिलाओं एवं बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए सुरक्षित भोजन पहुंचाना अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व है खाद्य जनित बीमारियां आमतौर पर संक्रामक तथा विषाक्त प्रवृत्ति की होती है इन्हें अक्सर सामान्य एवं साधारण आंखों से नहीं जीत नहीं देखा जा सकता और जो बैक्टीरिया कीटाणु वायरस हमारे शरीर में जल तथा भोजन के माध्यम से प्रवेश करते हैं उन्हें के बारे में जागरूकता देने का यह दिवस अध्ययन महत्वपूर्ण कार्य संपादित करता है। पूरे विश्व में अनुमानित 420 000 दूषित भोजन एवं जल पीने से मर जाते हैं और यहां तक 5 साल से कम उम्र के बच्चे खाद जनित बीमारियों का 40 प्रतिशत हिस्सा होते हैं परिणाम स्वरूप 125000 जान चली जाती हैं। वैश्विक आंकड़ों के हिसाब से 600 मिलियन असुरक्षित दूषित भोजन एवं स स्वच्छ जल पीने से उनके स्वास्थ्य को गंभीर खतरा उत्पन्न होता है।

# राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नये चेहरें



ललित गर्ग

**सिंदूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाये, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया।**

देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिये एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नये संकेत दे रही है। क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नये किरदार में नजर आये हैं। थरुर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई। विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं। लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं। क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधि मण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था- मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा।' थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा- जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं। 4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं ये सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस सेवा के निडर एवं दबंग अधिकारी रहे इन्द्रकुमार शर्मा। इनका जन्म 13 अप्रैल 1945 को फतेहपुर, जिला सीकर में हुआ। इनके पिताजी स्व: भगतराम शर्मा भी पुलिस अधिकारी रहे है। इन्द्रकुमार शर्मा की प्रारम्भिक शिक्षा सीकर जिले में व बाद में अलवर जिले में हुई। इन्होंने राजर्षि महाविद्यालय से बीएससी की व स्कूल व कॉलेज शिक्षा के दौरान ये बास्केटबाल के अच्छे खिलाडी रहे स्कूल व कॉलेज में एनसीसी की आर्मी विंग में कैडेट रहते हुए सारजेन्ट बने व दिल्ली में गणतन्त्र दिवस परेड़ में भी प्रतिनिधित्व किया तथा पुरस्कार भी प्राप्त किया। वर्ष 1967 में राजस्थान पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर भर्ती हुए व प्रशिक्षण काल के दौरान श्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थी होने के कारण इन्हें पासिंग आऊट परेड़ में स्वार्ड ऑफऑनर से सम्मानित भी किया गया। शर्मा का पुलिस में प्रथम नियुक्ति उप निरीक्षक शहर कोतवाली, अलवर में हुई। इसके पश्चात शर्मा लक्ष्मणगढ, थानागाजी ,टोंक अटरू कोटा, जोधपुर पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र व सदर थाना अलवर में एसएचओ के पद पर रहे। इनका अपराधियों में इतना खौफथा। ये जहां तैनात रहते अपराधी वहां से पलायन कर जाते थे। वर्ष 1978 में पुलिस निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुई और इन्हें शहर कोतवाल अलवर लगाया गया। इनके प्रयासो से शहर कोतवाल अलवर रहते हुए पुलिस अन्वेषण भवन अलवर का निर्माण हुआ। इस निर्माण के लिये इन्होंने रूस्तमें हिन्द दारा सिंह व माईटी मंगोल की कुश्ती दंगल का आयोजन केन्द्रीय विद्यालय अलवर के खेल मैदान में कराया। उससे प्राप्त धन राशि से व पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों के श्रमदान से वर्ष 1980 में पुलिस अन्वेषण भवन अलवर का निर्माण हुआ। पुलिस लाईन अलवर में भामाशाहों के सहयोग से बास्केबाल कोट का निर्माण कराया व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का कई वर्षों तक आयोजन भी किया। पुलिस परिवार के कल्याण के लिये इन्द्रकुमार शर्मा व अन्य राजस्थान पुलिस के सेवानिवृत पुलिस कर्मचारी एवं अधिकारियों ने



स्व: श्री इन्द्र कुमार शर्मा
( रि. एएसपी )

राजस्थान पुलिस परिवार कल्याण समिति का गठन किया जिसका इन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। इन्द्रकुमार शर्मा का स्वर्गवास 25 अक्टूबर 2020 को हुआ। जीवन पर्यन्त ये पुलिस के सहयोग में लगे रहे। टीम बढ़ता राजस्थान ऐसे जाँबाज अधिकारी को अपने श्रृद्धा सुमन अर्पित करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_035
बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | | | | 1 |
| | | 6 | 4 | | | 2 | | |
| | 2 | | | 7 | | | 8 | 6 |
| | | 5 | | | 4 | | | 7 |
| 8 | | | | | | | | 4 |
| 7 | | | 9 | | | 1 | | |
| 6 | 3 | | | 5 | | | 1 | |
| | | 7 | | | 1 | 4 | | |
| 9 | | | | | 2 | | | |

### Ans_2025_034

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 | 1 | 3 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 7 | 6 | 1 |
| 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 2 | 6 | 9 | 7 | 8 | 3 | 5 | 4 |
| 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आपका आज का दिन शुभ फलदायी साबित होगा। निर्धारित काम सफलता से पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। ननिहाल पक्ष से आनंददायक समाचार मिलेंगे। बीमारी में राहत महसूस होगी। नौकरीपेशा वर्ग को नौकरी में लाभ होगा।

**वृष**
परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। विद्यार्थियों के विद्याध्ययन के लिए अनुकूल समय है।

**मिथुन**
अविवाहित लोगों के विवाह के योग बनेंगे। आपको पत्नी अथवा संतान से लाभ हो सकता है। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके उच्च अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है।

**कर्क**
कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय का नशा आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा, इससे प्रसन्नता अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मिलकर घर पर कोई आयोजन करेंगे। ऑफिस तथा काम-काज की जगह अधिकारियों की नाराजगी का शिकार होना पड़ेगा।

**सिंह**
शारीरिक- मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दुख होगा।

**कन्या**
अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। मनोरंजन की प्रवृत्ति में दोस्तों तथा परिजनों के साथ भाग लेंगे।

**तुला**
पारिवारिक जीवन में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान की प्रगति से आपको संतोष का अनुभव होगा। आज आपको बेचैनी, थकान का अनुभव होगा। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। इससे काम करने का उत्साह नहीं रहेगा।

**वृश्चिक**
आज आपका दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आयात निर्यात से जुड़े व्यापारियों को धंधे में लाभ और सफलता मिलेगी। आपकी खोई हुई वस्तु वापस मिलने की संभावना है। प्रवास आर्थिक लाभ और वाहन सुख की संभावना है।

**धनु**
सुंदर भोजन, वस्त्र और वाहन सुख की प्राप्ति होगी। प्रिय व्यक्ति की मुलाकात तथा काम में सफलता का योग है। आज आपके विदेश में बसने वाले स्नेहीजन या मित्रों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। समय से भोजन नहीं मिलेगा।

**मकर**
आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संबंधी बीमारियों से तकलीफ होगी।

**कुंभ**
आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे।

**मीन**
आमोद-प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे। दांपत्य जीवन में जीवनसाथी के साथ निकटता के पल व्यतीत कर सकेंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में संभलकर कार्य करना उचित रहेगा। ऑफिस में स्त्री वर्ग से लाभ होने की संभावना है। मौज-शौक और घूमने-फिरने के पीछे खर्च होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# जिला परिषद सभागार में ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## अधिकारी योजनाओं में गति लाएं: गौरव बुडानिया



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में जिला प्रमुख सुदामा मीणा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वामित्व योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीब मुक्त गांव योजना, पीएम आदर्श ग्राम योजना, डांग क्षेत्र विकास, सांसद एवं विधायक कोष, एवं सीएसआर के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला प्रमुख ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु से पूर्व ऐसे गाँवों में जहां जल निकासी की समस्या होती है, वहां पोखरों, तराई क्षेत्रों और जलमार्गों की समुचित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव से बचाव हेतु नालियों की नियमित सफाई के भी निर्देश दिए। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, नालियों, पोखरों एवं पेयजल से संबंधित कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए । मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया ने समस्त ब्लॉक विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के अंतर्गत नाड़ी, पोखर, मेडबंदी एवं अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण व पुनरुद्धार कार्यों में तेजी लाऐं। उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में सोख्ता गड्ढों का निर्माण कार्य समय पर पूर्ण किया जाए , एवं किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।


साथ ही स्वामित्व योजना में लंबित प्रकरणों का अगले तीन सप्ताह में निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, सरोज बैरवा अधिशासी अभियंता अशोक मीना ललिता मीणा, ब्रज लाल मीना सुजीत कुमार, बलवंत सिंह विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा, इन्द्र राज मीना, हेमश्री, जगदीश गुर्जर, नरेन्द्र मीना रामराज मीना सहित समस्त ब्लॉक विकास अधिकारीगण एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# खुशखबर: शिवाड़ घुश्मेश्वर महादेव मंदिर को अब लगेंगे विकास के पंख

## 20 पर्यटन स्थलों के विकास में शिवाड़ घुश्मेश्वर महादेव मंदिर भी है शामिल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** लंबे समय से पर्यटन सर्किट से जोड़ने की बाट जोह रहे शिवाड़ स्थित घुश्मेश्वर मंदिर को अब पंख लगेंगे। राजस्थान सरकार के 20 पर्यटन स्थलों के विकास में शिवाड़ घुश्मेश्वर महादेव मंदिर भी शामिल है। पर्यटन विभाग ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को कार्यकारी एजेंसी बनाया है। ऐसे में अब क्षेत्रवासियों को भी प्राचीन शिव मंदिर के विकास की आस जगी है। गौरतलब है कि कस्बे सहित लोगों की ओर से घुश्मेश्वर महादेव मंदिर को पर्यटन का दर्जा दिलाने की लंबे समय से मांग उठाई जा रही थी। राज्य सरकार ने गुरुवार को एक सूची जारी की है। इसमें राज्य के 20 प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास के लिए कार्यकारी एजेंसी का निर्धारण किया है। इसमें सवाईमाधोपुर जिले में शिवाड़ स्थित घुश्मेश्वर महादेव मंदिर का भी नाम शामिल है। इसके लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग को कार्यकारी एजेंसी बनाया है।



### महमूद गजनवी ने भी आक्रमण किया था यहां आक्रमण

ऐतिहासिक तथ्यों के मुताबिक यहां महमूद गजनवी ने भी आक्रमण किया था। गजनवी से आक्रमण करते हुए युद्ध में मारे गए स्थानीय शासक चन्द्रसेन गौड व उसके पुत्र इन्द्रसेन गौड के यहां स्मारक मौजूद है। इसके बाद अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण का भी उल्लेख है।

### मंदिर के सामने शिवालय सरोवर का भी अलग ही महत्व

मंदिर के पास ही अलाउद्दीन खिलजी द्वारा बनाई गई मस्जिद भी इस स्थान की प्राचीनता की पुष्टि करती है। मंदिर के सामने शिवालय सरोवर का भी अलग ही महत्व है। कहते हैं कि घुश्मा प्रतिदिन 108 पार्थिव शिवलिंगों का पूजन कर इस तालाब में विसर्जित करती थी। इसका प्रमाण सालों पहले इस तालाब की खुदाई के दौरान मिले हजारों शिवलिंगों से भी मिलता है।

### जानें मंदिर का इतिहास

घुश्मेश्वर महादेव मंदिर को भगवान शिव के 12वें ज्योतिर्लिंग के रूप में माना जाता है। 900 साल पुराने इस मंदिर का इतिहास बड़ा ही अद्भुत है। मंदिर में स्थापित शिवलिंग स्व प्राकट्य है। कहते हैं कि घुश्मा नामक एक ब्राह्मणी की शिवभक्ति से खुश होकर शिवजी ने उसके नाम से यहां अवस्थित होने का वरदान दिया था।

## ट्रस्ट पदाधिकारियों के प्रयास भी लाए रंग

राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग ने राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनरूप राज्य के 20 पर्यटन स्थलों के विकास के लिए कार्यकारी एजेंसियों का निर्धारण कर उन्हें 15 जून तक विकास के ब्लू प्रिंट बनाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेमप्रकाश शर्मा ने मंदिर के विकास के लिए राज्य की उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी से मुलाकात की थी। इस दौरान घुश्मेश्वर मंदिर के विकास के लिए ज्ञापन भी सौंपा था। इस दौरान मीडिया प्रभारी कुमुद जैन, प्रचार प्रसार मंत्री श्लाभू दयाल मिश्रा, संयुक्त मंत्री लोकेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष लल्लू लाल महावर सहित सभी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने राज्य सरकार का आभार जताया।



# नगरपालिका मालपुरा के शर्मा व सैनी विधि सलाहकार नियुक्त

## क्षैत्र की अन्य नगरपालिकाओं में भी विधि सलाहकार नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** नगरपालिका मालपुरा सहित लाम्बाहरिसिंह व डिग्गी नगरपालिका के लिए स्थानीय निकाय विभाग की ओर से विधि सलाहकार व पैनल अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। स्थानीय निकाय विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार नगरपालिका मालपुरा के लिए एडवोकेट विरेन्द्र शर्मा व पुरूषोतम सैनी को विधि सलाहकार नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर सभी ने हर्ष प्रकट कर नए विधि सलाहकारो को बधाई दी है। साथ ही विधि सलाहकार नियुक्त किए जाने पर विभागीय निदेशक सहित जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार प्रकट किया है। इसके अलावा इसी आदेश के जरिए क्षेत्र की नगरपालिका लाम्बाहरिसिंह के लिए एडवोकेट गणेश चौधरी व रामसिंह हाडा, तथा नगरपालिका डिग्गी के लिए एडवोकेट सत्यनारायण जाट व गणेश चौधरी तथा नरपालिका टोडारायसिंह के लिए हेमराज धाकड़ व गोपाल लाल जाट को नियुक्त किया गया है।

# उप सरपंच जगनी देवी खटीक ग्राम पंचायत खण्डीप की प्रशासक नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग राजस्थान सरकार जयपुर की अधिसूचना द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पंचायत समिति गंगापुर सिटी की ग्राम पंचायत खण्डीप के प्रशासक (सरपंच) किरोड़ी लाल मीना की मृत्यु हो जाने पर अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव द्वितीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के आदेशानुसार उप सरपंच वार्ड संख्या 8 जगनी देवी खटीक को ग्राम पंचायत खण्डीप की प्रशासक नियुक्त की है। जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत के कार्यकलापों के सुचारू संचालन की दृष्टि से प्रशासक की सहायतार्थ प्रशासकीय समिति का पुन: गठन भी किया है। उन्होंने बताया कि प्रशासक द्वारा उक्त अधिनियम व सम्बद्ध नियमों में वर्णित समस्त शक्तियों और कर्तव्यों का प्रयोग एवं पालन प्रशासकीय समिति की बैठक में परामर्श उपरान्त किया जाएगा। राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 एवं राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996 के तहत ग्राम पंचायत के खातों का संचालन व वित्तीय शक्तियों का प्रयोग प्रशासक (निवर्तमान उप सरपंच) एवं संबंधित ग्राम विकास अधिकारी द्वारा किया जाएगा। प्रशासक एवं प्रशासकीय समिति की कार्य अवधि नवनिर्वाचन के पश्चात गठित ग्राम पंचायत की प्रथम बैठक की तारीख के ठीक पूर्ववर्ती दिन तक रहेगी।

# सूरवाल बांध पर जल पूजन, श्रमदान और मरम्मत कार्य कर दिया जल संरक्षण का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जनसहभागिता से जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन और पुनर्जीवन की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जल संसाधन विभाग, सवाई माधोपुर द्वारा सूरवाल बांध पर व्यापक जनजागरूकता और श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत जल पूजन से की गई। अधिशासी अभियंता जल संसाधन अरुण शर्मा ने कहा कि यह गतिविधियाँ वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आयोजित की गई हैं, जिसका उद्देश्य केवल जल स्त्रोतों का भौतिक सुधार नहीं, बल्कि समाज में जल संरक्षण को लेकर दीर्घकालिक चेतना विकसित करना है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है यह वाक्य अब केवल कहने की बात नहीं रह गया है, बल्कि इसे व्यवहार में अपनाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस दौरान विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्रामीणों, नरेगा श्रमिकों और जल संसाधन विभाग के संवेदकों ने पारंपरिक रीति रिवाज से जल पूजन कर जल को जीवनदायिनी मानते हुए संरक्षण का संकल्प लिया। इसके पश्चात श्रमदान एवं साफ-सफाई अभियान आयोजित किया गया।

# ईदुलजुहा पर्व की नमाज आज 8 बजे

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मुस्लिम समाज के दूसरे मुख्य त्यौहार ईदुलजुहा की मुख्य नमाज मालपुरा के केकड़ी रोड स्थित ईदगाह मैदान में शनिवार को प्रात: 8 बजे अदा की जाएगी। इस संबंध में शुक्रवार को दोपहर के समय जामा मस्जिद में जुम्मे की नमाज अदा हुई। जिसमें शहर काजी वकार अहमद नकवी ने धोषणा करते हुए बताया कि ईदुल अजहा की नमाज शनिवार को प्रात: 8 बजे अदा की जाएगी। नमाज के बाद परम्परा के अनुसार कुरबानी दी जाएगी। वहीं शुक्रवार को आयोजित जुम्मे की नमाज में भारी संख्या में उमड़े नमाजियो ने अमन चेन शांति की दुआ के साथ नमाज अदा की।

# निकली कलश यात्रा,आज होगी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** ब्रह्म तालाब की पाल स्थित श्री सिद्धविनायकमन्दिर में शनिवार को शिव परिवार व रिद्धी सिद्धी प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर कलश यात्रा निकाली गई।

शुक्रवार को पुरानी तहसील स्थित श्री बारादरी बालाजी मन्दिर से विशाल एवंभव्य कलश यात्रा का जुलुस बेण्डबाजो के साथ रवाना हुअ। यह जुलुस शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर आयोजन स्थल पहुंचा। पुजारी राजू पाण्डेता ने बताया कि इसी क्रम में शनिवार को प्रतिष्ठाचार्य पं. रामस्वरूप जी हमीपुर वालो के पावन सानिंध्य में नवनिर्मित मन्दिर में शिव परिवार व रिद्धी सिद्धी प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित होगा।



# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण भाजपा के 'संकल्प से सिद्धि अभियान' तहत होंगे कई कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** केंद्र की मोदी सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण के उपलक्ष्य पर भाजपा संकल्प से सिद्धि अभियान चलाएगी । जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि भाजपा के संकल्प सिद्धि अभियान के शुरुआत के लिए आज सवाई माधोपुर जिले की बैठक जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई । बैठक का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर हुआ, बैठक मे मुख्य अतिथि संकल्प से सिद्धि अभियान के प्रदेश संयोजक एवं खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जी जोधा, गंगापुर सिटी नगर सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ भरत मथुरिया, संकल्प से सिद्धि अभियान के जिला संयोजक सुरेश जैन, सहसंयोजक जमनालाल वैष्णव, दामोदर बिंदल, जिला महामंत्री हरिओम गर्ग, पूर्व प्रधान लल्लू लाल मीणा मंचासीन रहे । बैठक को संबोधित करते हुए विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि इस पूरे माह में जिले में संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत कई कार्यक्रम होंगे, प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री के संदेश को प्रत्येक कार्यकर्ता तक पहुंचाया जाएगा एवं प्रोफेशनल लोगों की जिसमें डॉक्टर, समाज के व्यापारी एवं प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित होगी, शहर में चौपाल, गली मोहल्ले में नुक्कड़ सभाएं, मंदिर में जा कर लोगों को प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों की चर्चा करना, आयुष्मान भारत की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना, डिजिटल प्रतियोगिता आयोजित करना, भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शनी लगाकर कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं के बारे में बताना, 21 जून को योग दिवस मनाया जाएगा मंडल स्तर पर, बूथ स्तर पर, शक्ति केंद्र स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे । बैठक को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा ने भी संबोधित किया।

इस दौरान बैठक में वन नेशन वन इलेक्शन के जिला संयोजक देवेंद्र राठौड़ सह संयोजक ओम सुवालका, पूर्व जिला महामंत्री मनोज बंसल, उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, महेंद्र दीक्षित ,मीरा सैनी ,जिला मंत्री गिरधारी सोनी, कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल,जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष कपिल जैन, सवाई माधोपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अशोक राज मीणा, कुंडेरा मंडल अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ,मलारना मंडल अध्यक्ष श्रीचंद माली, छान मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र, खंडार मंडल अध्यक्ष महावीर गंडासिया ,बोली मंडल अध्यक्ष हनुमत दीक्षित, मित्रपूरा मंडल अध्यक्ष शंकर पोसवाल, बरनाला मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह, आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीसलपुर बांध:उम्मीद 100 , फिलहाल 54 ही फीसदी पानी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान में जयपुर, अजमेर और टोंक जिले की 1 करोड़ से ज्यादा आबादी को पानी देने वाला बीसलपुर बांध इस बार भी उमीदों पर खरा उतर सकता है। जल संसाधन विभाग को भरोसा है कि आगामी मानसून में बांध एक बार फिर ओवरफ्लो होगा। फिलहाल अभी बांध में 54 फीसदी पानी का भराव है। इस बार 4 जून को बांध में 21 टीएमसी (थाउजेंड मिलियन क्यूबिक फीट) पानी उपलब्ध है, जो पिछले साल इसी तारीख को सिर्फ 12 टीएमसी था।

### रोजाना एक सेमी घट रहा जलस्तर

जल संसाधन विभाग के मुताबिक, बीसलपुर बांध से प्रतिदिन लगभग 1.75 टीएमसी पानी तीनों शहरों की जलापूर्ति के लिए जारी किया जा रहा है।



मई में गर्मी के कारण यह आपूर्ति 2 टीएमसी प्रतिदिन तक भी पहुंच गई थी। बांध की कुल भराव क्षमता 38.70 टीएमसी है। रोजाना जलापूर्ति से बांध का एक सेंटीमीटर जलस्तर कम हो रहा है।

### बांध का लगातार दूसरी बार छलकना संभव


गौरतलब है कि बुधवार शाम को बांध का जलस्तर 312.65 आरएल (रिड्यूस्ड लेवल) मीटर दर्ज किया गया, जबकि इसकी कुल भराव क्षमता 313.50 आरएल मीटर है। अगर मानसून सामान्य रहता है, तो लगातार दूसरे साल बांध का छलकना संभव है, जो एक नया रिकॉर्ड होगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल मानसून के आगमन का बेसब्री से इंतजार है। अगर मानसून सामान्य रहा तो जयपुर, अजमेर और टोंकवासियों के लिए पानी को लेकर कोई चिंता नहीं होगी।

### फैक्ट फाइल बीसलपुर बांध परियोजना

- बांध का 1985 में हुआ था शिलान्यास
- 1987 में बांध का शुरू हुआ निर्माण 1996 में बांध बनकर तैयार 832 करोड़ रुपए आई लागत
- जल भराव क्षमता 315 .50 आरएल मीटर, कुल जल भराव क्षमता 38 .708 टीएमसी पानी का होता है भराव
- अब तक सात बार बांध ओवरफ्लो
- 2004 में निर्माण के बाद पहली बार गेट खुले
- 2006 में दूसरी बार छलका बांध
- 2014 में तीसरी बार खोले गए गेट
- 2016 में भी बांध के खुले गेट
- 2019 में बांध के 17 गेट खोले
- 2022 में भी छलका बांध
- 2024 में इस बार सातवीं बार छलका डेम

## वंदे-गंगा जल संरक्षण जन अभियान

# नहरों की हुई सफाई, जल सेवा कर यात्रियों को पिलाया ठंडा पानी, स्वच्छता का दिया संदेश



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** वंदे-गंगा जल संरक्षण जन अभियान पखवाड़े के दूसरे दिन शुक्रवार को जल संसाधन, जलदाय विभाग, विद्युत, पुलिस एवं स्वयं सेवी संस्थाओं ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जल संरक्षण को लेकर कार्य किए। इसमें आमजन को शामिल करते हुए लोगों को भी जागरूक किया गया। जल संसाधन विभाग ने जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के जन सहयोग से माशी बांध से निकलने वाली मुख्य नहर आरडी 0 से 100 चैन की साफ-सफाई का कार्य कराया। साथ ही, श्रमदान के माध्यम से गणेता सागर बांध की मीडिल कैनाल, बीसलपुर बांध की बनेठा माइनर आरडी, मोती सागर बांध की महुवा माइनर आरडी की साफ-सफाई की गई। जलदाय विभाग ने विभिन्न उपखंडों में रोड़वेज बस स्टैंड, कृषि उपज मंडी समेत अन्य स्थानों पर वंदे गंगा जल सेवा के तहत एनएसएस, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से ठंडा पेयजल यात्रियों और लोगों को पिलाया। साथ ही, जल परीक्षण कर जिले के विभिन्न इलाकों में पानी की शुद्धता को भी जांचा।

# प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने विकसित कृषि संकल्प अभियान व वंदे गंगा जल सरक्षण अभियान के शिविरो में भाग लिया

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर के निदेशक एवं विकसित कृषि संकल्प अभियान के प्रदेश समन्वयक डॉ. अरूण तोमर के निर्देशन में प्रदेश के विभिन्न हिस्सो में शिविरो का आयोजन हुआ।

प्रदेश के नागोर जिले में आयोजित शिविर में प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने भाग लेकर किसानो को सम्बोधित किया। इन शिविरो में मौजुद किसानो को सम्बोधित करते हुए जलदाय मंत्री चौधरी के कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार देश के किसानो का चहुमुंखी विकास को लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी के निर्देशानुसार केन्द्रीय कृषि अनुंसधान परिषद द्वारा प्रदेश व देश के किसानो तक कम खर्चे में उत्पादन लेने के कृषि के तोर तरीको, उन्नत एवं उच्च तकनीक से पशु पालन करने सहित अन्य सम्बन्धित जानकारी किसानो को बैठे देने के उद्धेश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान संचालित गांव गांव ढाणी ढाणी शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरो में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञ पहुंच कर किसानो को आवश्यक जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने किसानो से आव्हान करते हुए कहा कि इन शिविरो का किसानो को आगे आकर लाभ लेना चाहिए। साथ ही अपने कृषि एवं पशुपालन में उन्नत तकनीक का प्रयोग कर अधिक आय प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। प्रदेश सन्वयक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने कहा कि परिषद के आदेशानुसार शिविरो का आयोजन कर किसानो को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर आयोजको की ओर से जलदाय मंत्री एवं प्रदेश समन्वयक का स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान किसानो तक आवश्यक जानकारी पहुंचाने के लिए प्रकाशित पोस्टर व प्रचार सामग्री का विमोचन किया गया।



# मिलावट के दौर की है ये मिलावटी सरकार : नेता प्रतिपक्ष

## जनसुनवाई के दौरान कहा कि जनता के दुःख दर्द का ख्याल नहीं सरकार को

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मोती डूंगरी स्थित अपने कार्यालय पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आम जनता की शिकायतें सुनते हुए कई गंभीर मुद्दों को उठाया और सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पर्ची वाली सरकार पूरी तरह से असंवेदनशील हो चुकी है।उन्होंने कहा कि अलवर सहित प्रदेश की जनता पानी बिजली जैसे मुद्दों को लेकर बेहद परेशान है लेकिन सरकार का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। राज्य सरकार की कार्यशैली पर तंज कसते हुए जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री और उनके मंत्री दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों की चापलूसी में लगे हैं। इन्हें सिर्फ अपनी कुर्सी की चिंता है, जनता की नहीं। जब जनता पानी जैसे अहम मुद्दे उठाती है तो ये मंच छोड़कर भाग जाते हैं।




**नेता प्रतिपक्ष बोले मटके से पानी पीने पर जाति पूछना दलितों का अपमान- सीएम उठाए कठोर कदमः-** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मटके से पानी पीने पर जाति पूछने को दलितों का अपमान बताते हुए सीएम भजनलाल शर्मा से इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। जूली ने कहा कि खींवसर, कांटिया में एक दलित युवक को सिर्फ मटके से पानी पीने पर उसकी जाति पूछकर अपमानित करनाए जातिसूचक गालियां देना और उससे जबरन बर्तन साफ करवाना यह न सिर्फ 21वीं सदी में जघन्य अपराध है, बल्कि हमारे समाज में गहराई तक फैली जातिवादी घृणा का भयावह प्रतिबिंब है। जूली ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषियों पर एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम और ठछै की कठोर धाराओं के तहत तत्काल कार्रवाई की जाए। केस की सुनवाई तक पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान कर मामले की तत्काल सुनवाई करवाई जाए।

**अलवर में मिल रहे नकली बीज को लेकर जूली ने साधा निशाना :-** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि अलवर सहित पूरे राजस्थान में किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दौड़ गई है। उन्होंने कहा कि नकली बीज का बड़े स्तर पर हो रहे व्यापार ने किसानों की नींद उड़ा दी है। जूली बोले पूरे प्रदेश में मिलावट का बड़े स्तर पर रैकेट चल रहा है जिसकी जांच होना चाहिए।

# पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक में छाए रहे पानी, बिजली व सड़क के मुद्दे

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** शुक्रवार को पंचायत समिति सभागार में साधारण सभा की बैठक का आयोजन पंचायत समिति प्रधान भौंरी देवी राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सरपंच व पार्षदों ने बिजली, पानी, रास्ता खोलों अभियान, सड़क, चिकित्सा, कृषि आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। भजेड़ा सरपंच सीमा मीना ने जेजेएम के तहत भजेड़ा, भांकरी तथा कांदोली गांवों को जोड़ने की रखीं। वहीं पलवा सरपंच कालू फीता ने कहा कि पूरी ग्राम पंचायत में जेजेएम का कोई कार्य नहीं हुआ। सरपंचों ने पानी की समस्या के बारे में बताया। प्रधान भौंरी देवी राठौड़ ने अधिकारियों को आगामी बैठक से पूर्व कार्यवाही की अनुपालना रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। बैठक में कनिष्ठ सहायक राजेंद्र कुमार महावर के साथ मारपीट की घटना करने वालों को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में पुलिस व वन विभाग से कोई भी अधिकारी उपस्थित नहीं रहा। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि शुभम तिवाड़ी, तहसीलदार वी.पी. सिंह, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल कुमार मीना, विकास अधिकारी विक्रम सिंह गुर्जर, सरपंच संघ अध्यक्ष राजेश मीना, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, मुकेश मण्डावरी, पंचायत समिति सदस्य राकेश खंडेलवाल, सरपंच सीमा मीना, कमलेश कुमार मीना, राधा मीना सहित जनप्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# डूंगरी वाले हनुमानजी का मेला मंगलवार को

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता)।** पंचायत समिति के समीपवर्ती ग्राम नयागांव बोलका व डॉगरवाडा में स्थित डूंगरी वाले हनुमान जी महाराज का मेला 10 जून मंगलवार को आयोजित होगा। वहीं 9 जून सोमवार को प्रातः 7ः00 बजे श्री रामचरित मानस पाठ प्रारंभ होगी। तथा मंगलवार को प्रातः 8ः00 बजे से हवन पूजन तथा दोपहर 12ः00 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मेले में रामसिंह एंड पार्टी डोरोली, राम खिलाड़ी सैनी एंड पार्टी बसवा, कजोड़ मीना एंड पार्टी कलेशान द्वारा पद दंगल का आयोजन किया जाएगा।

# नारेहड़ा सीएचसी के डॉ अनील यादव की जाँच रिपोर्ट सीएमएचओ को सौंपी : कुमावत

## क्या मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान की सही से हो रही है पालना!

बढ़ता राजस्थान



बानसूर (धीरज मौर्य)। कोटपूतली बहरोड़ जिले के सीएमएचओ द्वारा गठित टीम ने डिप्टी सीएमएचओ के नेतृत्व में नारेहड़ा स्थित सीएचसी के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ अनील यादव के विरुद्ध शिकायत की जाँच कर रिपोर्ट सीएमएचओ को सौंप दी है।बानसूर के प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुखीराम कुमावत ने बताया कि नारेहड़ा स्थित सीएचसी के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ अनील यादव के खिलाफ शिकायत की जाँच करने के लिए एक कमेटी का गठन डिप्टी सीएमएचओ डॉ प्रमोद भदौरिया के नेतृत्व में किया गया था। जिसकी जाँच कर टीम ने बन्द लिफाफे में जाँच जिला प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को सौंप दी है। वहीं सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा नेता बृजमोहन शर्मा ने कहा कि हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आह्वान पर भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान का अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी प्रशंसा चहूँ ओर हो रही है। पारदर्शिता पूर्ण सरकार चलाने वाले मुखिया की ही प्रशंसा होती है। शर्मा ने बताया कि जिस मुहिम का सुभारम्भ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया उसी मुहिम को कुछ लाल फीताशाही अपनी चलाने के अनदेखी कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि मैं स्वयं सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ का प्रदेशाध्यक्ष हूँ, पर भाजपा का एक छोटासा सिपाही हूँ, क्योंकि मेरे माता पिता ने स्वयं सेवकों के कार्य को भगवान का आशीर्वाद माना है।शर्मा ने बताया कि कुछ अधिकारी जानबूझकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पारदर्शी सुशासन को बदनाम करना चाहते हैं। जब शिकायत प्रामाणिक है तो जाँच रिपोर्ट में जो भी तथ्य सामने आए उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय तक भिजवाकर कार्यवाही की जाए।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय, बहादुरपुर में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रारम्भ, 16 जून आवेदन की अंतिम तिथि

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। राजकीय कन्या महाविद्यालयए बहादुरपुर में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ हो गए हैं। सत्र 2025-26 में महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष में पास कोर्स के लिए 160 सीटों पर प्रवेश होना है। महाविद्यालय में हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, राजनीति विज्ञान, भूगोल, इतिहास, लोक प्रशासन व अर्थशास्त्र विषयों में प्रवेश लिया जा सकता है। महाविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी क्ब्म् की ् से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार प्रवेश हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 16.06.2025 है।

# मीन भगवान महोत्सव व मेले पर शहीद परिवारों का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता)।** उपखण्ड क्षेत्र के भजेड़ा-दुब्बी गांव में स्थित मीन भगवान मंदिर के 15 वें वार्षिक लक्खी मेला इस बार देश के वीर जवान सैनिकों एवं सेना के सम्मान को समर्पित रहा। जिसमें वीर शहीद जवानों की शहादत को याद करते हुए शहीद जवानों के परिवारों का सम्मान क्षेत्र की समस्त जनता व मेला कमेटी द्वारा किया गया। जिसके तहत अलवर व दौसा जिले के 17 शहीद परिवारों को सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी अमीचंद मीना ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित समस्त लोगो ने राष्ट्रगान से की, उसके बाद वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित लोगों ने यह प्रण लिया की हमे अपनी मातृभूमि और देश की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहना हैं और जब- जब देश को जरूरत होगी। हम देश व देश की सेना और अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अपने शहीद भाइयो के परिवार के साथ हमेशा रहेंगे। सबने पड़ोसी देश पाकिस्तान के पहलगाम में कायराना आतंकी हमले की निंदा की और पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा की जैसा इस बार भारतीय सेना ने उनके घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब दिया हैं अगर वो अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो उसको गंभीर परिणाम भुक्तने होंगे। इस क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा पर पर्यावरण को बचाने व जल संरक्षण का संकल्प भी समस्त लोगो ने साथ में लिया गया। सबने सामाजिक एकता और भाईचारे को बनाये रखने पे जोर दिया।

इस बार मेले में क्षेत्र व दूर दराज से हज़ारो की संख्या में माता-बहनों, युवाओं,बुजुर्गों पंच पटेलो ने भाग लिया। इस मौके पर मीन भगवान कमेटी अध्यक्ष रामकृपाल मीना, उपाध्यक्ष प्यारेलाल, विधायक थानागाजी कांती प्रसाद, हेमन्त मीना आईआरएस, रामप्रसाद पंच दुब्बी, सुल्तान उपसचिव, रामगोपाल, सीमा सरपंच भजेड़ा, राजेश सरपंच, कालू सरपंच प्रतिनिधि पलवा, सरपंच रामकिशन, कमलेश सरपंच, घनश्याम शर्मा, मेला कमेटी सदस्य मनोहर लाल, हरसहाय गार्ड, पटवारी, रामचंद्र बाऊजी, गिर्राज प्रसाद, हरी प्रसाद, श्रीनिवास गार्ड, रवि कुमार,आदि मौजूद रहे।

# शान्तिकुंज में पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं लोग

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शहर के वार्ड 38 की शांति कुंज कॉलोनी के मकान संख्या I/85से I/90 व मकान संख्या 340 से 348 तक के लगभग 15 मकानों में पिछले 10 दिन से पानी की आपूर्ति नही हो रही है जिसकी शिकायत वहाँ के निवासियों ने कई बार जलदाय विभाग को दे दी परन्तु अभी तक कोई समाधान नही हुआ है,जलदाय विभाग ने कई जगह गड्ढे खुदवा दिए परन्तु उन्हें अभी तक लाइन भी नही मिली है,गली के निवासी गिरीश कटारिया ने बताया कि वे पिछले 10 दिनों से लगातार अधिकारियों से बात कर रहे है अधिकारी साइट पर आते नही है और फोन करने पर संतोषजनक उत्तर नही देते है बस यही कहते है कि लाइन ढूंढ रहे है और लोगो को पानी के टैंकर मंगाने पड रहे है,जलदाय विभाग ने पानी के टैंकर की व्यवस्था भी नही कीएआज इन घरो के महिला व पुरुषों ने सडक पर इक्कठे होकर जलदाय विभाग के खिलाफ नारेबाजी की व प्रशासन से मांग की के उनके घर जल्दी से जल्दी पानी पहुँचाया जाए।विरोध करने वालो में गिरीश कटारिया, विक्टर,राहुल भाटिया,नरेंद्र अग्रवाल, इस के महाजन,हिमांशु शर्मा,कैलाश मीणा, राजेन्द्र शर्मा,डोली ग्रेस,सीमा,कविता,इंद्रा महाजन आदि लोग थे।

# निर्जला एकादशी पर मंदिरों में दान पुण्य कर कमाया धर्म लाभ

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में शुक्रवार को निर्जला एकादशी पर मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। महिलाओं ने निर्जला एकादशी का उपवास रख कर मंदिरों में खरबूजा, पंखी तथा मिट्टी के घड़े का दान किया। श्री जगन्नाथ मंदिर महंत एडवोकेट मदनमोहन शास्त्री ने बताया कि जेष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी या भीम एकादशी कहते हैं। आज के दिन मंदिरों में खरबूजा, पानी से भरे घड़े और पंखे दान करने का विशेष महत्व है। मंदिर में अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। महिलाओं ने दान पुण्य करके धर्म लाभ कमाया।

# युपीएससी में पास होने पर राहुल मीना का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता)। युपीएससी में 600वीं रैंक तथा एसटी वर्ग में 7वीं रैंक हासिल करने पर राहुल मीना का ननिहाल कचावा में आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। कचावा निवासी बद्री प्रसाद मीना ने बताया कि बांदिकुई उपखंड क्षेत्र के मूलचंद सरपंच की ढ़ाणी निवासी राहुल कुमार मीना का युपीएससी परीक्षा ऑल इंडिया जरनल वर्ग में 600 वीं रैंक तथा एसटी वर्ग में 7वीं रैंक प्राप्त की। उन्होंने यह सफलता चौथे साक्षात्कार में प्राप्त की है। राहुल मीना के कचावा में पहुंचने पर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सभी को मिठाई बांटकर खुशी जताई गई। इस दौरान राजगढ़ -लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगेलाल मीना, खोहरा सरपंच गोपेश भारद्वाज, चिमरावली सरपंच फतेह मोहम्मद, रामेश्वर, रेखा मीना, सुमन मीना, मुरारी आदि मौजूद रहे।

# रथयात्रा की तैयारी को लेकर मेला कमेटी की बैठक हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से 27 जून को निकालने वाली भगवान जगन्नाथ की 171 में रथ यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित हुई। श्री जगन्नाथ मंदिर के महंत पूर्णदास, एडवोकेट मदन मोहन शास्त्री व श्री जगन्नाथ मेला कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र प्रसाद तिवारी तथा सचिव हरिओम गुप्ता ने बताया कि रथ यात्रा की तैयारी को लेकर चौपड़ बाजार श्री जगन्नाथ मंदिर में एक बैठक आयोजित हुई जिसमें सभी समिति सदस्यों ने निर्णय लिया गया कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को एक ऐतिहासिक रूप दिया जाएगा। सचिव हरिओम गुप्ता ने बताया कि रथ को पूर्ण रुप से तैयार कर लिया गया है। कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि प्रशासन को लिखित पत्र के द्वारा सूचना दे दी गई है। बैठक में मंदिर महंत पूर्ण दास, एडवोकेट मदन मोहन शास्त्री, पंडित रोहित शर्मा, मेला कमेटी अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद तिवारी, उपाध्यक्ष कन्हैया लाल लखेरा, राम अवतार सैनी, सचिव हरिओम गुप्ता, सह सचिव इंद्र लाल सैनी, कोषाध्यक्ष नरेंद्र, विधि मंत्री ऑडिटर विश्वास मित्तल, संरक्षक खेमसिंह आर्य, प्रदीप महावर, गिर्राज लखेरा, वसंत गुप्ता, यश खंडेलवाल, गौरी शंकर शर्मा, चिराग सैनी, सुरेश सैनी, यादराम सैनी, मोनू सैनी, मुकेश सैनी, पवन पटवा, देव सोनी आदि मौजूद रहे।

# डीमाण्ड नोटिस भरने के बाद भी क्यों नहीं दिए जा रहे कनेक्शन : दायमा

## किसानों का यह मामला सबडिवीज़न नारायणपुर का है : गोयल

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के बानसूर नगर पालिका क्षेत्र स्थित जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिशाषी अभियंता के कार्यालय के सामने मुख्य द्वार पर बैठकर किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। यह धरना प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग राजस्थान के स्टेट कॉऑर्डिनेटर राकेश दायमा के नेतृत्व में किया गया।धरना प्रदर्शन के दौरान बिजली विभाग होश में आओ,काम करो, काम करो !होश में आकर जनता का काम करो, काम नहीं तो डूब मरो !जैसे नारे लगाए गए। कांग्रेस नेता दायमा ने कहा कि 4-5साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी किसानों को विद्युत क़ृषि कनेक्शन नहीं मिल रहा है। भ्रष्टाचार हावी हो रहा है जिन कर्मचारियों को फोन पे के माध्यम से उनके रिश्वत मांगने पर किसानों ने उन्हें फोन पे के माध्यम से भुगतान किया गया फिर भी उनका विद्युत कनेक्शन नहीं हुआ। किसान वर्ग डीमाण्ड नोटिस के पैसे भरने के बाद भी बराबर 2से 7साल पूर्व के कनेक्शनों के लिए ठोकरें खा रहा है। हम अपने किसान के हित में यह संघर्ष कर रहे हैं। वहीं धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों को उठाने के लिए कुछ लोगों ने पानी बहाकार भी किसानों को हटाने का प्रयास किया गया लेकिन किसान टस से मस नहीं हुए।



वहीं अधिशाषी अभियंता कार्यालय पर मिले जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के कनिष्ठ अभियंता शिवकुमार गोयल ने बताया कि यह मसला नारायणपुर उपखण्ड का है। इन सभी किसानों को अपनी बात रखनी है तो वहाँ रखें। इस दौरान किसान नेता देशराज मेहरा, कांग्रेस के युवा नेता प्रमोद मीणा,राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह यादव, देशराज वर्मा, दिलीप गुर्जर, महेश सैनी, धीरज पहलवान, मिन्टूसिंह, रामधन सैनी, मोहन प्रजापत, हेमसिंह प्रजापत, लेखराज योगी, अशोक बागड़ी, दिनेश यादव मौजूद रहे। वहीं राहुल राजपूत, भूपसिंह यादव, धर्मपाल मीणा, बलराज पारीक, संजय वर्मा, रामकिशन प्रजापत, रिंकू वर्मा, दुलीचंद स्वामी, जीतेन्द्र पहलवान, सरजीत वर्मा, लेखराज स्वामी सहित अनेक किसानों को एक -दो साल से विद्युत कनेक्शन नहीं मिल रहा। दायमा ने बताया कि किसान रामूलाल, सुरेश मीणा, राजपाल सिंह, विकास प्रजापत, सुनील यादव, राजेश सैन सहित अनेक किसानों को 11हजार वोल्टेज लाईन उक्त लोगों के रिहायशी मकानों के ऊपर से गुजर रही है। जो कभी भी बड़ी दुर्घटना होने का संकेत देती रहती है। उस पर अमल किया जाना चाहिए यदि उक्त मांगो पर हमें मिले आश्वासन के बाद भी कार्यवाही नहीं हुई और किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो अगले होने वाले आंदोलन के लिए स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार होगी।

# जितेंद्र सिंह के जन्मदिन के अवसर पर कॉग्रेस जिलाध्यक्ष मिश्रा ने कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर बैठक की आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के प्रभारियों की एक समीक्षा मीटिंग कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा की नेतृत्व में मौजपुर हॉउस पर आयोजित की गई। कॉग्रेस प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने बताया की मीटिंग में अलवर जिले की 11 विधानसभा क्षेत्र में नियुक्त प्रभारियों ने आगामी दिनों में आयोजित होने वाले संविधान बचाओ रैली, जय हिंद सभा तथा एआईसीसी महासचिव, सदस्य, असम प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह के 12 जून को जन्मदिन के अवसर पर कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर अपने प्रभार क्षेत्र में जाकर की गई तैयारियों से कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा को अवगत करवाया।

कॉग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने मोती डूँगरी स्थित कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से मुलाकात करके संविधान बचाओ रैली, जय हिंद सभा, एवं जन्मदिन के कार्यक्रम की अन्तिम रूपरेखा तैयार की। उन्होंने बताया कि 12 जून को पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह के जन्मदिन के अवसर पर प्रातः 7:30 बजे भवानी तोप के पास स्थित गौशाला में गौसवामनी एवं प्रातः 8:00 बजे पौधारोपण, प्रातः 8:30 बजे राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय में फ्ल वितरण एवं काली मोरी पुलिया के पास स्थित मौजपुर हाउस में प्रातः 9:00 बजे से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों में अलवर की 11 विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पदाधिकारीए कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल रहेंगे।

मीटिंग में कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, रोहिताश चौधरी, गफूर खान, राजेन्द्र पाल शर्मा, शादी खान, डॉ.चंद्रभान गुर्जर, रिपु दमन गुप्ता, श्रीमती जीत कौर सांगवान, अनवर साजिद खान मौजूद रहे।

# खुली जनसुनवाई में कई समस्याओं के मौके पर समाधान से फरियादियों के चेहरे खिले

## पेयजल, अतिक्रमण, पेंशन और स्थानांतरण जैसे मुद्दे ज्यादा

बढ़ता राजस्थान



**बारां (नि.स.)।** शुक्रवार को जिला परिषद भवन, बारां के प्रथम तल स्थित हॉल में खुली जनसुनवाई कर आमजन को मौके पर ही राहत प्रदान की। खुली जनसुनवाई मे कई मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जिससे उपस्थित नागरिकों में संतोष और विश्वास का माहौल दिखाई दिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या टालमटोल रवैये को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा जनता के काम समय पर होने चाहिए। जनसुनवाई के दौरान सभी ग्राम पंचायतों में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. ललित मीणा, जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी एवं सीईओ राजवीर सिंह चौधरी सहित सभी जिला स्तरीय विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**मौके पर ही दिये आदेश :** मंत्री दिलावर ने एक-एक व्यक्ति की बात ध्यानपूर्वक सुनी और अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश देकर त्वरित कार्रवाई करने के आदेश दिए। जनसुनवाई के दौरान पेयजल संकट, रास्ता खोलने, अतिक्रमण हटाने, बिजली की आपूर्ति, पेंशन में विलंब, शिक्षा विभाग में स्थानांतरण, अवैध कब्जा, साफ-सफाई जैसे विषयों पर कुल 182 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त कई नागरिक बिना आवेदन के ही सीधे शिविर स्थल पर उपस्थित होकर अपनी समस्याएं बताने पहुंचे। मंत्री ने सभी मामलों को गंभीरता से लिया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों की भी विशेष भागीदारी देखने को मिली। मंत्री श्री दिलावर ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और जनसुनवाई जैसी व्यवस्थाएं जनता और शासन के बीच सेतु का कार्य करती हैं। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त आवेदनों की मॉनिटरिंग करते हुए समुचित फॉलोअप सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# अभिनव पहल : खाली पड़ी भूमि पर लगायेंगे पेड़ शहर हरा भरा करने का दिया प्रस्ताव

### नंदग्राम पर्यावरण मित्र संगठन अपने खर्च से करेगा शुरूआत

### सरकारी भूमि पर होंगे पेड़ तो नहीं पनपेंगे भूमाफिया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** शहर में हजारों बीघा जमीन खुली पड़ी हुई है। जिस पर भूमाफियाओं की नजर रहती है। जब तक केडीए या वन विभाग को भू माफियाओं के खतरनाक मंसूबों का पता चलता है। तब तक वह जमीन एक से दूसरे से तीसरे न जाने कितने ही लोगों को बेच दी जाती है। ऐसे में प्रशासन को तो इन्हें अतिक्रमण से मुक्त करने में खासी मशक्कत और कानूनी पेचिदगीयो का सामना करना पड़ता है,वही गरीब आदमी भी ऐसी जमीनों पर अपनी गाढ़ी कमाई खर्च करके लुट जाता है।

हाडोती के केंद्र कोटा शहर मे अपना घर हो यह सपना हर किसी व्यक्ति का है । ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी और अधिक हो जाती है कि हर व्यक्ति जो भी कोटा में अपना घर बनाना चाहता है वह सुनियोजित तरीके से सही तरीके से अपने जीवन की गाड़ी कमाई का सही तरीके से इस्तेमाल कर सके इसके लिए जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति को जमीनों की पूरी जानकारी हो जहां वह पैसा इन्वेस्टमेंट कर रहा है ऐसी जमीनों को विभागों द्वारा पर्याप्त रूप से चिन्हित किया जाना चाहिए। संयोजक विनोद कुमार गौड़ आज अपने साथियों नितिन नान्ता,सूरज दूगारिया, रवि शर्मा के साथ यूआईटी सचिव कुशल कोठारी से मिले ,उन्होंने से नांता में खाली पड़ी केडीए की जमीन पर वृक्षारोपण करने का प्रस्ताव दिया।

विनोद गौड़ ने बताया कि नंदग्राम पर्यावरण मित्र संगठन की ओर से पेड़ों को लगाने से लेकर उन्हें बड़ा करके वृक्ष बनने तक की जिम्मेदारी लेने की बात कहीं गयी है।

संगठन के नितिन नांता ने बताया कि हमारे संगठन के भीतर एक राय से सरकारी भूमि को जनउपयोगी कार्यों में व पर्यावरण के लिए उपयोग करने का राष्ट्र का पहला अभिनव प्रयोग करने का संकल्प लिया गया है। हमारे संकल्प में ऐसी खाली पड़ी भू पट्टियाँ जिन पर कोई बड़ी प्लानिंग नहीं की जा सकती,नहीं कोई आवासीय प्लान लगाया जा सकता है, ऐसी छोटी-छोटी जमीनों को हम पेड़ लगाकर पर्यावरण के प्रति इन भूमियों का उपयोग करेंगे । पेड़ लगाने से एक और जहां लोगों को स्वच्छ हवा तो मिलेगी वहीं क्षेत्र में बढ़ रहे हैं प्रदूषण से भी मुक्ति मिलेगी इन पेड़ों में ज्यादातर पेड़ घने छायादार और फलदार होंगे धार्मिक महत्व वाले पेड़ों को विशेष रूप से नियोजित करते हुए लगाया जाएगा जिससे 30 त्योहार पर महिलाओं पर धार्मिक लोगों द्वारा इन पेड़ों के संरक्षक और रखरखाव की सामाजिक जिम्मेदारी अपने आप वहन हो जाएगी।

# अजमेर जिला प्रमुख सुशील कवर पलाड़ा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिला प्रमुख श्रीमती सुशील कंवर पलाड़ा की अध्यक्षता में पंचायत समिति भिनाय के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक सहित जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक एवं जनसुनवाई का आयोजन किया गया बैठक में पन्द्रहवे वित आयोग एवं राज्य वित आयोग द्वारा स्वीकृत कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने, जो कार्य प्रारम्भ नही किये गये है उन्हे तत्काल प्रारम्भ कराने, हैण्डपंप/ट्यूबवैल वेधन संबंधी कार्यो को तत्काल ही पूर्ण किया जाकर रिपोर्ट 7 दिवस में प्रस्तुत करने, पेयजल उपलब्धता संबंधी कार्यो में किसी प्रकार की कोताही नही बरती जाने, ग्राम पंचायतों में जो हैण्डपंप/टयूबवैल खराब है उन्हे तत्काल ही ठीक करवाकर रिपोर्ट 7 दिवस में जिला परिषद कार्यालय को प्रस्तुत करने, प्रशासनिक स्वीकृति जारी कार्यो का तकमीना 7 दिवस में प्रस्तुत करने, पूर्णता प्रमाण पत्र में कार्यो की स्थाई शिलापट्ट की जिओ टेग फोटो संलग्न करने, नवीन सामुदायिक स्वच्छता परिसरों हेतु प्रस्ताव तत्काल जिला परिषद कार्यालय को जिन ग्राम पंचायतों द्वारा प्रेषित नही किये गये उसे प्रस्तुत कराने तथा जहां पर गौवंष की संख्या 400 से अधिक हो वहा पर गोबर गैस संयत्र हेतु गऊषाला के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश प्रदान किये गये।

जनप्रतिनिधियों से चर्चा के बीच ग्राम पंचायत लामगरा, करांटी, पडांगा, राताकोट, नान्दसी के ग्रामवासियों द्वारा पेयजल की समस्या बताई गई जिसको दुरस्त करने के निर्देश सहायक अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग ब्लॉक भिनाय को प्रदान किये गये। ग्राम राताकोट व लामगरा के अन्तर्गत ग्रामो में सीसी रोडो की आवष्यकता ग्रामवासियों द्वारा जाहिर की गई थी जिसे स्वीकृत करने हेतु जिला प्रमुख द्वारा विकास अधिकारी भिनाय को निर्देश प्रदान किये गये।

जिला प्रमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैने समान रूप से सभी ग्राम पंचायतों में राज्य वित आयोग, पन्द्रहवें वित आयोग एवं महानरेगा सहित अन्य योजनाओं में लगभग 5-5 करोड़ रूपये स्वीकृत किये है इसके अलावा भी कोई अतिआवष्यक प्रस्ताव हो तो आप अवगत करा सकते है। प्राप्त प्रस्तावों की स्वीकृती जारी करने के निर्देष अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अजमेर को प्रदान किये गये साथ ही सभी को केन्द्र व राज्य सरकार की ग्रामीण हितैषी योजनाओ का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को पहुंचाने के निर्देश प्रदान किये।

# वन्दे गंगा जल संरक्षण महाअभियान आनासागर में किया गया श्रमदान



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** 6 जून को वन्दे गंगा जल संरक्षण महाअभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को आनासागर में श्रमदान कर साफ सफाई की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि वन्दे गंगा जल संरक्षण महाअभियान के अन्तर्गत जिले में विभिन्न जल स्त्रोतों पर श्रमदान कर साफ सफाई करवाई जा रही है। शुक्रवार को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अभिषेक खन्ना के मार्गदर्शन में आनासागर की चौपाटी पर श्रम दान किया गया। आनासागर के किनारे बिखरे कचरे को हटाने का कार्य हुआ। इस कार्य को जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा आमजन ने मिलकर अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि मौके पर उपस्थित जन समूह को जल संरक्षण, विवेकपूर्ण जल उपयोग, वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली अपनाने की शपथ दिलाई गई। नागरिकों ने जल है तो कल है के संकल्प को आत्मसात करने की शपथ ली। जल का संरक्षण विवेकपूर्ण तरीके से करने, अपव्यय रोकने, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने, वर्षा जल संग्रह एवं संरक्षण करने, पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण तथा पूनर्जीवन में सहयोग करने, भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संचय करने सहित विभिन्न अभियानों में सहयोग देने का संकल्प लिया गया। उन्होंने बताया कि चौपाटी के आस-पास अस्थाई दुकानें तथा रेहड़ी लगाकर व्यवसाय करने वालों को स्वच्छता तथा जल स्त्रोतों के महत्त्व के बारे में जानकारी दी गई।

कचरा आनासागर के स्थान का कचरा पात्र में डालने के लिए समझाईश की गई। जल स्त्रोतों को गंदा करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने की बात कही। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीहिमान्शु, नगर निगम उपायुक्त श्रीमती कीर्ती कुमावत सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अजमेर विश्वविद्यालय कोटा के नवनियुक्त कुलपति प्रो. बी.पी. सारस्वत का अभिनंदन समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर की इकाई द्वारा अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में कोटा विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. बी.पी. सारस्वत का गरिमामय अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर की स्थानीय इकाइयों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर नवनियुक्त कुलपति प्रो. बी.पी. सारस्वत ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में बिताए हैं, जिससे उनका विशेष भावनात्मक जुड़ाव है, जो आगे भी बना रहेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि कोटा विश्वविद्यालय को अकादमिक दृष्टि से उत्कृष्ट एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अपने अनुभवों का उपयोग करेंगे। प्रो. सारस्वत ने विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी और पदोन्नति जैसी प्रमुख समस्याओं को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षक भर्ती उनकी पहली प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय सेवा प्रमुख प्रो. सुशील कुमार बिस्सु ने कहा कि प्रो. सारस्वत उन ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो कठिन परिस्थितियों में भी मेहनत कर सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचना चाहते हैं। साथ ही यह भी उल्लेख किया कि वे सदैव महाविद्यालय शिक्षकों के अधिकारों के लिए दृढ़ता से खड़े रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष प्रो. मनोज बेहरवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब कोई व्यक्ति सकारात्मकता एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है, तो समाज में उसे प्रतिष्ठा स्वतः प्राप्त होती है। कार्यक्रम में प्रो. आशीष भटनागर, प्रो. मोनिका भटनागर, प्रो. रितु माथुर, प्रो. अरविंद पारीक, प्रो. अनिल दाधीच, प्रो. लीलाधर सोनी, प्रो. मनोज यादव, डॉ. आशीष पारीक, डॉ. के. आर. माहिया, डॉ. सुनील ट्रेलर, डॉ. राजू शर्मा, डॉ. लारा शर्मा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष भगवान सिंह चौहान, छात्र नेता रोशन गुर्जर सहित अनेक शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।

## अवैध बजरी के परिवहन को लेकर बड़ी कार्यवाही

# अवैध बजरी से भरे ट्रेलर को पकड़ा, चालक मौके से फरार

### माइनिंग विभाग की टीम को आता देख बजरी माफिया दो डंफर अवैध बजरी रोड पर खाली कर भागे

बढ़ता राजस्थान



**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** शुक्रवार को माइनिंग विभाग ने शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से अवैध बजरी पर कार्यवाही करते हुए बजरी से भरा एक ट्रेलर पकड़ा। माइंस फोरमैन गोविंद शर्मा ने बताया कि माइनिंग विभाग तथा राज्य सरकार के संयुक्त प्रदेशव्यापी अवैध खनन एव परिवहन अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए शुक्रवार 6 मई को एडीएम कोटा के निर्देशन में माइन्स फोरमैन गोविंद शर्मा द्वारा लाखेरी क्षेत्र में अवैध खनन एव परिवहन के खिलाफ औचक कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम को नया गांव के समीप स्थित पेट्रोल पंप के सामने स्थित बायपास पर दो डंपर अवैध बजरी से भरे हुए खड़े थे। टीम ने मौके से पीसीआर बूंदी को कॉल किया। डम्फर चालकों को माइनिंग विभाग की टीम के आने के संकेत मिलने के कारण डम्फर चालक लाखेरी पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही डंपर में भरी बजरी को राष्ट्रीय राजमार्ग पर खाली कर भाग छुटे। टीम ने लाखेरी तथा इंद्रगढ़ पुलिस की सहायता से डम्फर का काफी दूरी तक पीछा किया लेकिन पकड़ने मे सफलता नहीं मिली। वापस लौटते समय माइनिंग टीम ने लाखेरी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 1 ट्रेलर अवैध बनास बजरी से भरा हुए पकड़ा। माइनिंग टीम ने मौके पर ही ट्रेलर की जब्ती की कार्यवाही की तथा पुलिस आने पर उक्त ट्रेलर को पुलिस थाने ले जाकर आगे की कार्यवाही संपन्न की। इस टीम में वाहन चालक नरेन्द्र सिंह भी साथ रहे। एडीएम कोटा अविनाश कुलदीप ने बताया की अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

# चंद्रप्रकाश नागर का राष्ट्रीय महामंत्री बनने पर स्वागत किया



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** श्री धाकड़ महासभा (भारतवर्ष) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र नागर पूर्व संसदीय सचिव,ने महासभा कि नयी राष्ट्रीय कार्यकारिणी कि घोषणा की।कार्यकारिणी मे कोटा से समाज को बड़ा पद मिला है। श्री धाकड़ समाज पंचायत कोटा महानगर के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश नागर ( भाण्डाहेडा) को राष्ट्रीय महामंत्री पद पर मनोनीत होने पर धाकड़ समाज मे खुशी कि लहर हे।इसी उपलक्ष मे आज श्री धाकड महासभा के कोटा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी चंद्र नागर (नोल्या) के नेतृत्व में ऊर्जा मन्त्री के विशेषाधिकारी निजी राजेन्द्र प्रसाद नागर, रामकुमार नागर, भूपेन्द्र धाकड, धनराज नागर ( चन्द्रावला), रमेश चन्द्र नागर (लाडाहाली), नवल नागर, राजकुमार मालव , बजरंग लाल नागर, मुकुट नागर, तेजकरण मालव , हरीश नागर, रमेश नागर (जाखोड़ा) ,पंकज नागर, बृजेश नागर, कपिल सागित्रा, आदि उपस्थित कई समाज बन्धुओ ने बधाई व शुभकामनाएँ के साथ पुष्प हार पहना , मीठा मुंह कर बहुत हर्षोउल्लास के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# श्री राम बाल विद्या मंदिर भैंसरोड़गढ़ विद्यालय में प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** विद्या भारती विद्यालय श्री राम बाल विद्या मंदिर भैंसरोड़गढ़ के वंदना सभागार में कक्षा पंचम बोर्ड एवं अष्टम बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया बहनों का प्रतिभावान सम्मान समारोह में पधारे विद्या भारती शिक्षा संस्थान राजस्थान के क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य राधेश्याम शर्मा एवं विद्या भारती शिक्षण संस्थान कोटा जिला समिति के कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा ने मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य भूपेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि पंचम बोर्ड परीक्षा परिणाम में कुल 17 भैया बहन ए ग्रेड प्राप्त। एवं अष्टम बोर्ड परीक्षा परिणाम में कुल 5 ए ग्रेड प्राप्त करने पर इन भैया बहनों का स्वागत पुष्प वर्षा एवं करतल ध्वनि से किया। और राधेश्याम शर्मा नरेंद्र कुमार शर्मा विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी द्वारा भैया बहनों को तिलक लगाकर पुष्प हार पहनाकर करतल ध्वनि से उत्साह वर्धन किया। जिन विषयों में भैया बहनों को सर्वाधिक ए ग्रेड प्राप्त हुई उन विषय आचार्य को भी सम्मान किया जिसमें प्रधानाचार्य भूपेंद्र कुमार शर्मा अनीता हाडा भाग्यवंती कानावत सीमा गोड़ एवं रेखा वैष्णव का सम्मान तिलक पुष्प हार एवं उपहार देकर उत्सवर्धन किया।

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में विद्यालय की बागवानी की सार संभाल करने में विद्यालय के सेवक रतन मेघवाल एवं सेविका मंजू सेन का भी सम्मान तिलक पुष्प हार पहनाकर उपहार देकर करतल ध्वनि के साथ सम्मान किया।

# पिकअप को बचाने के चक्कर में बेकाबू हुआ ट्रक सड़क किनारे बन रहा मकान में जा घुसा

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी।** सातलखेड़ी गांव में एक तेज रफ्तार पिकअप को बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर ट्रक सड़क किनारे एक निर्माणाधीन मकान में घुस गया। गनीमत रही कि जिस समय हादसा उस समय निर्माणाधीन मकान में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। हादसा के बाद ग्रामीणों में इसकी सूचना पुलिस को दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को घटनास्थल से हटाया । दरअसल, यह पूरा मामला सातलखेड़ी गांव का है। जहां शाम 6 बजे क़रीब रामगंजमंडी की ओर से आ रही तेज रफ़्तार पिकअप सुकेत की ओर से आ रहे ट्रक के सामने पिकअप आ गई । पिकअप को बचाने के दौरान ट्रक सड़क किनारे निर्माणाधीन मकान में जा घुसा इस दौरान ट्रक आगे की ओर से क्षतिग्रस्त हो गया ।

## सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन 4 जुलाई को डिग्गी में

### अंतर्राष्ट्रीय समता मंच की प्रतिभाएं होगी सहयोगी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच जन कल्याण की अनेक ऑन योजनाओं के साथ विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों का समय-समय पर अभिनंदन करता रहा है इसी क्रम में अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा राष्ट्र व्यापी भावनाओ को आगे बढाने वसुधैव कुटुम्बकम्, ग्लोबल विल्लेज, सत्यम् शिवम् सुन्दरम्, सर्व जन हिताय-सर्व जन सुखाय, सामाजिक समरसता के साथ 11 जोडो का सर्व धर्म (नि:शुल्क) सामुहिक विवाह सम्मेलन 04 जुलाई 2025 को राजस्थान के प्रसिद्ध मंदिर कल्याण जी की प्रसिद्ध भुमि पर करने जा रहा है। समरसता मंच के मुख्य सलाहकार डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ने बताया कि बाबा रामदेव आश्रम के संस्थापक श्री श्री 1008 पोमजी महाराज खन्दरा जिला सिरोही द्वारा प्रारम्भ किये गये अभियान को विश्व रत्न स्व: श्री महावीर प्रसाद टोरड़ी द्वारा अनवरत चलाया गया था। मंच के प्रेरक सदस्यो व सम्मानित प्रतिभाओ के सहयोग से यह आयोजन किया जायेगा ।विश्व रत्न स्व: श्री महावीर प्रसाद टोरड़ी की कार्य-योजना को निरन्तर चलाते हुऐ इस आयोजन को भडल्या नवमी (अबुज महुर्त )पर रखा गया है। सर्व धर्म सामुहिक विवाह सम्मेलन के कार्यक्रम संयोजक प्रमोद कुमार शर्मा के अनुसार कार्यक्रम किसी जाती या धर्म को देखकर नहीं बल्कि गरीब तबके की कन्याओ का चयन कर उनको इसमें जोड़ा गया। सर्व धर्म सामुहिक विवाह सम्मेलन में घर गृहस्थी बसाने का सामान उपहार स्वरूप प्रेरक सदस्यो के सहयोग से भेट किया जायेगा। यह कार्यक्रम वैदिक रिति रिवाजो, विद्वानो, संत महात्माओ के आशीर्वाद से संपादित किया जायेगा।

## डीईएफ बनाने वाली फैक्ट्री मे छापा मारकर 325 बैग अवैध कृषि यूरिया बरामद किया

बढ़ता राजस्थान



**टपूकड़ा ( नि.स. )।** क़ृषि विभाग खैरथल की टीम ने औधोगिक क्षेत्र खुशखेड़ा में डीईएफ ( डीजल एग्जास्ट फ्लूड ) बनाने वाली फैक्ट्री मे छापा मारकर 325 बैग अवैध कृषि यूरिया बरामद किया। फैक्ट्री प्रबंधक ड़ीईएफ में काम आने वाले टेक्निकल यूरिया के स्थान पर किसानो के उपयोग मे आने वाले यूरिया को काम में ले रहा था। संयुक्त निदेशक क़ृषि (विस्तार) जिला परिषद, खैरथल के निर्देशन मे डॉ. राजेंद्र कुमार, सहायक निदेशक, क़ृषि (विस्तार) किशनगढ़ बास एवं उनकी टीम ने सूचना के आधार पर औधोगिक क्षेत्र खुशखेड़ा में स्थित ग्रीनॉक्स ओइल्स प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया और इस दौरान फैक्ट्री में 325 बैग अवैध यूरिया पाया गया जिसे मौके पर ही सीज कर दिया गया।

## कुंभलगढ़ में बीटीपी को तगड़ा झटका, विधानसभा प्रत्याशी चमन दाना ने थामा कांग्रेस का हाथ

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। कुंभलगढ़ विधानसभा क्षेत्र से एक बड़ी राजनीतिक हलचल सामने आई है, जहां भारत आदिवासी पार्टी (बीटीपी) को करारा झटका लगा है। कुंभलगढ़ विधानसभा से बीटीपी के पूर्व प्रत्याशी चमन दाना ने पूर्व विधायक गणेश सिंह परमार व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के समक्ष विधिवत रूप से कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। उनके इस कदम को आगामी स्थानीय चुनावों और भविष्य की राजनीतिक समीकरणों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। चमन दाना ने कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा पूर्व विधायक गणेश सिंह परमार और अन्य वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में की। इस अवसर पर जिला परिषद उपचुनाव के कांग्रेस प्रत्याशी भरत राम ने चमन दाना को पार्टी का दुपट्टा ओढ़ाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। चमन दाना के कांग्रेस में शामिल होने से बीटीपी को कुंभलगढ़ में अपनी पकड़ मजबूत करने की उम्मीदों को धक्का लगा है, वहीं कांग्रेस को स्थानीय स्तर पर एक अनुभवी चेहरा मिल गया है। चमन दाना ने घोषणा की है कि वे अब जिला परिषद उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी भरत राम के लिए सक्रिय रूप से प्रचार करेंगे। यह उठापटक कुंभलगढ़ में आगामी राजनीतिक गतिविधियों को प्रभावित करेगा और कांग्रेस को आदिवासी बहुल क्षेत्रों में अपनी पैठ बढ़ाने में मदद मिल सकती है। बीटीपी के लिए यह एक चिंतन का विषय होगा, क्योंकि उसके एक प्रमुख चेहरे ने प्रतिद्वंद्वी खेमे में पाला बदल लिया है।

## भिवाड़ी पुलिस ने सिलेण्डर चोरियों का किया खुलासा

बढ़ता राजस्थान

भिवाड़ी (नि.स.)। पुलिस अधीक्षक सुश्री ज्येष्ठा मैत्रेयी ने थाना क्षेत्र में बढ़ती सिलेण्डर चोरियों का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि थाना भिवाड़ी फेज तृतीय क्षेत्र अंतर्गत गैस सिलेण्डर चोरी करने वाले शातिर आरोपी श्याम सिंह पुत्र मन्नूराम, सौरभ पुत्र मनोज कुमार निवासी मिलकपुर गूर्जर, राहुल पुत्र राजकुमार निवासी भाट कालोनी फतेहाबाद हाल निवासी हरीश की कालोनी कापड़ीवास धारूहेड़, नरेश पुत्र मनोहर लाल निवासी जाटव मौहल्ला पानी की टंकी के पास साथलका को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10 गैस सिलेण्डर बरामद किये हैं। गिरफ्तार आरोपी श्याम सिंह और सौरभ के विरूद्ध पूर्व में भी अवैध शराब, नकली नोट रखने व चोरी के वारदात के कई प्रकरण दर्ज हैं।

वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान

# 111 तुलसी के पौधों का वितरण कर, प्रत्येक व्यक्ति से कि पांच पौधे लगाने की अपील

- धरती पर जीवन का अस्तित्व जल और हरियाली पर टिका- रामहेत सिंह यादव
- बंबोरा बावड़ी और नंगली ओझा के चारागाह विकास कार्यों को मिली सराहना

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल-तिजारा।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर बंबोरा बावड़ी पर वंदे गंगा - जल संरक्षण जन अभियान द्वितीय दिन भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्ति एवं पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिए प्रेरित किया गया ।

कार्यक्रम की शुरुआत सरोवर जल पूजन से हुई। इसके पश्चात उपस्थित अतिथिगणों ने सरोवर की पाल पर हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण किया। तत्पश्चात विभिन्न गणमान्य अतिथियों ने जल, पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण के महत्व पर विचार व्यक्त किए। पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि धरती पर जीवन का अस्तित्व जल और हरियाली पर टिका है। जल केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि यह जीवन का आधार है - एक ऐसा तत्व जिसे हमें श्रद्धा और जिम्मेदारी के साथ सहेजना चाहिए। आज, जब हम जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, तो समय आ गया है कि हम सिर्फ चिंता नहीं, बल्कि ठोस कार्य करें, सरकार द्वारा इस दिशा में पर्यावरण को सहेजने हेतु इस अभियान कि शुरुआत की गई। हमें अपने आसपास के जल स्त्रोतों को बचाने के लिए संगठित होकर प्रयास करने होंगे - तालाब, कुएँ, नदियाँ और वर्षा जल - हर बूंद की रक्षा करनी होगी। भूजल स्तर को फिर से जीवन देना और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह कार्य सरकार का ही नहीं, हम सबका साझा दायित्व है। उन्होंने सभी से अपील कर कहा कि एक संकल्प लें - कम से कम 5 पौधे अवश्य लगाएं। यह छोटा-सा प्रयास, जब हर व्यक्ति द्वारा किया जाएगा, तो वह एक बड़ा परिवर्तन लाएगा। उन्होंने विशेष रूप से हमारी माताओं, बहनों और बेटियों से आह्वान करता हूँ कि वे इस हरित अभियान में अपनी प्रभावशाली भूमिका निभाएं, क्योंकि प्रकृति से उनका जुड़ाव सबसे गहरा होता है। उन्होंने बताया कि 78 करोड़ की परियोजना के माध्यम से किशनगढ़ बास के 32 गांव को रुंध गिदावड़ा से पेयजल आपूर्ति की जाएगी। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि राजस्थान की संस्कृति सदैव जल संरक्षण की रही है।

आज की पीढ़ी को पारंपरिक जल स्त्रोतों की रक्षा कर भविष्य के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने आज हम पर्यावरण संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि जल पृथ्वी पर सीमित मात्रा में है जिसका हमें सदुपयोग कर भूजल स्तर को बढ़ाने हेतु जल संरक्षण के विभिन्न उपाय करने चाहिए। इस अवसर पर 111 तुलसी पौधे वितरित किए गए और जल संकल्प शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम के दौरान कलश यात्रा एवं जागरूकता रैली को उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## भावा गांव में 51 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार, वैदिक परंपरा का हुआ पुनरुत्थान

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला मुख्यालय के समीप स्थित भावा गांव में आयोजित किए जा रहे वैदिक शिविर में संरक्षक संस्था संरक्षक ओम प्रकाश शर्मा के सान्निध्य व 52 खेड़ा गुर्जर गोड़ समाज के अध्यक्ष झमकुलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में एक अत्यंत शुभ और प्रेरणादायक कार्यक्रम संपन्न हुआ। गुरुवार को सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया गया, जिसमें 51 ब्राह्मण बटुकों ने पवित्र यज्ञोपवीत धारण कर वैदिक परंपराओं को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में संत रमेश दास महाराज, शांतिलाल तिवारी, मनोहर व्यास, प्रहलाद कुमार, विमल कुमार, भगवतीलाल, भूपेंद्र पारिक और नंदलाल पालीवाल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद विद्वान आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन और पूजा संपन्न करवाई। इस अवसर पर बटुकों को यज्ञोपवीत के महत्व से अवगत कराया गया। आचार्य हरिप्रसाद ने यज्ञोपवीत के विषय में विशेष जानकारी प्रदान की। जबकि आचार्य पवन कुमार और गणपत ने यज्ञोपवीत धारण करने के नियमों पर प्रकाश डाला। संस्था के अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। आचार्य विष्णु कुमार शर्मा और नंदलाल शर्मा द्वारा स्तोत्रों का पाठ किया गया, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस पुनीत अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 500 अभिभावक उपस्थित रहे, जो इस प्राचीन संस्कार के प्रति उनकी आस्था और समर्पण को दर्शाता है। कार्यक्रम में विष्णु कुमार, किशन पालीवाल, प्रदीप कुमार, कजोड़ीमल, नंदलाल शर्मा, हरीश पालीवाल, पवन पालीवाल जैसे अनेक विद्वान आचार्य उपस्थित थे। आयोजन में अनेक भामाशाहों ने भी संस्था को अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया, जिससे यह वैदिक शिविर और यज्ञोपवीत संस्कार सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। यह आयोजन न केवल बटुकों के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव था, बल्कि इसने समाज में वैदिक संस्कृति के पुनरुत्थान का भी एक सशक्त संदेश दिया। संचालन प्रहलाद तिवारी ने किया।

## 30 जून तक भवन का गुणवत्तापूर्ण हो निर्माण पूरा



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्व विद्यालय जोबनेर के कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह ने कृषि महाविद्यालय भुसावर का दौरा कर निर्माणाधीन विद्यालय भवन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कुलपति ने महाविद्यालय निर्माणाधीन भवन का भ्रमण कर अवलोकन किया, निर्माण कार्य मे देरी पर नाराजगी जताई तथा ठेकेदार को 30 जून तक गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जुलाई से शुरू होने वाले नये सत्र में नवनिर्मित महाविद्यालय में अध्यापन कार्य शुरू होना आवश्यक है। भवन की कमी से विद्यार्थियों को प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त कक्षा कक्षों की सुविधा नही मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सुविधा की कमी होने के कारण अध्ययन में बाधा आती है, जो कि खेद जनक है।

कुलपति ने डीन डॉ. उदय भान सिंह व अन्य स्टाफ को कॉलेज फार्म पर आगामी वर्षा ऋतु में योजनाबद्ध तरीके से जलवायु अनुकुल बगीचे लगाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने इसी ऋतु में छायादार, अलंकृत एवं फलदार पौधों के लगभग 10 हजार पौधे तैयार करने के निर्देश भी दिए ताकि स्थानीय लोगों की पौधों की मांग को पूरा किया जा सके। इस अवसर पर डॉ. रामफूल पूनिया, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. मोहित कुमार, भानुप्रिया, दीपक मीणा, रामाशंकर मीणा, गीता गवारिया, प्रेम कुमारी वर्मा आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## निर्जला एकादशी पर वंदे गंगा जल सेवा : सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ द्वारा किया गया कैरी पानी व शरबत वितरण

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** एकादशी के शुभ अवसर पर अधीक्षण अभियंता, पीएचईडी विभाग द्वारा वंदे गंगा जल संरक्षण एवं जल स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत जनसेवा व जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।मुख्य कार्यक्रम ब्यावर के चांग गेट पर आयोजित हुआ, जहां माननीय सांसद राजसमंद श्रीमती महिमा कुमारी जी मेवाड़ एवं विधायक श्री शंकर सिंह जी रावत विशेष रूप से उपस्थित रहे ।सांसद महोदया ने कलश यात्रा के साथ ही उनका सम्मान समारोह भी संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आमजन के लिए शरबत एवं कैरी पानी की निशुल्क सेवा की गई, जिससे जल सेवा और जनकल्याण का संदेश दिया गया।

जनसुविधा के तहत बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और चांग गेट जैसे सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खड़गावत, पुलिस अधीक्षक श्याम



सिंह,अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## निर्जला एकादशी पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( नि.स. )।** निर्जला एकादशी के अवसर पर उपखंड क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ ! कस्बे के दाऊजी मंन्दिर, चतरभुज मंदिर सहित विभिन्न देवालयों सहित अनेक स्थानों पर निर्जला एकादशी कथा का आयोजन हुआ जहां भक्तों ने मीठा शीतल जल सहित आम खरबूजा सहित हवा करने के लिए पंखे ( बीजनी) भेट कर कथा श्रवण की। अनेकों स्थानों पर लोगों ने पीतल पेयजल की छबीले लगाई। आनेक स्थानो पर एकादशी अनुष्ठानों का आयोजन हुआ।

## खरीफ ऋतु में बाजरे के साथ दलन फसलों का उत्पादन कर लाभ कमाए

### शुद्ध एवं पौष्टिक रसायन मुक्त सब्जियां खिलाने हेतु किचन गार्डन बनाये

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** प्रो. बलराज सिंह कुलगुरू ने किसानों के साथ संवाद करते हुए कहा कि संरक्षित खेती, आधुनिक कृषि मशीनीकरण, सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियां, मृदा एवं जल की गुणवत्ता पर आधारित फसल एवं उनकी किस्मों का चयन कर किसान खेती को अधिक लाभप्रद बना सकते हैं। भरतपुर क्षेत्र में मधुमक्खी पालन कर शहद प्रोपोलिश, रॉयल जैली एवं बीवेनम का उत्पादन कर अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। खरीफ ऋतु में बाजरे के साथ दलहन फसलें जैसे उड़द एवं अरहर का उत्पादन लेना लाभप्रद है। प्रत्येक किसान अपने परिवार का शुद्ध एवं पौष्टिक रसायन मुक्त सब्जियां खिलाने हेतु किचन गार्डन जरूर लगाये। जिसमें नीबू, अमरूद एवं सजहन के दो-दो पेड़ लगाकर अपने परिवार को पौष्टिक आहार उपलब्ध करा सकते हैं। साथ ही इस क्षेत्र में आलू की खेती, फल एवं सब्जियों की उन्नत खेती कर विदेशों को निर्यात कर सकते हैं। साथ ही कुलगुरू महोदय ने उपस्थित महिलाओं को आवहान किया की उच्च कृषि शिक्षा में बेटियों को आगे बढ़ायें। आज विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर किसानों को सम्बोधित करते हुए सभी गांवों में चारागाह भूमि पर अधिक से अधिक वर्षारोपण हेतु एवं प्लास्टिक के उपयोग को बन्द करने के लिए प्रेरित किया।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र तथा विकसित कृषि संकल्प अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. नबाव सिंह ने बताया की यह कार्यकम भौसिंगा, न्यौठा झारकई, खेरिया बाह्मण आदि के प्रगतिशील किसानों एवं एफपीओ (कृषक उत्पादन संगठन), महिला कृषक समूहों, भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि उपज मंडी मत्स्य विभाग, इफको के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. वीवी सिंह निदेशक भारतीय सरसों अनुसंधान सस्थान सेवर, देशराज सिंह अतिरिक्त निदेशक भरतपुर, योगेश शर्मा संयुक्त निदेशक उद्यान जोन भरतपुर, डॉ. आरएस जाट प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. उदयभान सिंह डीन कृषि महाविद्यालय भुसावर एवं कुम्हेर, डॉ अशोक शर्मा प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. विनोद कुमार प्रधान वैज्ञानिक, रामवीर सिंह, कान्हा सिंह सहायक कृषि अधिकारी ने किसानों को तकनीकी, मृदा एवं जल परिक्षण, फसल संरक्षण, खरीफ फसलों की उन्नत प्रजातियां एवं किसानों को कृषि अनुदानित सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

## हर घर तुलसी, घर-घर तुलसी : पवित्रता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### एसडीकेएस वेलफेयर फाउंडेशन का संकल्प, 31,000 तुलसी के पौधे होंगे नि:शुल्क वितरित

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** धर्म, संस्कृति और पर्यावरण को एक सूत्र में पिरोते हुए (सुख, दु:ख का साथी) वेलफेयर फाउंडेशन ने एक नई पहल की शुरुआत की है हर घर तुलसी, घर-घर तुलसी। इस अभियान के तहत फाउंडेशन 31,000 तुलसी के पौधे लोगों को नि:शुल्क वितरित करेगा।भव्य आयोजन की शुरुआत बड़ी चौपड़ गणेश जी के महंत आनंद जी और घाट के बालाजी के महंत सुरेश जी की गरिमामयी उपस्थिति में हुई। दोनों संतों ने अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़ें और धर्म के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। फाउंडेशन ने जानकारी दी कि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आज से शुरू हो चुकी है। श्रद्धालु एवं पर्यावरण प्रेमी इस मुहिम में भाग लेकर अपने आंगन को तुलसीमय बना सकते हैं।फाउंडेशन का उद्देश्य केवल तुलसी का वितरण नहीं, बल्कि लोगों को धार्मिक आस्था और पर्यावरणीय चेतना से जोड़ना है। हर घर तुलसी के माध्यम से समाज को संस्कार, सेवा और समर्पण की भावना से जोड़ने की कोशिश की जा रही है।

31,000 तुलसी पौधों का नि:शुल्क वितरण धार्मिक संतों की उपस्थिति में हुआ शुभारंभ रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आज से प्रारंभ। धर्म और पर्यावरण को जोड़ने की प्रेरक पहल ।कार्यक्रम की तिथि और स्थल जल्द होंगे घोषित।

# राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े आज चित्तौड़गढ़ के दौरे पर रहेंगे

बढ़ता राजस्थान

**कपासन/चित्तौड़गढ़।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज शनिवार 7 जून को चित्तौड़गढ़ के दौरे पर रहेंगे।

जिला कलक्टर चितौड़गढ़ आलोक रंजन ने बताया कि माननीय राज्यपाल शनिवार प्रात: 10.15 बजे सिरोही से सड़क मार्ग द्वारा दोपहर 1.15 बजे चित्तौड़गढ़ स्थित सर्किट हाउस पहुंचेंगे।निर्धारित कार्यक्रम अनुसार राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े दोपहर 3.45 बजे सर्किट हाउस से इंदिरा प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में चित्तौड़गढ़ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के कार्यक्रम में भाग लेंगे। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े रविवार 8 जून प्रात: 8.45 बजे सर्किट हाउस से पुलिस लाइन हेलीपैड पहुंचेंगे तथा हेलीकॉप्टर द्वारा जयपुर प्रस्थान कर करेंगे।जिला मजिस्ट्रेट आलोक रंजन द्वारा आदेश जारी कर राज्यपाल महोदय की यात्रा का सुचारु एवं सुरक्षित संचालन हेतु ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं।

# रास्ता खोलो अभियान: ग्राम इटावा से एकड़ा तक हटाया अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे रास्ता खोलो अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा ग्राम इटावा से एकड़ा तक सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में उपखंड प्रशासन द्वारा पूर्व में प्राप्त शिकायत का मौका निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान गिरदावर मौजीराम मीना, राजेश मीना, पटवारी विमला मीना एवं पुलिस जाप्ता मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने अतिक्रमियों को पाबंद करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा आमजन के आवागमन एवं सुविधा हेतु सार्वजनिक आम रास्तों पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अभियान के तहत आगे भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान प्रतिदिन विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही हैं कई गतिविधियां

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़।** जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण, संवर्धन, पारंपरिक जल स्त्रोतों के रखरखाव, वर्षा जल के संग्रहण तथा जन जागरूकता के लिए विभिन्न विभागों द्वारा प्रतिदिन विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 20 जून तक संचालित किया जाएगा।

जिला कलक्टर आलोक रंजन ने बताया कि प्रत्येक विभाग को दैनिक कार्यक्रमों के माध्यम से अभियान की सफलता में भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उन्होंने बताया कि 7 जून को पशुपालन विभाग द्वारा जिले के समस्त पशु चिकित्सा संस्थानों एवं गौशालाओं में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई कार्य किया जाएगा तथा जिला एवं ब्लॉक स्तर पर जल संरक्षण विषयक गोष्ठियों का आयोजन होगा। 8 जून को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, स्थानीय निकाय विभाग ,ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों, नेहरू युवा केंद्र, राजीविका एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से

वंदे गंगा प्रभात फेरी जागरूकता रैली का आयोजन एवं स्थानीय निकाय विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों के वार्डों में भी प्रभात फेरी एवं जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा।

इसी प्रकार 9 जून को बहुविभागीय गतिविधियाँ के तहत ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा 10 नवीन अमृत सरोवरों का शुभारंभ, मनरेगा के तहत जल संग्रहण व जल संरक्षण की 62 नई संरचनाओं का शुभारंभ एवं 150 स्थलों पर पौधारोपण की अग्रिम तैयारी की जाएगी। कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के अंतर्गत बड़ीसादड़ी ब्लॉक के 50 पूर्ण कार्यों का अवलोकन, 600 जल स्त्रोतों की मैपिंग एवं सफाई, 1400 सोख्ता गड्ढों की सफाई एवं गाँवों के मुख्य मार्गों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की व्यापक सफाई का कार्य होगा। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सरकारी भवनों में स्थापित ऋड्ढ।स् (रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम) की सफाई। रोड साइड पौधारोपण हेतु 1500 गड्ढों की अग्रिम तैयारी होगी।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन/चित्तौड़गढ़ ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अवसर पर गुरुवार सांय जिला मुख्यालय स्थित इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का स्काउट-गाइड एवं स्थानीय 14 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, पारंपरिक राजस्थानी गीत केसरिया बालम जल संरक्षण पर आधारित लघु नाटक, राजस्थानी लोकनृत्य, समूह नृत्य, पेड़ बचाओ विषयक प्रस्तुति सहित देशभक्ति गीतों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर भूमि विकास बैंक अध्यक्ष बद्रीलाल जाट, प्रक्षिशु आईएएस रविंद्र मेघवाल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महावीर शर्मा, एडीपीसी प्रमोद दशोरा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक एवं प्रारंभिक राजेंद्र शर्मा सहित शिक्षक एवं दर्शकगण उपस्थित रहे।उक्त कार्यक्रम का संचालन पारस टेलर द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच मिला।

# बूंदी की पेच की बावड़ी और सथूर पंचायत: पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल, क्षेत्र को बना रहे हरा-भरा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** राजस्थान के बूंदी जिले की पेच की बावड़ी और सथूर पंचायतें पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही हैं। इन पंचायतों ने बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण और नर्सरी स्थापना के माध्यम से क्षेत्र को हरा-भरा बनाने और बंजर भूमि का कायाकल्प करने का बीड़ा उठाया है।



## मोतीपुरा में 30 हेक्टेयर चारागाह का कायाकल्प

पेच की बावड़ी पंचायत के मोतीपुरा गांव में 30 हेक्टेयर के विशाल चारागाह क्षेत्र को हरा-भरा करने का प्रयास किया जा रहा है। यहां लगाए गए फलदार और छायादार पौधे अब धीरे-धीरे पेड़ का रूप ले रहे हैं, जो पर्यावरण संरक्षण का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन रहा है। इन पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित की जा रही है। यह महत्वपूर्ण कार्य वंदे गंगा, जल संरक्षण - जन अभियान से और भी गति पकड़ेगा, जो राज्य सरकार की पर्यावरण संरक्षण की मंशा के अनुरूप है। इसके अलावा, पेच की बावड़ी पंचायत पौधशाला में भी फलदार पौधों का संरक्षण किया जा रहा है।

## सथूर पंचायत की नर्सरी: आय और हरियाली का स्रोत

हिंडोली उपखंड क्षेत्र की सथूर पंचायत ने राज्य वित्त आयोग की षष्ठम योजना मद के तहत 3 लाख रुपये की लागत से एक नर्सरी स्थापित की है। यह नर्सरी अब पूरी तरह से तैयार है और विभिन्न प्रकार के फलदार, फूलदार और छायादार पौधों से हरी-भरी है। राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालयों को यहां से पौधारोपण के लिए नि:शुल्क पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वहीं, आमजन भी पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में भाग ले सकें, इसके लिए उन्हें मात्र 10 रुपये की किफायती दर पर पौधे दिए जा रहे हैं। सहायक अभियंता रामकुमार डुकिया ने बताया कि इस वर्ष नर्सरी में 30 हजार पौधे तैयार करने का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह नर्सरी न केवल स्थानीय स्तर पर हरियाली को बढ़ावा देगी, बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने में भी सहायक सिद्ध होगी। यह ग्रामीणों को सस्ती दरों पर पौधे उपलब्ध करा रही है और उन्हें पौधारोपण करने व उनकी देखभाल के लिए प्रेरित कर रही है। इस पहल से ग्राम पंचायत की आय में वृद्धि हो रही है, वहीं पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को भी मजबूती मिल रही है।

**वंदे गंगा जल संरक्षण** - जन अभियान के तहत शुक्रवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय की ओर से मीडिया प्रतिनिधियों को इन स्थानों का फील्ड विजिट कराया गया। फील्ड विजिट में शामिल मीडिया प्रतिनिधियों ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। यह पहल अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकती है, जिससे न केवल क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

# मुख्यमंत्री का केशोरायपाटन दौरा रहा विफल जन भावनाओं के अनुरूप नहीं हो सकी घोषणाएं- विधायक शर्मा

## योजनानुसार चुदंडी के नाम से गंगा दशमी को आधार बनाकर धार्मिक वातावरण को प्रोत्साहित कर जनता का ध्यान भटकाना रहा मुख्य उद्देश्य

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** विधायक हरिमोहन शर्मा ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का बूंदी जिले के केशोरायपाटन क्षेत्र का दौरा पूरी तरीके से असफल रहा।

स्नशर्मा ने बताया कि पार्टी की आंतरिक खींचतान और प्रभारी मंत्री जी की अकुशलता तथा प्रशासनिक अदूरदर्शिता के कारण अव्यवस्था भेंट चढ़ा दौरा, पार्टी के पदाधिकारी पूर्व विधायक , पूर्व सांसद और वर्तमान संगठन तथा प्रभारी मंत्री आपस मैं ताल मेल तक नहीं बैठा पाए और किसी भी प्रकार की उपलब्धि भरी समस्याओं के समाधान की घोषणा भी नहीं करा पाए जनता को भरोसा था कि जनभावनाओं के अनुसार केशवरायपाटन मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य,शुगर मिल के संबंध में और के. डी .ऐ . को समाप्त करने और एयरपोर्ट में बूँदी का नाम आदि कार्यों की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा की जाएगी परंतु किसी भी प्रकार के विकास की घोषणा नहीं कर पाए जिससे जनता को निराशा हाथ लगी साथ ही विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री जी से मिलने का अवसर भी नहीं देना अनुचित ओर ग़ैर ज़िम्मेदाराना काम रहा केवल 1551 फिट चुंदडी औढाहने के अलावा कोई उपलब्धि नहीं रही, हाँ योजनानुसार चुदंडी के नाम से गंगा दशमी को आधार बनाकर धार्मिक वातावरण को प्रोत्साहित कर जनता का ध्यान भटकाना के अलावा कुछ भी नहीं हुआ । शर्मा ने बताया कि पूर्व में लोकसभा अध्यक्ष द्वारा कोटा चंबल रिवर फ्रंट की तर्ज पर केशोरायपाटन चंबल नदी के किनारे पर भी रिवर फ्रंट का निर्माण करवाने हेतु डीपीआर बनाने की घोषणा की गई थी उसे संबंध में भी मुख्यमंत्री जी द्वारा किसी प्रकार की घोषणा नहीं की गई ।

इस दौरे से क्षेत्र की जनता आहत है और दौरा पूर्णतया असफल रहा ।

# श्री दिगंबर जैन नवयुक मंडल की नई कार्यकारिणी गठित

## कोठारी अध्यक्ष, जैन मंत्री एवं गोधा कोषाध्यक्ष घोषित



बढ़ता राजस्थान

**बिजयनगर ( अमित शर्मा ) ।** श्री दिगंबर जैन नवयुक मंडल, बिजयनगर की नवीन कार्यकारिणी का गठन बुधवार को स्थानीय सथाना बाजार स्थित श्री 1008 चंदाप्रभु दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में हुआ। इसका गठन सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष सुनील कोठारी की उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर जैन समाज के सभी पदाधिकारियों नवयुवक मंडल के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अजय कोठारी को अध्यक्ष, अक्षत जैन को मंत्री तथा मोहित गोधा को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय श्री दिगंबर जैन समाज के अनेक गणमान्यजनों एवं नवयुक मंडल के सदस्यों की उपस्थिति रही और नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

# 17 वर्षीय युवती और 19 वर्षीय युवक ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

## प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग का आ रहा है मामला सामने , दोनों ही परिवार के लोगों का कहना हमें नहीं है जानकारी,, पुलिस जुटी है मामले की जांच में।

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिले के तालेड़ा थाना इलाके के धनातरी गांव में आज 17 वर्षीय नियुक्ति खुशबू और 19 वर्षीय युवक सूरज दोनों ने एक साथ नीम के पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।





सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची तालेड़ा थाना पुलिस ने दोनों के शवो को फंदे से उतार कर अपने कब्जे में लिया, और परिजनों को सूचना दी । परिजनों को पता लगने के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। वही गांव में हड़कंम मच गया। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से दोनों ही मृतक युवक युवती के शव का पोस्टमार्टम करवा कर, शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वहीं मामले की गनता से जांच की जा रही है।

तालेड़ा थाना अधिकारी अजीत ने बताया कि सुबह सूचना मिली थी मौके पर पहुंचे तो ,वहां युवक और युवती खेत पर नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटके हुए मिले थे, जिन्हें उतार कर अस्पताल पहुंचाया, चिकित्सकों ने दोनों को ही मृत घोषित कर दिया । परिजनों को मामले की जानकारी दी है ,और दोनों ही मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है ,वही मामले में अनुसंधान किया जा रहा है ।

# शिक्षा के प्रति जागरूकता हेतु चौमहला में आयोजित हुआ तालीमी सेमिनार

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में शिक्षा के महत्व को उजागर करने और समाज में शैक्षणिक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रॉयल ग्रुप चौमहला के बैनर तले एक भव्य तालीमी सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक सिटी पैलेस में सम्पन्न हुआ, जिसमें मुस्लिम समाज के उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कक्षा आठवीं, दसवीं और बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज का नाम रोशन किया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि को बढ़ाना, उन्हें प्रोत्साहित करना और आगामी शिक्षा के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। इस अवसर पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर उनकी हौसला अफजाई की गई। कार्यक्रम में चौमहला के साथ-साथ गंगधार, चिश्तिपुरा और किटिया क्षेत्र से आए बच्चों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया।समारोह में वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर



में शिक्षा ही एकमात्र ऐसा माध्यम है, जिससे समाज प्रगति की ओर अग्रसर हो सकता है। शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की दिशा में मार्गदर्शन दिया तथा बताया कि कैसे वे अपने लक्ष्य को निर्धारित कर मेहनत से उसे हासिल कर सकते हैं। इस आयोजन में विभिन्न वक्ताओं ने सामाजिक बदलाव में शिक्षा की भूमिका, करियर विकल्प, छात्रवृत्ति योजनाएं, और तकनीकी शिक्षा के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि आज के समय में बच्चियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि शिक्षित महिला ही एक शिक्षित समाज की नींव रखती है।

# रामप्रकाश तोषनीवाल चौरिटेबल ट्रस्ट के हर हर गंगे-घर घर गंगे प्रकल्प का शुभारंभ, 1200 बोतल की वितरित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा ( अमित शर्मा )।** लायन्स क्लब के तत्वावधान में राम प्रकाश तोषनीवाल चौरिटेबल ट्रस्ट के सानिध्य में हर हर गंगे - घर घर गंगे प्रकल्प के तहत निर्जला एकाद्शी पर्व 6 जून शुक्रवार को प्रात: 10.00 बजे जिला काराग्रह के सामने आरएसईबी ऑफिस के अंदर स्थित ग्यारस माता मंदिर में नियमित रूप से गंगाजल वितरण केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिसमे 1200 गंगाजल की बोतल वितरित की गई। राम प्रकाश तोषनीवाल चौरिटेबल ट्रस्ट चौयरमेन व पीडीजी लायन दिलीप कुमार तोषनीवाल ने बताया की हर हर गंगे-घर घर गंगे प्रकल्प के तहत नियमित



गंगाजल वितरण केंद्र का शुभारंभ महामंडलेश्वर हंसाराम उदासीन, गो भक्त व शहर विधायक अशोक कोठारी, ग्यारस माता मन्दिर मंहत जमनालाल द्वारा किया गया। तोषनीवाल ने बताया है कि आगामी दिनों में भीलवाड़ा शहर में दो-तीन जगह और चिन्हित करके नियमित रूप से गंगाजल वितरण केंद्र की स्थापना की जाएगी। जिससे सभी भक्त एवं श्रद्धालुओं को भगवान की पूजा अर्चना में गंगाजल मिल सके। इस दौरान लायन आरपी बलदवा, भानु जैन गिरीश गाँधी, अनिता आर्य, मधु तोषनीवाल, अनिल गग्गड, निर्मल गोखरू, केसी अजमेरा, लायन सम्पत माहेश्वरी संदीप कोगटा, मंजू कंवर, कैलाश डाड, गजानन्द बजाज, कैलाश सोनी, अनुप माहेश्वरी, अनिमेश माहेश्वरी, खुशबु माहेश्वरी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# महेंद्रगढ़ में निर्जला एकादशी पर जीव दया ग्रुप की अनूठी पहल

## गौमाता के लिए 2100 किलो हरे चारे की व्यवस्था, 90 युवाओं की सेवा भावना का दिया उदाहरण



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ महेंद्रगढ़( अमित शर्मा ) ।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर महेंद्रगढ़ के जीव दया ग्रुप द्वारा एक सराहनीय कार्य करते हुए सुनी हुई गौमाताओं को 2100 किलो हरा चारा खिलाया गया। यह पहल ग्रामीण युवाओं द्वारा संचालित इस ग्रुप की जीव सेवा के प्रति गहरी निष्ठा को दर्शाती है।

ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि जीव दया ग्रुप की स्थापना मकर संक्रांति के दिन की गई थी, और बीते 6 महीनों से यह ग्रुप प्रतिदिन गांव में जीवों की सेवा में सक्रिय है। वर्तमान में ग्रुप में 90 सदस्य हैं, जो हर माह आपसी सहयोग से धन एकत्र कर जीव दया के कार्यों में लगाते हैं।

ग्रुप के माध्यम से प्रतिदिन गांव में आवारा व जरूरतमंद पशुओं को चारा-पानी उपलब्ध कराया जाता है। इससे पूर्व भी यह ग्रुप कई अवसरों पर जीव सेवा से जुड़ी मिसाल पेश कर चुका है।

ग्रुप की यह पहल ग्रामीण समाज में सेवा, करुणा और दया भावना को मजबूत करती है। स्थानीय लोग भी इस मुहिम में आगे आकर सहयोग दे रहे हैं।



# निर्जला एकादशी पर दान पुण्य का कार्यक्रम पूरी आस्था के साथ चला

बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी ( नि.स. )।** धार्मिक नगरी मेहंदीपुर बालाजी मे शुक्रवार को ज्येष्ठ माह की निर्जला एकादशी पर जलपात्र, शर्बत और रसीले फलों के साथ हाथ के पंखों का दान पुण्य का कार्यक्रम पूरी आस्था के साथ चला। साथ ही महिलाओं ने अपने आराध्य को मीठे जल और शरबत भरे मिट्टी के कलश भेंट किये। बालाजी मंदिर के सामने श्री सीताराम मंदिर मे विराजमान भगवान सीताराम जी और राधा गोविंद जी की प्रतिमा को श्रद्धालु हाथ पंखे से हवा करते नजर आये। श्रद्धालुओं ने भगवान को आम, खरबूजा फल भी चढ़ाए। लोगों ने गौशाला जाकर गायों को चारा खिला या बंदरों के लिए बिस्कुट खिला करधर्म लाभ कमाया। मेहंदीपुर बालाजी के मुख्य बाजार मे भी व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने अपने प्रतिष्ठानों के आगे एकादशी पर्व का धर्मलाभ लेते हुए सामूहिक रूप से जगह जगह ठंडे शरबत और नीबू शिकंजी की छबील लगाकर बालाजी महाराज के दर्शनार्थ आए श्रद्धालुओं और राहगीरों की प्यास बुझाई।चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच लोगों ने दूध से बना मीठा और ठंडा शरबत पीकर गला तर किया।ऐसी मान्यता है कि निर्जला एकादशी को वर्ष भर की सभी एकादशी मे सबसे बड़ी एकादशी माना गया है।

केवल निर्जला एकादशी का व्रत करने मात्र से ही सभी एकादशीयों के पुण्यफल की प्राप्ति हो जाती है। यह व्रत भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को समर्पित होता है।




# कॉर्टिसोल हार्मोन का लेवल कम करने में मदद करेंगे ये उपाय, दूर होगा तनाव

अक्सर लोगों को बढ़ते काम के प्रेशर या खराब लाइफस्टाइल के कारण तनाव या एंग्जाइटी होने लगती है। आमतौर पर लोग तनाव, एंग्जाइटी या डिप्रेशन से निपटने के कई उपाय करते हैं , मगर क्या आप जानते हैं कि आखिर किस हार्मोन के कारण आपको तनाव होता है? इसके पीछे कॉर्टिसोल हार्मोन जिम्मेदार होता है। तनाव या एंग्जाइटी से बचने के लिए जरूरी है कि आप कॉर्टिसोल के स्तर को कम करें।

## क्या है कॉर्टिसोल हार्मोन

कॉर्टिसोल को हम तनाव हार्मोन के नाम से भी जानते हैं। यह एड्रिनल ग्लैंड से रिलीज होता है। जब हम बहुत ज्यादा चिंता करते हैं, तो एड्रिनल का स्तर बढ़ जाता है और जब हम टेंशन फ्री रहते हैं, तो इस हॉर्मोन का स्तर सामान्य रहता है। यही नहीं, जब कॉर्टिसोल का स्तर सामान्य रहता है, तो शरीर एनर्जेटिक फील करता है, पाचन क्रिया सही रहता है और इम्यूनिटी भी बेहतर रहती है, जिससे बीमार होने का रिस्क कम हो जाता है। वहीं, अगर आप तनाव में रहेंगे, तो कॉर्टिसोल फिजिकल एक्टिविटी पर फोकस करने के बजाय, तनाव के स्तर को कम करने की कोशिश में जुट जाती है। जाहिर है, इसी वजह आप डल फील करते हैं, मन खराब रहता है और कुछ करने का भी मन नहीं करता है।




## अच्छी डाइट लें

आजकल ज्यादातर लोग रेडी टू ईट फूड लेना पसंद करते हैं। ये खाने में स्वादिष्ट लगते हैं और झटपट मिल जाते हैं। इसलिए, लोगों ने रेडी टू ईट फूड को अपनी डाइट का अभिन्न हिस्सा बना दिया है। लेकिन, आपको यह जानकारी होनी चाहिए कि रेडी टू ईट फूड स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित करते हैं। इसमें शुगर काफी ज्यादा मात्रा में होता है, जो कि कॉर्टिसोल के स्तर को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही, ये ब्लड प्रेशर और डायबिटीज का रिस्क भी बढ़ाते हैं। इसे कम करने के लिए आवश्यक है कि अपनी डाइट में हेल्दी चीजें, जैसे मौसमी फल-सब्जियां शामिल करें और डाइट में फाइबर की मात्रा बढ़ाएं।

## रेगुलर एक्सरसाइज करें

अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन और यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन, दोनों इस बात पर सहमत हैं कि वयस्कों को सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मॉडरेट-इंटेंसिटी एरोबिक एक्सरसाइज या सप्ताह में कम से कम 75 मिनट के लिए इंटेंसिटी वाले एरोबिक एक्सरसाइज करना चाहिए। एक्सरसाइज करने से कॉर्टिसोल का स्तर बैलेंस रहता है, जिससे तनाव या एंग्जाइटी से दूर रहने में मदद मिलती है।

## हॉबीज को स्पेस दें

कॉर्टिसोल का स्तर कम करने के लिए जरूरी है कि आप अपने मन का कुछ करें। इसमें अपनी हॉबीज को शामिल कर सकते हैं। हॉबीज, जैसे गाने सुनना, डांसिंग, पेंटिंग या दोस्तों के साथ घूमने जाना। इस तरह की एक्टिविटी करने से मन हमेशा खुशियों से भरा रहता है। इस कारण कॉर्टिसोल का स्तर भी बैलेंस रहता है और तनाव तथा एंग्जाइटी से दूर रहने में मदद मिलती है।

## पर्याप्त नींद लें

कॉर्टिसोल का स्तर कम करने के लिए हर व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में नींद लेना चाहिए। अच्छी नींद अक्सर चिंता और तनाव से दूर रखती है। विशेषज्ञों की मानें तो, जब व्यक्ति अच्छी नींद लेता है, तो उसके जीवन में आई परेशानियों से भी वह बहुत पॉजिटिव तरीके से डील करता है। इस तरह का रवैया व्यक्ति को सकारात्मक बनाए रखने में मदद करता है, जो कि कॉर्टिसोल के स्तर को कम करने में सहायक भूमिका निभा सकता है।

# टमाटर को स्टोर करने के लिए अपनाएं ये तरीके, लंबे समय तक रहेंगे फ्रेश और टाइट



इन दिनों टमाटर बहुत महंगे दर पर मिल रहे हैं। कई लोगों ने शायद अपनी डाइट से टमाटर को बाहर ही निकाल दिया है। लेकिन, यह बात हम सभी जानते हैं टमाटर के बिना सब्जी में स्वाद नहीं आता है और न ही इससे मिलने वाले पोषक तत्व ही हमें मिल पाते हैं। इसलिए, जरूरी है कि टमाटर को अपनी डाइट में बनाए रखा जाए। सवाल है, आप ऐसा कैसे कर सकते हैं? क्यांकि ज्यादा मात्रा में टमाटर खरीदने के कारण, वे खराब हो सकते हैं और सड़ सकते हैं। नतीजतन, खराब टमाटकरों को फेंकना पड़ सकता है। तो फिर क्या किया जाए? इसके लिए, आप टमाटर को स्टोर करने के लिए सही तरीकों को आजमा सकते हैं।

## टमाटर को फ्रीजर में रखें

टमाटर को लंबे समय के लिए स्टोर करने का सबसे आसान और बेहतरीन तरीका है कि आप इसे फ्रीजर में रखें। हालांकि, जब आप लंबे समय के लिए टमाटर को स्टोर करते हैं, तो उसके ऊपर के हिस्से को कांटकर फेंक देना चाहिए। इसके अलावा, अगर आप साबुत टमाटर फ्रीज में नहीं रखना चाहते हैं, तो इसके लिए टमाटर को दस मिनट के लिए पानी में उबाल लें। हल्का ठंडा होने पर टमाटर के छिलके निकाल दें और अब इसकी प्यूरी बना लें। इस प्यूरी को आप चाहें, तो फ्रीजर में रख सकते हैं। यह लगभग सप्ताह भर तक फ्रेश रह सकता है।

## टमाटर को धूप में सुखाएं

शायद आपको हैरानी हो कि टमाटर को आप धूप में सुखाकर भी लंबे समय के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। विशेषज्ञों की मानें, तो टमाटर को डिहाइड्रेट करके आप इसे स्टोर करके रख सकते हैं। इसके लिए, आप सबसे पहले टमाटर को धोकर दो हिस्सों में काट लें और ऊपर से नमक छिड़क लें। अब एक से दो सप्ताह के लिए धूप में रख दें। लेकिन, रात के समय टमाटर को घर के अंदर ही रखें वरना इसमें नमी आ सकती है। पूरी तरह सूख जाने के बाद आप इनको एक कंटेनर में डाल दें। इस तरह से स्टोर्ड टमाटर को आप सलाद, पास्ता आदि में डालकर खा सकते हैं।

## टमाटर का पाउडर बना लें

आप टमाटर को पाउडर बनाकर भी अपने घर में लंबे समय तक के लिए स्टोर कर सकते हैं। इस प्रोसेस को फॉलो करने के लिए जरूरी है कि आप टमाटर को अच्छी तरह धोकर, बारीक टुकड़ों में काटकर धूप में सुखा लें। एक-दो सप्ताह बाद जब टमाटर सूख जाएं, तो इन्हें कुछ देर के लिए बेक करें। बेक तब तक करें, जब तक कि टमाटर सख्त न हो जाएं। सख्त हुए टमाटरों को पीसकर पाउडर बना लें। अब पाउडर बने टमाटर को एक कांच के जार में रख लें। ध्यान रहे, जार गीला न हो।

## अवन में ड्राई करें

आपके पहले ही बता दें, अवन या माइक्रोवेव में टमाटर अच्छी तरह ड्राई नहीं होते हैं। इसके बावजूद, इन ड्राई किए हुए टमाटरों को आप लंबे समय के लिए स्टोर कर सकते हैं। कैसे? इसके लिए आप सूख टमाटरों पर ऑलिव ऑयल लगा लें।

अब इन्हें एक कांच के जार में पैक करके फ्रीजर में रख दें। जब भी आपको यूज करना हो, फ्रीजर से टमाटर निकाल लें और सब्जियों की जरूरत अनुसार इसे काटकर यूज करें।

# होठों को गुलाबी बनाने में मदद करेगा जोजोबा ऑयल, इस तरह से करें इस्तेमाल

होंठ आपकी खूबसूरती को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन, कई बार होठों की देखभाल न करने से उनमें कालापन हो सकता है। होठों की समस्याओं को दूर करने के लिए कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट उपलब्ध हैं। इन प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से होठों पर कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। दरअसल, इन प्रोडक्ट में मौजूद कैमिकल होठों की त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। होठों को गुलाबी बनाने के लिए आप घरेलू उपायों की मदद ले सकते हैं। जोजोबा ऑयल स्किन की समस्या को दूर करने के साथ ही आपके होठों को गुलाबी और खूबसूरत बना सकते हैं।

**मॉइस्चराइज करें :** सूखे व फटे होंठ लोगों की परेशानी का एक आम कारण है। जोजोबा ऑयल त्वचा को गहराई से मॉइस्चराइज करता है। होठों का रुखापन और पपड़ी बनने की समस्या से बचने के लिए आप जोजोबा ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**नेचुरल रूप से होठों का कालापन करें दूर :** जोजोबा ऑयल में प्राकृतिक रूप से त्वचा के रंग को हल्का करता है। जिससे होठों पर पिगमेंटेशन की समस्या दूर होती है। जोजोबा ऑयल के नियमित उपयोग से काले होंठों को धीरे-धीरे हल्का किया जा सकता है, जिससे होठों में प्राकृतिक रूप से गुलाबी बनाया जा सकता है।



**होठों को करें एक्सफोलिएट :** होठों की देखभाल न करने से डेड सेल्स होठों की स्किन को डैमेज कर देते हैं। इससे होंठ सूखने लगते हैं। इसके अलावा, इसमें कालापन बनने लगता है। जोजोबा ऑयल से आप स्किन को एक्सफोलिएट कर सकते हैं। इससे आपकी होठों के डेड सेल्स दूर होते हैं और उसका कलर रंग गुलाबी बनता है।

**एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर :** जोजोबा ऑयल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। एंटीऑक्सीडेंट स्किन पर फ्री रेडिकल्स से होने वाले डैमेज को दूर करने में सहायक होते हैं। इससे त्वचा की लालिमा दूर होती है। साथ ही होठों का रंग एक समाना होता है।

# क्या सेंसिटिव स्किन पर नारियल तेल लगा सकते हैं?

सेंसिटिव स्किन यानी ऐसी स्किन, जिसमें किसी भी तरह के स्किन प्रोडक्ट को यूज करते ही, चेहरे पर दाना, रैशेज, इचिंग या जलन जैसी समस्या शुरू हो जाती है। जिन लोगों की स्किन सेंसिटिव होती है, उन्हें अपनी स्किन का बहुत ध्यान रखना पड़ता है। उन्हें किसी भी तरह का स्किन प्रोडक्ट लगाने से पहले पैच टेस्ट लेना पड़ता है, ताकि उनका यूज करने के बाद स्किन से जुड़ी किसी तरह की परेशानी न हो सके। इसी से बचने के लिए कई लोग अपनी सेंसिटिव स्किन पर नारियल तेल अप्लाई करते हैं।



**क्या सेंसिटिव स्किन पर नारियल तेल लगाना सेफ है :** नारियल के तेल में मीडियम चेन फैटी एसिड होता है और एंटीमाइक्रोबायल प्रोपर्टीज भी इसमें पाई जाती है। ये सभी तत्व चेहरे में हुए कील-मुंहासे को ठीक करने का काम करते हैं। साथ ही, स्किन को हार्मफुल इफेक्ट् यानी हानिकारक कारकों से भी बचाते हैं। इस तरह देखा जाए, तो कोई भी स्किन पर नारियल तेल लगाना काफी फायदेमंद हो सकता है। लेकिन, जहां तक बात ये है कि सेंसिटिव स्किन में इसको अप्लाई किया जाना चाहिए या नहीं, इस पर विशेषज्ञों विशेष सलाह देते हैं। उनका कहना है कि अगर कोई सेंसिटिव स्किन पर नारियल तेल अप्लाई करना चाहता है, तो उन्हें इस तेल को पहले कम मात्रा में चेहरे पर अप्लाई करना चाहिए। धीरे-धीरे इसकी मात्रा बढ़ा सकते हैं, ताकि स्किन में किसी तरह के रैशेज, इचिंग या अन्य स्किन प्रॉब्लम न हो सके। वैसे, सेंसिटिव स्किन वालों को यही सलाह दी जाती है कि उन्हें डर्मेटोलॉजिस्ट से सलाह लेने के बाद ही अपनी चेहरे पर नारियल तेल लगाना चाहिए।

**किन लोगों को चेहरे पर नारियल तेल नहीं लगाना चाहिए :** अगर आपको नारियल या नारियल तेल से एलर्जी है, तो अच्छा होगा कि आप इसे अपने चेहरे पर न लगाएं। इससे आपकी स्किन पर किसी तरह की समस्या हो सकती है। वैसे, तो नारियल तेल में ऐसे तत्व बहुत कम होते हैं, जिससे एलर्जी हो सके। इसके बावजूद, अगर एलर्जी है, तो आपको इसे अप्लाई नहीं करना चाहिए।

अगर आपको नारियल तेल लगाने के तुरंत बाद इचिंग या जलन महसूस हो, तो बेहतर होगा कि इसे लगाने से बचें। अगर आपकी स्किन सेंसिटिव होने के साथ-साथ ऑयली भी है, तो इसे न अप्लाई करें। इससे आपके चेहरा और भी ज्यादा ऑयली हो सकता है। इस कारण, चेहरे पर पिंपल और एक्ने भी हो सकते हैं।

**स्किन पर नारियल तेल लगाने के फायदे :** अगर आपकी सेंसिटिव स्किन पर नारियल तेल सूट करे, तो इससे आपकी स्किन को आप हाइड्रेट कर सकते हैं। इसमें मौजूद मीडियम चेन फैटी एसिड, ड्राइनेस को कम करता है और स्किन को मॉइस्चर करता है। यही कारण है कि इसे रूखे होंठों पर भी अप्लाई कर सकते हैं। नारियल तेल स्किन को बाहरी टॉक्सिक चीजों से प्रोटेक्ट यानी सुरक्षित भी रखता है। दरअसल, जब आप नारियल तेल चेहरे पर अप्लाई करते हैं, तो इससे चेहरे पर प्रदूषित चीजें नहीं लगतीं, जिससे त्वचा को नुकसान कम होता है।

नारियल तेल की मदद से स्किन स्मूद भी होती है। यही नहीं, नारियल तेल में ऐसे तत्व भी होते हैं।

जो चेहरे की निखार को बढ़ाता है, स्किन को सॉफ्ट बनाता है और स्किन टेक्सचर को भी बेहतर बनाने में मदद करता है। नारियल तेल चेहरे पर लाल-लाल दाग-धब्बों को कम करने में भी अपनी अहम भूमिका निभाता है। हालांकि, ऐसा टेंप्रेरी यानी अस्थाई होता है। दाने या दाग-धब्बों को दूर करने के लिए आप उसके लिए जरूरी इलाज करवाएं।

# कलाई और उंगलियों में दर्द हो सकता है हाथों में गठिया का संकेत, इसके लक्षण और बचाव

आमतौर पर जब हमारी कलाई में दर्द होता है, तो इसे हम चोट लगने से या फिर कंप्यूटर पर देर तक काम करने से जोड़ते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कलाई में दर्द, सूजन या स्टिफनेस कोई आम समस्या नहीं है। यह कई बार रिस्ट अर्थराइटिस के लक्षण हो सकते हैं। विशेषज्ञों की मानें, तो रूमेटाइड अर्थराइटिस और ऑस्टियोआर्थराइटिस भी रिस्क की जोड़ में दर्द या सूजन पैदा कर सकती है।

**रिस्ट अर्थराइटिस क्या है :** उंगली में अर्थराटिस होने के कारण उंगलियों को मोड़ने में तकलीफ होने लगती है। उंगलियों में सूजन हो जाती है, जिससे धीरे-धीरे दर्द बढ़ने लगता है। इसी तरह, कलाई में सूजन और दर्द भी रिस्ट अर्थराइटिस होने की ओर इशारा करता है।

## रिस्ट अर्थराइटिस के प्रकार

**ऑस्टियोअर्थराइटिस :** यह बीमारी आमतौर पर बुजुर्ग लोगों को होती है। कुछ लोगों को कीनबॉक्स नाम का डिजीज होता है, जो कि कलाई में ब्लड सप्लाई को बाधित करता है। नतीजतन व्यक्ति को ऑस्टियोअर्थराइटिस हो जाता है।

**पोस्ट ट्रॉमेटिक अर्थराइटिस :** इस तरह की बीमारी हड्डियों के टूटने या लिगामेंट इंजुरी के कारण होता है। पोस्ट ट्रॉमेटिक अर्थराटिस होने के कारण कलाई की दोनों ओर दर्द होता है। इस तरह की बीमारी चोट लगने के सालों बाद भी हो सकती है।

**रूमेटाइड अर्थराइटिस :** रूमेटाइड अर्थराइटिस एक ऑटोइम्यून बीमारी है। यह अक्सर ज्वाइंट्स जैसे कलाई से शुय होती है। इस बीमारी के होने पर भी व्यक्ति की कलाई के दोनों साइड दर्द होने ल गता है। यह मूल रूप से इम्यून से जुड़ी बीमारी है। बीमारी के तहत इम्यूनि सिस्टम हेल्दी सेल्स को क्षति पहुंचाता है।

**सोरियाटिक अर्थराइटिस :** सोरायसिस एक तरह की स्किन संबंधी बीमारी है। विशेषज्ञों की मानें, तो सोरायसिस से पीड़ित लोगों को अक्सर सोरियाटिक अर्थराइटिस हो जाता है, जिससे उनके ज्वाइंट्स और रिस्ट यानी कलाई में दर्द शुरू हो जाता है।

**गाउट :** गाउट तब होता है जब ब्लड में बहुत ज्यादा यूरिक एसिड बनने लगता है। यूरिक एसिड, एक प्रकार का टॉक्सिन होता है, जो भोजन पचाने के दौरान बनता है। जब शरीर में अतिरिक्त एसिड बनने लगता है, तो इससे जोड़ां में दर्द और उंगलियों में तकलीफ बढ़ जाती है।



## रिस्ट अर्थराइटिस के लक्षण

- उंगलियों और कलाई को हिलाने में दिक्कत होने लगती है।
- उंगलियां या कलाई लाल, गर्म होने के साथ-साथ सूजन हो जाती है।
- कलाई स्टिफ हो जाती है, जिससे हिलाने में दिक्कत होने लगती है।
- कलाई-हाथ में कमजोरी महसूस होने लगती है।

## रिस्ट अर्थराइटिस से बचाव

आपको बता दें कि रिस्ट अर्थराटिस से कोई विशेष बचाव नहीं किया जा सकता है। अगर यह बीमारी एक बार होने लगे, तो यह इसे रोकना मुश्किल है। हालांकि, विशेषज्ञों के दिखाने पर वे सप्लीमेंट या अन्य चीजें खाने के लिए दे सकते हैं। हालांकि, इससे बचे रहने के लिए जरूरी है कि आप अपनी लाइफस्टाइल को हेल्दी रखें और डाइट में अच्छी चीजें शामिल करें।



# भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून से

## अब तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के नाम से जानी जाएगी भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज

**नई दिल्ली।**

भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के लिए रवाना हो चुकी है। टीम इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज से दोनों टीमों के आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकिल की शुरुआत होगी। टीम के कुछ खिलाड़ी और हेड कोच गौतम गंभीर 6 जून को मुंबई एयरपोर्ट से इंग्लैंड के लिए रवाना हुए। इस दौरे के लिए 25 साल के शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप-कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम का यह पहला दौरा होगा।

### लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी।

### ईसीबी ने जताई थी पटौदी ट्रॉफी को रिटायर करने की इच्छा

बीबीसी की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का अनावरण 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली सीरीज से पहले किया जाएगा। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने हालांकि इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इससे पहले ब्रिटेन में इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। इसका नाम इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर रखा गया था। मार्च में ईसीबी ने पटौदी परिवार को लिखा था कि वे ट्रॉफी को रिटायर करना चाहते हैं।

### भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा (शेड्यूल)

भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा, जबकि चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरुआत भी हो जाएगी।

### पांच मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

### पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, सैम कुक, जैक क्राउली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।







### 14 टेस्ट मैचों में हुआ तेंदुलकर और एंडरसन का आमना-सामना

भारतीय टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर 15,921 रन के साथ टेस्ट इतिहास में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 52 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी ने 1989 से 2013 के बीच 200 टेस्ट खेले। उन्होंने टेस्ट और वनडे प्रारूपों में अनगिनत रिकॉर्ड अपने नाम किए। वहीं, एंडरसन 704 विकेट के साथ इंग्लैंड के सर्वकालिक सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के साथ टेस्ट क्रिकेट में सबसे सफल तेज गेंदबाज हैं। दोनों दिग्गजों ने 14 टेस्ट मैचों में एक-दूसरे का सामना किया जिसमें एंडरसन ने तेंदुलकर को नौ बार आउट किया है। यह किसी गेंदबाज द्वारा इस भारतीय को सबसे ज्यादा बार आउट करने का रिकॉर्ड है।

### नई ट्रॉफी की घोषणा

इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है। तेंदुलकर और एंडरसन दोनों 11 जून से शुरू होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान लॉर्ड्स में ट्रॉफी का अनावरण करेंगे।

# भारतीय क्रिकेटर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

**नई दिल्ली।**

भारत के स्टार लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। शुक्रवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये उन्होंने इसकी घोषणा की। पीयूष 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे। उन्होंने भारत के लिए पिछला मैच 2012 में खेला था। हालांकि, पीयूष को 2007 टी20 विश्व कप में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। पीयूष ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, कृतज्ञता के साथ इस अध्याय को अंत कर रहा हूं!! खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास ले रहा हूं। इस खूबसूरत यात्रा में आपके समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद। पीयूष ने अपने पोस्ट में टीम इंडिया और आईपीएल की जर्सी में कई तस्वीरें भी साझा की हैं।

### आईपीएल फ्रेंचाइजियों को दिया धन्यवाद

पीयूष ने लंबे से नोट को शेयर करते हुए लिखा, मैदान पर दो दशक से ज्यादा समय बिताने के बाद, अब इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है। भारत का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करने से लेकर 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने तक, इस अविश्वसनीय यात्रा में हर पल किसी वरदान से कम नहीं रहा है। ये यादें हमेशा मेरे दिल में बसी रहेंगी। आईपीएल की उन फ्रेंचाइजियों को



दिल से धन्यवाद जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया - पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस। आईपीएल मेरे करियर का एक खास अध्याय रहा है और मैंने इसमें खेलते हुए हर पल को संजोया है।

### पीयूष ने परिवार के लिए कही यह बात

पीयूष ने लिखा, मैं अपने कोचों - श्री के.के. गौतम और स्वर्गीय श्री पंकज सारस्वत का दिल से आभारी हूं - जिन्होंने मुझे एक क्रिकेटर के रूप में विकसित किया और आकार दिया। मेरा परिवार इस सफर में मेरी ताकत और एक स्तंभ रहा है। परिवार का अटूट समर्थन सभी उतार-चढ़ावों के दौरान मेरी नींव रहा है। मेरे दिवंगत पिता का विशेष उल्लेख करना चाहूंगा। उनका मुझ पर अटूट विश्वास रहा और मेरे लिए रास्ता बनाया। उनके बिना यह यात्रा कभी संभव नहीं होती। मैं बीसीसीआई, यूपीसीए (उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन) और जीसीए (गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन) को भी धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मुझे एक क्रिकेटर के रूप में खुद को विकसित करने और अभिव्यक्त करने के लिए मंच और अवसर प्रदान किए। आज मेरे लिए बेहद भावनात्मक दिन है, क्योंकि मैं आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट के सभी प्रारूपों से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। भले ही मैं क्रीज से दूर हो जाऊं, लेकिन क्रिकेट हमेशा मेरे भीतर जिंदा रहेगा। अब मैं इस खूबसूरत खेल की भावना और सबक को अपने साथ लेकर एक नई यात्रा शुरू करने के लिए उत्सुक हूं।

### पीयूष चावला का करियर

पीयूष ने 2006 में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था। उन्होंने अपना पहला मैच 2006 में मोहाली में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच के रूप में खेला था। इसके बाद उन्होंने 2007 में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे डेब्यू और 2010 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 डेब्यू किया था। पीयूष ने भारत के लिए आखिरी टेस्ट मैच दिसंबर 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ, आखिरी वनडे 2011 में नीदरलैंड के खिलाफ और आखिरी टी20 मैच इंग्लैंड के खिलाफ 2012 में वानखेड़े में खेला था। इसके बाद वह कभी टीम इंडिया में जगह नहीं बना सके। हालांकि, उन्होंने आईपीएल खेलना जारी रखा और वह इस लीग के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में से एक हैं। पीयूष ने भारत के लिए तीन टेस्ट, 25 वनडे और सात टी20 मैच खेले। टेस्ट में उनके नाम सात विकेट, वनडे में 32 विकेट और टी20 में चार विकेट हैं। आईपीएल में उन्होंने 192 मैचों में 192 विकेट लिए। वह पिछले साल मुंबई इंडियंस की टीम का हिस्सा रहे थे। हालांकि, मेगा ऑक्शन से पहले उन्हें रिलीज किया गया और नीलामी में उन्हें किसी ने नहीं खरीदा। इसके बाद वह इस आईपीएल में कमेंट्री टीम का भी हिस्सा रहे।

# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की हो सकती है वापसी, चयनकर्ता ने दिए संकेत



**नई दिल्ली।**

इंग्लैंड के राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने कहा है कि पारंपरिक प्रारूप में चार साल पहले अपना पिछला मुकाबला खेलने वाले स्टार तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर अगले महीने भारत के खिलाफ टीम के दूसरे टेस्ट मैच के लिए वापसी कर सकते हैं। पांच मैच की सीरीज का दूसरा टेस्ट दो से छह जुलाई तक एजबस्टन में खेला जाएगा। वहीं, इस सीरीज की शुरुआत 20 जून से होने जा रही है। पहला मुकाबला लीड्स में खेला जाएगा। 30 साल के तेज गेंदबाज आर्चर ने कई बार चोटिल होने के कारण 2021 से प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेला है और हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के लिए टीम में उनके चयन के लिए भी विचार नहीं किया गया क्योंकि वह हाल ही में समाप्त हुई आईपीएल के दौरान अंगूठे में हुए फ्रेक्चर से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। राइट ने कहा, जॉफ (आर्चर) काफी अच्छी तरह उबर रहे हैं। उनके लिए योजना यह है कि वह कुछ प्रथम श्रेणी मैच खेलें। ससेक्स की दूसरी टीम का हिस्सा बनें और फिर पहले टेस्ट के दौरान डरहम के खिलाफ ससेक्स के लिए खेलें।

उन्होंने कहा, अगर सब कुछ ठीक रहा तो वह ससेक्स के लिए खेलेंगे और फिर अगर सब कुछ ठीक रहा तो उम्मीद है कि वह दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। ससेक्स में आर्चर के पूर्व साथी राइट ने कहा, अन्य सभी गेंदबाजों की तरह उन्हें बिना किसी बाधा के हर दिन अच्छा प्रदर्शन करना होगा, लेकिन अगर सब कुछ ठीक रहा और वह डरहम मैच में सफल रहे तो वह दूसरे टेस्ट में चयन के लिए संभावित रूप से उपलब्ध हो सकते हैं।

अंगूठे की चोट के कारण वह 29 मई से तीन जून के बीच वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की एकदिवसीय सीरीज से भी चूक गए। आर्चर और तेज गेंदबाज मार्क वुड की अनुपस्थिति में इंग्लैंड का तेज गेंदबाजी विभाग क्षमता और अनुभव के मामले में कुछ कमजोर दिखता है। मार्च में लगी घुटने की चोट के कारण वुड क्रिकेट से दूर हैं।

# रॉब वॉल्टर बने न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम के नए हेड कोच

**वेलिंगटन।**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व व्हाइट-बॉल कोच रॉब वॉल्टर को न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम का नया हेड कोच नियुक्त किया गया है। वॉल्टर अगले तीन वर्षों तक टीम की कमान सभी फॉर्मेट्स-टेस्ट, वनडे और टी20-में संभालेंगे। 49 वर्षीय वॉल्टर दक्षिण अफ्रीका की कोचिंग से हाल ही में अलग हुए थे, जबकि उनके अनुबंध की मियाद अभी दो साल और बची थी। उनके नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया, वहीं 2024 टी20 वर्ल्ड कप में टीम फाइनल तक पहुंची थी। गौर करने वाली बात यह है कि वॉल्टर की फैमिली पहले से ही न्यूजीलैंड में रहती है और उन्होंने हॉक्स बे में अपना ठिकाना बनाया हुआ है। न्यूजीलैंड की घरेलू टीमों ओटागो वोल्ट्स और सेंट्रल स्टैग्स के साथ कोचिंग अनुभव भी उनके खाते में है। वॉल्टर ने 2022-23 सीजन में सेंट्रल स्टैग्स को फोर्ड ट्रॉफी और प्लंकेट शील्ड जीत दिलाई थी। इसके अलावा वह 2022 में भारत दौरे पर गई न्यूजीलैंड ए टीम के कोच भी रह चुके हैं और आईपीएल में असिस्टेंट कोच की भूमिका भी निभा चुके हैं। वॉल्टर न्यूजीलैंड के मौजूदा कोच गैरी स्टीड की जगह लेंगे। हालांकि, शुरुआत में न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने अलग-अलग फॉर्मेट्स के लिए अलग कोच नियुक्त करने का




विचार किया था, लेकिन बाद में उन्होंने एक ही व्यक्ति को तीनों फॉर्मेट की जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया। उनका कार्यकाल अगले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल, 2027 वनडे वर्ल्ड कप, 2026 और 2028 टी20 वर्ल्ड कप, और 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक तक चलेगा। नियुक्ति के बाद वॉल्टर ने कहा, ब्लैककैप्स लंबे समय से एक सफल और विश्वसनीय टीम रही है, और इस टीम के साथ काम करने का मौका मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह एक बेहद रोमांचक अवसर है, जहां कई बड़े टूर्नामेंट और द्विपक्षीय सीरीज सामने हैं। मैं इस सफर को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ स्कॉट वीनिंक ने वॉल्टर की नियुक्ति पर कहा, रॉब एक विश्वस्तरीय कोच हैं जिनका रिकॉर्ड शानदार रहा है।

# वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में

## डिफेंडिंग चैंपियन स्वियातेक को हराकर बाहर किया, खिताबी मुकाबले में गौफ से भिड़ेंगी

**पेरिस।**

फ्रेंच ओपन 2025 में महिला एकल वर्ग में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका ने चार बार की चैंपियन और गत विजेता इगा स्वियातेक को सेमीफाइनल में 6-7(1), 6-4, 6-0 से हराकर बाहर का रास्ता दिखा दिया। इस हार के साथ स्वियातेक की रोलां गैरो पर 26 मैचों की जीत की लय भी टूट गई। इगा स्वियातेक ओपन युग (1968 से) में पहली महिला खिलाड़ी बनने की कोशिश में थीं, जो पेरिस में लगातार चार खिताब जीततीं। हालांकि सबालेंका की ताकतवर खेल शैली के आगे वह टिक नहीं सकीं। उन्होंने मैच की शुरुआत से ही गलतियों की झड़ी लगा दी और पहले तीन गेम में ही सात अनफोर्स्ड एरर कर बैठीं। सेमीफाइनल में



सबालेंका ने शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया और पहले सेट में 3-0 की बढ़त बना ली। हालांकि स्वियातेक ने वापसी करते हुए पहला सेट टाईब्रेक में 7-6(1) से जीत लिया, लेकिन सबालेंका ने दूसरा सेट 6-4 से और निर्णायक सेट 6-0 से अपने नाम कर लिया। तीसरे सेट में सबालेंका पूरी तरह हावी रहीं और स्वियातेक का खेल बिखरता चला गया। मैच के बाद सबालेंका ने कहा, यह जीत मेरे लिए खास है, लेकिन मैं जानती हूं कि काम अभी पूरा नहीं हुआ है। तीसरे सेट में मैं अपनी सर्विस खोज पाई और यह मेरे लिए परफेक्ट रहा।

मैच के बाद इगा स्वियातेक ने कहा, यहां खेलना हमेशा से खास रहा है। हालांकि मैं इस बार चैंपियन नहीं बन सकी, लेकिन मैं यहां फिर लौटूंगी। उन्होंने सबालेंका के खेल की तारीफ करते हुए कहा, पहले और तीसरे सेट में उनकी गति और ताकत के आगे मैं संघर्ष करती रही। अब सबालेंका का सामना फाइनल में अमेरिका की कोको गॉफ से होगा, जिन्होंने फ्रांस की वाइल्डकार्ड एंट्री लोइस बॉइसन को आसानी से हराकर फाइनल में जगह बनाई है।

# नॉर्वे शतरंज 2025 : कार्लसन अंतिम राउंड से पहले बढ़त पर, गुकेश ने किया दबाव तेज

**नई दिल्ली।**

नॉर्वे शतरंज 2025 का नौवां राउंड रोमांच से भरपूर रहा, जहां शीर्ष खिलाड़ियों के निर्णायक मुकाबलों ने अंक तालिका को पूरी तरह हिला कर रख दिया है। दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने फबियानो करूआना के खिलाफ अहम जीत दर्ज की। शुरुआत से ही कार्लसन ने बढ़त बना ली थी और एंडगेम तक पहुंचते-पहुंचते करूआना की मजबूत डिफेंस को तोड़ते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। वहीं, मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश और चीन के शीर्ष खिलाड़ी वे यी के बीच मुकाबला बेहद रोचक रहा। शुरुआती दौर में वे यी की एक बड़ी चूक का फायदा उठाते हुए गुकेश ने आक्रामक खेल दिखाया और जीत की ओर बढ़ते चले गए।

एंडगेम में उन्होंने सटीकता के साथ जीत को सुनिश्चित किया। हिकारु नाकामुरा और अर्जुन एरिगैसी के बीच क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ रहा, लेकिन अर्मागेडन गेम में नाकामुरा ने जीत हासिल कर अतिरिक्त अंक बटोर लिए। अंतिम राउंड से पहले मैग्नस कार्लसन आधा अंक की बढ़त के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि गुकेश डी नजदीकी पीछा कर रहे हैं। फाइनल राउंड अब बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। महिलाओं के टूर्नामेंट में भी नौवां राउंड बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा। सभी तीन मुकाबले निर्णायक रहे, जिससे अंतिम दिन के पहले अंक तालिका में बड़ा उलटफेर हुआ है। वैशाली रमेशबाबू और सारा खादेमअलशारिया के बीच मुकाबला बेहद जटिल रहा।



कोई भी जन्म से बुद्धिमान नहीं होता, ज्ञान अपने प्रयासों से ही प्राप्त होता है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# लोन सस्ते होंगे, आरबीआई ने ब्याज दर 0.50% घटाई

## 20 साल में 20 लाख के लोन पर करीब 1.48 लाख का फायदा

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई (एजेंसी)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) बैंकों को दिए जाने वाले कर्ज की दर यानी रेपो रेट में 0.50% की कटौती की है। अब रेपो रेट 5.50% रह गया है। इससे बैंकों को आरबीआई से कम ब्याज पर कर्ज मिलेगा।

ब्याज में इस कटौती को बैंक अपने ग्राहकों को ट्रांसफर करते हैं, तो आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो सकते हैं। लोन सस्ते होने पर लोगों की मौजूदा ईएमआई भी घट जाएगी।

ब्याज दरों में कटौती का फैसला मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की 4 से 6 जून तक चली मीटिंग में लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज 6 जून की सुबह इसकी जानकारी दी।

### ब्याज में कटौती का असर उदाहरण से समझें

आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। महंगाई कंट्रोल करने के लिए इसे बढ़ाया-घटाया जाता है। ताजा कटौती के बाद 20 साल के लिए लिए गए 20 लाख के लोन पर करीब 1.48 लाख का फायदा मिलेगा। इसी तरह 30 लाख के लोन पर 2.22 लाख का फायदा होगा। नए और मौजूदा ग्राहकों दोनों को इसका फायदा मिलेगा।

### इस साल 3 बार घटा रेपो रेट, 1% की कटौती हुई

आरबीआई ने फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया था। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की ओर से ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। दूसरी बार अप्रैल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25% घटाई गई। अब तीसरी बार दरों में कटौती हुई है।

### रेपो रेट के घटने से हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी

रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोन्स पर ब्याज दरें कम करते हैं। ब्याज दरें कम होने पर हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी। ज्यादा लोग रियल एस्टेट में निवेश कर सकेंगे।

### सीआरआर घटने से 2.5 लाख करोड़ फाइनेंशियल सिस्टम में आएंगे

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि कैश रिजर्व रेश्यो में 1% की कटौती करके इसे 4 .00% से घटाकर 3 .00% करने का फ़ैसला किया है। उन्होंने कहा कि आरबीआई के इस कदम से 2 .5 लाख करोड़ फाइनेंशियल सिस्टम में आएंगे। सीआरआर वो पैसा है जो बैंकों को अपने कुल जमा का एक हिस्सा रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया (आरबीआई) के पास रखना होता है। इससे आरबीआई ये कंट्रोल करता है कि बाजार में कितना पैसा रहेगा। अगर सीआरआर कम होता है, तो बैंकों के पास लोन देने के लिए ज्यादा पैसा बचता है, जैसे इस बार 1% की कटौती से 2 .5 लाख करोड़ रुपए सिस्टम में आएंगे।

# राजस्थान के 4 जिलों में 3-दिन लू चलने का अलर्ट



## 45 डिग्री तक पहुंच सकता है तापमान; जयपुर में तेज धूप से 5 डिग्री चढ़ा पारा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में आंधी-बारिश का दौर थमने के बाद अब तापमान फिर से चढ़ने लगा है। कोटा, जयपुर, गंगानगर, चूरू समेत कई शहरों में शुक्रवार को दिन का तापमान 2 से लेकर 6 डिग्री तक चढ़ गया। बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर में अधिकतम तापमान 43 डिग्री से ऊपर दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने राज्य में 8 जून से गर्मी के तेवर और तेज होने, पारा 45 डिग्री के पार जाने, हीटवेव (लू) चलने की आशंका जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

### बाड़मेर में 43.4 डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान

पिछले 24 घंटे के दौरान कोटा संभाग को छोड़कर शेष सभी जिलों आसमान साफ रहा। दिन में धूप रही। कुछ जिलों में तेज गर्मी के कारण तापमान 43 डिग्री से ऊपर दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा गर्मी बाड़मेर में रही, जहां का अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री दर्ज हुआ। जैसलमेर, फलोदी, बीकानेर में अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री दर्ज हुआ। कोटा में 42.1 डिग्री, जोधपुर में 41.4 डिग्री, गंगानगर में 41.8 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 41.5 डिग्री, पाली में 40.6 डिग्री, जालोर में 40 डिग्री, चूरू में 40.2 डिग्री और भीलवाड़ा में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री दर्ज हुआ। जयपुर में शुक्रवार को दिनभर आसमान साफ रहा और हल्की धूप रही। यहां दिन का तापमान शुक्रवार को करीब 5 डिग्री बढ़कर 39.8 डिग्री पर पहुंच गया। देर शाम को यहां हल्की सुहावनी हवा चली। तापमान में गिरावट हुई।

### कोटा संभाग में देर शाम छाए बादल

कोटा संभाग के कोटा, बारां, बूंदी, झालावाड़ के अलावा चित्तौड़गढ़, सवाई माधोपुर के एरिया में शाम को आसमान में बादल छाए। यहां कुछ जगह हल्की धूलभरी हवा चली। इससे पहले कोटा, चित्तौड़गढ़ में दिनभर धूप रही। गर्मी, उमस का वातावरण रहा।

### इन जिलों में गर्मी का येलो अलर्ट

मौसम केन्द्र जयपुर ने राज्य में शनिवार को मौसम साफ रहने और तापमान में बड़ोतरी होने की संभावना जताई है। जबकि 8 से 10 जून तक बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू जिलों के लिए हीटवेव चलने और तेज गर्मी का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञों की माने तो राज्य में 14 जून तक मौसम साफ रहने की संभावना है और पश्चिमी राजस्थान के जिलों में हीटवेव का दौर शुरू होगा। इस दौरान पश्चिमी राजस्थान के कुछ शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक या उसके पार भी जा सकता है।

# गोविंददेवजी मंदिर में आज मनाई जाएगी निर्जला एकादशी

## मंगला झांकी का समय बदला गया, मोबाइल से रील नहीं बना सकेंगे दर्शनार्थी

जयपुर।

जयपुर के आराध्य श्री गोविंददेवजी मंदिर सहित सभी प्रमुख वैष्णव मंदिरों में निर्जला एकादशी का पर्व 7 जून को श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया जाएगा। इस मौके पर दर्शन के समय में बदलाव किया गया है। आम दिनों में मंगला झांकी सुबह 5 बजे से होती है, लेकिन एकादशी के दिन श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए झांकी का समय बदलकर सुबह 4:30 बजे कर दिया गया है।

दर्शन व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को लेकर मंदिर प्रशासन ने पुलिस के सहयोग से विशेष इंतजाम किए हैं। मंदिर में जूते-चप्पल खोलने की कोई व्यवस्था नहीं रहेगी, इसलिए श्रद्धालुओं से निवेदन किया गया है कि वे मंदिर में प्रवेश से पहले ही जूते-चप्पल बाहर खोल लें। साथ ही भक्तों से यह भी अपील की गई है कि वे अपने घर से ही मटके में जल भरकर लाएं, क्योंकि मंदिर में जल भरने की व्यवस्था उपलब्ध नहीं रहेगी। सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया- निर्जला एकादशी पर हर साल हजारों श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने पहुंचते हैं। इस बार भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर विस्तृत रूप से योजना बनाई गई है। पूरे दिन मुख्य द्वार से ही प्रवेश दिया जाएगा और दर्शन के बाद निकास जय निवास बाग की ओर से करवाया जाएगा। पीछे कुएं गेट और जय निवास बाग से प्रवेश निषेध रहेगा। मंदिर परिसर और जगमोहन में लगातार खड़े रहने की अनुमति नहीं होगी, ताकि पीछे आने वालों को शीघ्रता से दर्शन हो सकें। साथ ही मंदिर परिसर में मोबाइल से रील बनाने पर भी रोक रहेगी।

# 4000 रुपए महंगी हुई चांदी, प्रतिकिलो की कीमत 1,07,800 पहुंची

## स्टैंडर्ड सोने की कीमत फिर पहुंची एक लाख पार



जयपुर।

वैश्विक बाजार में हो रहे बदलाव के बाद सोने और चांदी की कीमत में एक बार फिर तेजी का सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार को चांदी की कीमत अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ 1 लाख 7 हजार 800 रुपए के उच्चतम शिखर पर पहुंच गई है। वहीं, स्टैंडर्ड सोने की कीमत भी फिर एक बार लाख रुपए को पार कर गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार आने वाले दिनों में सोने और चांदी दोनों की कीमत में और तेजी आ सकती है।

जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत एक लाख हजार 100 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 93 हजार 800 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 79 हजार 600 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 62 हजार 700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत एक लाख 7 हजार 800 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है।


सर्राफा व्यापारी भवानी सिंह ने बताया कि दुनियाभर के बाजार में जारी अस्थिरता की वजह से फिलहाल चांदी की कीमत में रिकॉर्ड तेजी आई है। जिसके बाद चांदी की कीमत ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए है। ऐसे में अगले कुछ दिनों में चांदी की कीमत बढ़ाकर एक लाख 10 हजार रुपए जबकि सोने की कीमत फिर से एक लाख 3 हजार रुपए को पार जा सकती है। ऐसे में जो लोग सोने और चांदी में निवेश करना चाहते हैं। फिलहाल उन्हें थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है।

# 20 दिन में कोरोना केस 93 से 5364 हुए, 55 मौतें

## 24 घंटे में 500 नए मामले; ओडिशा के स्कूलों में मास्क अनिवार्य

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/मुंबई/बेंगलुरु/तिरुवनंतपुरम।** देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, पिछले 20 दिन में केसों की संख्या में 58 गुना की बढ़ोतरी हुई है। 16 मई को देशभर में कोविड के 93 एक्टिव केस थे, जिनकी संख्या अब 5364 पहुंच गई है। कोरोना 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैल गया है। बीते 24 घंटे में 500 नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1679 मामले हैं। इसके बाद गुजरात में 615, पश्चिम बंगाल में 596, दिल्ली में 592 और महाराष्ट्र में 548 एक्टिव केस हैं। कोरोना के नए वैरिएंट्स से जनवरी से अब तक 55 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से 53 की मौत 15 दिनों में हुई हैं। गुरुवार को दिल्ली में कोविड से दो और मौतें दर्ज की गईं। इनमें एक पांच महीने का बच्चा भी शामिल है। वहीं, केरल में 2, कर्नाटक और पंजाब में 1-1 मौत हुई है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 17 मरीजों ने जान गंवाई है।



ओडिशा में गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल कोविड गाइडलाइन के तहत खोले गए हैं। शिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड ने बताया कि जिन बच्चों को सर्दी, खांसी या बुखार जैसे हल्के लक्षण हैं, उन्हें स्कूल में मास्क पहनना अनिवार्य है। गंभीर लक्षण वाले बच्चों को घर पर ही रहकर आइसोलेट होने की सलाह दी गई है। कोरोना को लेकर राज्यों में मॉक ड्रिल हुई केंद्र सरकार गुरुवार को देश भर के राज्यों के चुनिंदा अस्पतालों में मॉक ड्रिल हुई। इस दौरान इन अस्पतालों में ऑक्सीजन सप्लाई, जरूरी दवाओं की स्थिति और वेंटिलेटर की व्यवस्थाओं को परखा गया। इससे बनी रिपोर्ट में कोरोना की चौथी लहर आने की स्थिति में अस्पतालों की तैयारियों पर रेटिंग दी जाएगी।

इससे पहले 2 जून को एक शुरुआती मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें हेल्थ सर्विस इन्फ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता के लिए अस्पतालों की रेटिंग दी गई थी।

# चंडीगढ़ में 11 राज्यों के बिजली मंत्रियों की बैठक

## स्मार्ट मीटर लगाने पर फैसला, अगस्त 2025 तक डेडलाइन, केंद्र देगा 1.5 लाख करोड़

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़।** अगस्त 2025 तक सभी सरकारी दफ्तरों, सरकारी कर्मचारियों और सरकारी कॉलोनियों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लग जाएंगे। पहले भुगतान करो, बाद में सेवा पाओ। इसके बाद यह व्यवस्था अन्य उपभोक्ताओं पर लागू होगी। दूसरे चरण में कमर्शियल हाई वोल्टेज और उद्योगों को शामिल किया जाएगा। चंडीगढ़ में 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बिजली मंत्रियों और अधिकारियों के साथ बैठक के बाद केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक करीब छह घंटे चली। इसमें बिजली आपूर्ति से जुड़े हर मुद्दे पर रणनीति तैयार की गई है।

बैठक में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बिजली मंत्री शामिल हुए।

# राहुल बोले- पीएम मोदी को सरेंडर करने की आदत...

## ट्रम्प ने 11 बार मोदी को सरेंडर करवाने की बात कही, पीएम कुछ नहीं बोल पाए...

बढ़ता राजस्थान

**नालंदा।** राहुल गांधी ने शुक्रवार को राजगीर में कहा- मोदी को सरेंडर करने की आदत है। ट्रम्प ने सार्वजनिक तौर पर 11 बार बोला कि मैंने मोदी को सरेंडर करवाया। पीएम कुछ नहीं बोल पाए। वो क्यों नहीं बोले कि ट्रम्प झूठ बोल रहे हैं।

वे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में अति पिछड़ा समाज को संबोधित कर रहे थे। अपने 30 मिनट के भाषण में उन्होंने कहा- मोदी जी हर भाषण में कहते थे कि मैं ओबीसी हूं। जातीय जनगणना की बात के बाद कहते हैं कि भारत में जाति नहीं है। अगर जाति नहीं है तो आप कैसे ओबीसी हो गए।



### राहुल गांधी के भाषण की बड़ी बातें

- बिहार की नई डेफिनेशन क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया है, कहां से कहां पहुंच गए आप। पहले नालंदा में पूरी दुनिया से लोग आते थे, आज यहां से पूरी दुनिया में जाते हैं।
- देश का बजट 11 अफसरों ने बनाया। 90% वाले दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा वाले उनमें कोई नहीं है। वहीं मजदूरों में आपको सिर्फ ओबीसी, दलित, अति पिछड़ा मिलेंगे।
- प्राइवेट हॉस्पिटल के लिए सरकार जमीन देती है, लेकिन एक भी हॉस्पिटल के मालिक दलित है तो बता दीजिए।
- जातीय जनगणना के साथ अगर हमने बाकी डेटा जो सरकार के पास है, वो जोड़ दिया तो विकास का बिल्कुल नया आयाम सामने आएगा, और बिहार से इसकी शुरुआत होगी।
- ये आइडिया कहां से आया कि देश में सिर्फ 50 प्रतिशत आरक्षण हो सकता है। आपकी आबादी 90 फीसदी और दीवार बना रहे हैं कि 50 फीसदी आरक्षण हो सकता है।

# 60 लाख में नीट में डमी कैंडिडेट बना डॉक्टर

## एमबीबीएस के लिए जोधपुर एम्स में हो गया एडमिशन, दो डॉक्टरों समेत तीन गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर में नीट यूजी में डमी कैंडिडेट बैठाकर एग्जाम पास कराने के मामले में दो डॉक्टर और एक मेडिकल स्टूडेंट को गिरफ्तार किया है। एग्जाम पास कराने के लिए 60 लाख रुपए में सौदा किया था। मामला चौमूं थाना इलाके का है। डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया- फर्जीवाड़े की सूचना मिलने पर एफआईआर दर्ज कर, ष्टक्क (चौमूं) अशोक चौहान ने जांच शुरू की थी। पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए डॉक्टर सुभाष सैनी (33) निवासी जैतपुरा चौमूं, सचिन गोरा (22) पुत्र हरदेव गोरा और अजीत गोरा (30) पुत्र रामपाल गोरा निवासी लक्ष्मी विहार, कचौलिया चौमूं को अरेस्ट किया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com